कृष्णदास संस्कृत सीरीज २०२

मनुस्मृतिः

'मेधातिथि' भाष्य, 'सविमर्श' 'मणिप्रभा' हिन्दीटीकासहिता

हिन्दी टीकाकार
पण्डित श्री हरगोविन्द शास्त्री

शुभाशंसा लेखक
प्रो. श्रीनारायण मिश्र

सम्पादक
केशव किशोर कश्यप

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
२०२
*****

मनुस्मृतिः

'मेधातिथि' भाष्य, सविमर्श 'मणिप्रभा' हिन्दीटीकासहिता

प्रथमो भागः
(अध्यायः १-६)

हिन्दी टीकाकार
पण्डित श्री हरगोविन्द शास्त्री

सम्पादक
केशव किशोर कश्यप
संस्कृत-विभाग, कला-सङ्काय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

शुभाशंसालेखक
प्रो० श्रीनारायण मिश्र
पूर्व सङ्काय-प्रमुख
कला-सङ्काय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि०सं० २०६३, सन् २००७ ई०

ISBN : 81-218-0207-5 (प्रथम: भाग:)
81-218-0221-0 (सेट)

पुस्तक-प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बाक्स नं. ११६८
के. ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
निकट गोलघर (मैदागिन)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२)२३३५०२०

अपरञ्च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
(गोपाल मन्दिर के उत्तरी फाटक पर)
पोस्ट बाक्स नं. १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : २३३३४५८ (आफिस), २३३४०३२ एवं २३३५०२० (आवास)
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
Web-site : www.chowkhambaseries.com

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
202
*****

MANUSMṚTI

With 'Medhātithi' Sanskrit, & 'Maṇiprabhbā' Hindi Commentaries

Volume. I
(Chapters 1-6)

Hindi Commentary By
Pt. Sri Hargovind Shastri

Edited By
Keshav Kishor Kashyap
Department of Sanskrit
Faculty of Arts
Banaras Hindu University, Varanasi

Foreworded By
Prof. Srinarayan Mishra
Ex-Dean
Faculty of Arts
Banaras Hindu University, Varanasi

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

ISBN : 81-218-0207-5 (Vol. I)
81-218-0221-0 (Set)

Oriental Publishers & Distributors
Post Box No. 1118
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
Varanasi - 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

Can be had also from

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
P. Box 1008, Varanasi-221001 (INDIA)
Phone { Off. : 2333458,
Resi. . 2334032 & 2335020
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
Web-site : www.chowkhambaseries.com

प्रो० श्रीनारायण मिश्र
Prof. S. N. Mishra
पूर्व अध्यक्ष, कला-सङ्काय
Ex-Dean, Faculty of Arts
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
वाराणसी-२२१००५ (भारत)
Varanasi-221005 (INDIA)

आवास :
Residence:
एल. १३१, भोगावीर,
संकटमोचन, लंका,
वाराणसी-५ (भारत)
L. 131, Bhogaveer,
Sankamochan, Lanka,
Varanasi-221005 (INDIA)

दिनाङ्क- ०६-१०-२००६

शुभाशंसा

धर्मशास्त्र-ग्रन्थों में मनुस्मृति का स्थान निर्विवाद रूप से प्रथम है। इस मनुस्मृति के मेधातिथि भाष्य तथा मूल स्मृति के हिन्दी अनुवाद के साथ प्रस्तुत इस संस्करण को देखकर अत्यन्त आनन्द हुआ। मनुस्मृति की प्राचीन टीकाओं में मेधातिथि का भाष्य सर्वाधिक विस्तृत है। यद्यपि विद्वत्समाज में सर्वोत्तम टीका के रूप में कुल्लूक भट्ट की मन्वर्थमुक्तावली प्रसिद्ध है और कुल्लूक भट्ट ने 'साराऽसारवचः प्रपञ्चनविधौ मेधातिथेश्चातुरी' कहकर मेधातिथि की कटु आलोचना भी की है तथापि मनुस्मृति के आशय के साथ-साथ सम्बद्ध विषयान्तर के विशद विवेचन की दृष्टि से मेधातिथि-भाष्य की गरिमा का अपलाप करना सम्भव नहीं है। यत्र-तत्र मतभेद तो विद्वता के लक्षण हैं।

इस भाष्य तथा मनुस्मृति के राष्ट्रभाषानुवाद के साथ हमारी दृष्टि में यह प्रथम संस्करण है। बृहद् भूमिका और परिशिष्ट आदि से युक्त होने के कारण यह संस्करण बहुत उपयोगी है।

प्रकृत संस्करण को सम्पादित करने का कार्य मेरे सुयोग्य शिष्य श्री केशव किशोर कश्यप ने किया है, एतदर्थ हम श्री कश्यप को इस दुरूहतर

कार्य को सम्पन्न करने के लिये हार्दिक साधुवाद प्रदान करते हुए आशा करते हैं कि गुणग्राही विद्वज्जन इस संस्करण का समादर करेंगे, जिससे ये भविष्य में भी अन्यान्य उत्कृष्ट ग्रन्थों के प्रकाशन-सम्पादन में संलग्न रह कर भारतीय परम्परा की श्रीवृद्धि में अविच्छिन्न रूप से अपना योगदान करते रहें।

धन्यवाद !

— श्रीनारायण मिश्र

भूमिका

अखिल हेय प्रत्यनीक कल्याणैकतान स्वेतर समस्त वस्तु-विलक्षण भगवान् श्री श्रीमन्नारायण के सङ्कल्पमात्र से जगत्पिता ब्रह्मा की उत्पत्ति के पश्चात् भगवान् वेद का अवतार हुआ । ब्रह्मा जी ने ही प्रकृत स्थावर-जङ्गमात्मक जगत् की सृष्टि प्रारम्भ की, जिसके कारण वे जगत्पिता की उपाधि से विभूषित हुए । सृष्टिक्रम में ब्रह्मा ने चौरासी लाख योनियों से युक्त एक विशाल संसार का निर्माण किया । मान्यतानुसार इन्हीं योनियों में नित्य आत्मा कर्त्तव्याकर्त्तव्यरूप फलाफल के कारण भटकती रहती है, जिससे मुक्ति हेतु जन्म-जन्मान्तर तक कठोर तपस्या करने के उपरान्त सर्वोत्तम मानव योनि में प्रवेश कर अवाप्त पञ्चभूतात्मक शरीर के माध्यम से इस प्रपञ्चात्मक संसार से उसका विमुक्त होना सम्भव हो पाता है; परन्तु मानव शरीर प्राप्त कर संसार में आते ही सांसारिक चकाचौंध के वशीभूत होकर मनुष्य-शरीरधारी आत्मा अपने कर्त्तव्य से च्युत हो जाता है । जिस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु कठोर तप के द्वारा वह अमर आत्मा मानव शरीर अवाप्त करती है, वह उद्देश्य ही विस्मृत हो जाता है । परिणामत: जन्म से मृत्युपर्यन्त जीवात्मा को करुण-क्रन्दन करते हुए चौरासी लाख योनियों में पुन: भटकना पड़ता है । कर्म-चक्र के बन्धन में अनादि काल से भटकती जीवात्मा के दु:ख से द्रवित होकर उसके उद्धार हेतु ऋषियों ने धर्मरूप कर्त्तव्यपथ को पारिभाषित करने के लिए वेद को अभिव्यक्त किया; किन्तु यत: उन वेदों के द्वारा सामान्य जन का लाभान्वित हो पाना सर्वथा असम्भव था; अत: मानवी सृष्टिकर्त्ता अन्त:करुणाप्रवण भगवान् मनु ने अपने वंशजों के उद्धार हेतु वैदिक ज्ञान को सरल रीति से निरूपित करते हुये जीवात्मा के योग्य कर्त्तव्याकर्त्तव्य कर्म का स्मृति (धर्म-शास्त्र) के रूप में वर्णन किया । वैदिक ज्ञान (श्रुति) का ही स्मरण किये जाने के कारण ही ऋषि-प्रणीत धर्मशास्त्र 'स्मृति' अभिधान से अभिहित हुये; जैसाकि मनुस्मृति में कहा भी गया है—

श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः ।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ।। (म०स्मृ०-२.१०)

धर्म का स्वरूप

धारणार्थक 'धृ' धातु से निष्पन्न 'धर्म' शब्द का अर्थ धारण करना, पालन करना तथा आलम्बन करना होता है । धर्म की परिभाषा समय तथा परिस्थितियों के अनुसार बराबर परिवर्तित होती रहती है । कभी धर्म का व्यापक अर्थ तथा कभी रूढ़ अर्थ, कभी

संज्ञा के स्वरूप में तो कभी विशेषण के रूप में हमारे सामने उपस्थित होता है। महात्मा बुद्ध द्वारा प्रचलित बौद्ध धर्म रूढ़ होकर धर्मचक्र के रूप में आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। ऋग्वेद में १.२२.१८, ५.२६.६, ७.४३.२४ आदि स्थानों पर धर्म शब्द धार्मिक क्रिया-कलापों (संस्कारों) में प्रयुक्त हुआ है; किन्तु छान्दोग्य उपनिषदादि में धर्म शब्द का प्रयोग व्यापक सन्दर्भ में किया गया है। वहाँ पर इसका प्रयोग गृहस्थ, तापस तथा ब्रह्मचारी के धर्म-निर्देश करने हेतु किया गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में विशेषतया विद्यार्थियों के लिए आचार धर्म के पालन का सङ्केत मिलता है—'सत्यं वद धर्मं चर' (तै० १.११)। इसी प्रकार भगवती गीता भी कहती है—'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः' (३.३५)। साथ ही गीता में ही आगे अट्ठारहवें अध्याय में 'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज' आदि के द्वारा कथित धर्म शब्द का ही आनुपूर्वी रूप धर्मशास्त्रों में वर्णित दिखाई देता है। मनुस्मृति का तो प्रारम्भ ही 'धर्म' शब्द से किया गया है।

अब यहाँ प्रश्न यह उपस्थित होता है कि मानव अपने जीवन में कौन-सा कार्य धर्म समझकर करे तथा किस कार्य का अधर्म समझकर परित्याग कर दे? इसके उत्तर में मीमांसकों का कहना है कि 'वेदप्रतिपाद्यः प्रयोजनवदर्थो धर्मः' अर्थात् वेद-विहित प्रयोजन सापेक्ष अर्थकारी कार्य धर्म है। भगवान् मनु ने श्रुति-स्मृति द्वारा प्रतिपादित वचनों, सज्जनों द्वारा चरित आचार तथा मत्सररहित मन की प्रसन्नता को धर्म कहा है—

वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च॥ (मनु०-२.६)

धर्म-विवेचन के प्रसङ्ग में मनु द्वारा धर्म के चार लक्षण निर्देशित किये गये हैं—

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्॥ (मनु०-२.१२)

स्मृतियों का आवश्यकत्व

वेद समस्त ज्ञान-राशिस्वरूप हैं। तपःपूत महर्षियों ने मनुष्य को कर्त्तव्य का परिज्ञान कराने के लिए ही उन वेदों को अभिव्यक्त किया था, किन्तु वे सर्वसाधारण के लिए उपयोगी नहीं हो सके; क्योंकि वेदमन्त्रों के अभिप्राय गहन होते हैं, जिसे सामान्य ज्ञान द्वारा आत्मसात् नहीं किया जा सकता; साथ ही वेदवाक्यों की भाषा भी लौकिक वाक्यों से सर्वथा भिन्न होती है। दूसरा यह कि वेद में अधिसंख्य स्थानों पर सूत्ररूप में वर्णन प्राप्त होता है। ऐसी स्थिति में सामान्य लोगों के लिए वेदवाक्य अपेक्षा-नुरूप उपयोगी सिद्ध नहीं हो सके। इस स्थिति को त्रिकालद्रष्टा तपःपूत महर्षियों ने अपने तपोजन्य ज्ञान द्वारा अनुभव किया और वेद के अभिप्राय को सामान्य जनों के

लिए उपयोगी बनाने का निश्चय किया। उसी निश्चय का प्रतिफल स्मृति (धर्मशास्त्र) है। वस्तुतः वेद के भावों को स्पष्ट रूप से पारिभाषित करने वाले शास्त्र को ही धर्मशास्त्र या स्मृति नाम से अभिहित किया गया है। स्पष्ट है कि वेदज्ञान-विरहित प्राणी स्मृति-प्रतिपादित तथ्यों का अनुगमन कर निःश्रेयस की प्राप्ति कर सकता है—

श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन्ति मानवः।
इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥ (मनु०-२.९)

श्रुति-स्मृति का ऐक्य

'उदिते जुहोति, अनुदिते जुहोति, एक एव रुद्रो न द्वितीयोऽवतस्थे, सहस्राणि सहस्रशो ये रुद्रा अधिभूम्याम्' आदि स्थानों पर श्रुतिद्वय-प्रतिपादित परस्पर विरुद्ध वाक्य उपलब्ध होने की स्थिति में किसे प्रमाण माना जाय? इसका निराकरण करते हुए मनु ने विकल्पस्वरूप दोनों वाक्यों को धर्म में प्रमाण माना है—

श्रुतिद्वैधं तु यत्र स्यात्तत्र धर्मावुभौ स्मृतौ।
उभावपि हि तौ धर्मौ सम्यगुक्तौ मनीषिभिः ॥ (मनु०-२.१४)

यद्यपि किन्हीं कारणों से स्मृतिग्रन्थों में उपलब्ध कतिपय तत्त्व वर्त्तमान वेद में अनुपलब्ध हैं, तथापि उन तत्त्वों के वैदिक ज्ञान पर ही आधारित होने का अनुमान किया जाता है। श्री कुल्लूकभट्ट ने अपनी व्याख्या में प्रमाणस्वरूप जाबालस्मृति तथा भविष्यपुराण का उद्धरण दिया है—

श्रुतिस्मृतिविरोधे तु श्रुतिरेव गरीयसी।
अविरोधे सदा कार्यं स्मार्तं वैदिकवत्सता ॥ (जाबालस्मृति)

श्रुत्या सह विरोधे तु बाध्यते विषयं विना। (भ०पु०)

वेद में अद्यतन अनुपलब्ध तत्त्वों के स्मृति-प्रतिपादित होने के कारण उन स्मार्त्त-तत्त्वों के मूलभूत वैदिक विधि का जिस प्रकार अनुमान किया जाता है, उसी प्रकार वर्तमान स्मार्तसिद्धान्तों के दृष्टिगोचर होने पर ऐसा अनुमान करना चाहिये कि इनका मूल भी वेद में अवश्य रहा होगा।

यद्यपि धर्मशासक ऋषियों द्वारा प्रणीत समस्त धर्मशास्त्रों में प्रतिपाद्य विषय के रूप में धर्म का ही व्याख्यान उपलब्ध होता है, तथापि मतान्तर का अभाव उपलब्ध नहीं होता। मानवी पिता मनु ने भी प्रकृत ग्रन्थ में धर्म के सभी उपादानों का विशद निर्देश किया है।

प्रकृत ग्रन्थ के प्रारम्भ में महर्षि मनु से उपस्थित अन्यान्य मुनिगण सभी वर्णों तथा सभी जातियों के लिए कर्त्तव्यपथ का प्रदर्शक धर्म का व्याख्यान करने का

आग्रह करते हुये कहते हैं—

भगवन् सर्वधर्माणां यथावदनुपूर्वशः ।
अन्तरप्रभवाणां च धर्मान्नो वक्तुमर्हसि ॥ (मनु०-१.२)

अर्थात् हे भगवन् ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र के साथ-साथ अम्बष्ठादि अनुलोमज, सूत आदि प्रतिलोमज तथा भूर्जकण्टक आदि संकीर्ण जातियों के लिए यथोचित धर्मों का निर्देश दें।

एषा धर्मस्य वो योनिः समासेन प्रकीर्तिता ।
सम्भवश्चास्य सर्वस्य वर्णधर्मान्निबोधत ॥ (मनु०-२.२५)

उपर्युक्त मनुप्रोक्त श्लोक की व्याख्या करते हुये मनुस्मृति के प्रसिद्ध व्याख्याकार आचार्य मेधातिथि ने धर्म के पाँच प्रकार स्वीकार किये हैं—वर्णधर्म, आश्रमधर्म, वर्णाश्रमधर्म, नैमित्तिकधर्म (प्रायश्चित्त) तथा गुणधर्म । जैसा कि मेधातिथिभाष्य में कहा गया है—

इह पञ्चप्रकारो धर्म इति स्मृतिविवरणकाराः प्रपञ्चयन्ति—वर्णधर्म आश्रमधर्मो वर्णाश्रमधर्मो नैमित्तिको धर्मो गुणधर्मश्चेति । तत्र यो जातिमात्रमपेक्ष्य प्रवृत्तो न वयो-विभागाश्रमादिकमाश्रयति स 'वर्णधर्मः' । यथा 'ब्राह्मणो न हन्तव्यः', 'ब्राह्मणेन सुरा न पेयेति' जातिमात्रस्याऽऽन्त्यादुच्छ्वासादेष धर्मः । 'आश्रमधर्मो' यत्र जातिर्नापेक्ष्यते केवला यदाश्रमप्रतिपत्तिराश्रीयते । यथा ब्रह्मचारिणोऽग्नीन्धनभिक्षाचरणे । 'वर्णाश्रमधर्म' उभयापेक्षः । यथा मौर्वी ज्या क्षत्रियस्येत्यादिः । नाश्रमान्तरे न च जात्यन्तरस्य धारणमस्या उदाहरणम् । प्रथमोपादानन्तूपनयनधर्मो नाश्रमधर्मः । उपनयनं चाऽऽश्रमार्थं नाश्रमधर्मः । 'नैमित्तिको' द्रव्यशुद्ध्यादिः । गुणमाश्रितो 'गुणधर्मः' । 'षड्भिः परिहार्यश्चे'त्यादिः । बाहुश्रुत्येन गुणेनैते धर्माः । एवमभिषिक्तस्य क्षत्रियस्य ये धर्माः ।

इसी प्रकार आचार्य मनु के परवर्ती याज्ञवल्क्यस्मृति के व्याख्याकार विज्ञानेश्वर ने अपनी मिताक्षरा व्याख्या में वर्णधर्म, आश्रमधर्म, वर्णाश्रमधर्म, गुणधर्म, निमित्तधर्म तथा साधारणधर्मरूप षड्विध धर्मों का उल्लेख करते हुए कहा है—

'यत्र च धर्मशब्दः षड्विधस्मार्तधर्मविषयः । तद्यथा—वर्णधर्मः, आश्रमधर्मः, वर्णाश्रमधर्मः, गुणधर्मः, निमित्तधर्मः, साधारणधर्मश्चेति' । तत्र वर्णधर्मो ब्राह्मणो नित्यं मद्यं वर्जयेदित्यादिः। आश्रमधर्मोऽग्नीन्धनभैक्षचर्यादिः । वर्णाश्रमधर्मः पालाशो दण्डो ब्राह्मण-स्येत्येवमादिः । गुणधर्मः शास्त्रीयाभिषेकादिगुणयुक्तस्य राज्ञः प्रजापालनादिः । निमित्तधर्मो विहिताकरणप्रतिषिद्धसेवननिमित्तं प्रायश्चित्तम् । साधारणधर्मोऽहिंसादिः ।

इसी प्रकार मन्वर्थमुक्तावली में श्रीकुल्लूकभट्ट ने वर्णधर्म की व्याख्या करते हुए भविष्यपुराण का उदाहरण दिया है—

'इदानीं वर्णधर्माञ्छृणुत। वर्णधर्मशब्दश्च वर्णधर्माश्रमधर्मवर्णाश्रमधर्मगुणधर्मनैमित्तिकस्तथाधर्माणामुपलक्षक: । ते च भविष्यपुराणोक्ता:—

वर्णधर्म: स्मृतस्त्वेक आश्रमाणामत: परम् ।
वर्णाश्रमस्तृतीयस्तु गौणौ नैमित्तकस्तथा ।।

वर्णत्वमेकमाश्रित्य यो धर्म: सम्प्रवर्तते ।
वर्णधर्म: स उक्तस्तु यथोपनयनं नृप ।।

यस्त्वाश्रमं समाश्रित्य अधिकार: प्रवर्त्तते ।
स खल्वाश्रमधर्मस्तु भिक्षादण्डादिको यथा ।।

वर्णत्वमाश्रमत्वं च योऽधिकृत्य प्रवर्तते ।
स वर्णाश्रमधर्मस्तु मौञ्जीया मेखला यथा ।।

यो गुणेन प्रवर्तेत गुणधर्म: स उच्यते ।
यथा मूर्धाभिषिक्तस्य प्रजानां परिपालनम् ।।

निमित्तमेकमाश्रित्य यो धर्म: संप्रवर्त्तते ।
नैमित्तक: स विज्ञेय: प्रायश्चित्तविधिर्यथा ।।

विज्ञानेश्वर ने मेधातिथि के पाँच उपादानों के अतिरिक्त छठे उपादान के रूप में सांधारण धर्म को भी स्वीकार किया है । मेधातिथि की व्याख्या तथा विज्ञानेश्वर की व्याख्या में एक मौलिक अन्तर यह है कि जहाँ मेधातिथि व्यास शैली का अवलम्बन करते हैं, वहीं विंज्ञानेश्वर संक्षिप्त किन्तु स्पष्ट रूप से अपनी बात व्यक्त कर देते हैं ।

भगवान् मनु ने चारों वर्णों के लिए धर्म का निर्धारण मनुस्मृति के प्रथम अध्याय में किया है। सर्वप्रथम मनु द्वारा कल्पित ब्राह्मणादि वर्णों का स्वरूप क्रमश: इस प्रकार है—

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानम्प्रतिग्रहञ्चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ।।

प्रजानां रक्षणन्दानमिज्याध्ययनमेव च ।
विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियाणां समासत: ।।

पशूनां रक्षणन्दानमिज्याध्ययनमेव च ।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च ।।

एकमेव तु शूद्रस्य प्रभु: कर्म समादिशत् ।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनसूयया ।। (मनु०-१.८८-९१)

वर्णानुसारी धर्म का निर्देश भगवद्गीता तथा श्रीमद्भागवत दोनों ही ग्रन्थों में उपलब्ध

आग्रह करते हुये कहते हैं—

भगवन् सर्वधर्माणां यथावदनुपूर्वशः।
अन्तरप्रभवाणां च धर्मान्नो वक्तुमर्हसि ॥ (मनु०-१.२)

अर्थात् हे भगवन्! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र के साथ-साथ अम्बष्ठादि अनुलोमज, सूत आदि प्रतिलोमज तथा भूर्जकण्टक आदि संकीर्ण जातियों के लिए यथोचित धर्मों का निर्देश दें।

एषा धर्मस्य वो योनिः समासेन प्रकीर्तिता।
सम्भवश्चास्य सर्वस्य वर्णधर्मान्निबोधत ॥ (मनु०-२.२५)

उपर्युक्त मनुप्रोक्त श्लोक की व्याख्या करते हुये मनुस्मृति के प्रसिद्ध व्याख्याकार आचार्य मेधातिथि ने धर्म के पाँच प्रकार स्वीकार किये हैं—वर्णधर्म, आश्रमधर्म, वर्णाश्रमधर्म, नैमित्तिकधर्म (प्रायश्चित्त) तथा गुणधर्म। जैसा कि मेधातिथिभाष्य में कहा गया है—

इह पञ्चप्रकारो धर्म इति स्मृतिविवरणकाराः प्रपञ्चयन्ति—वर्णधर्म आश्रमधर्मो वर्णाश्रमधर्मो नैमित्तिको धर्मो गुणधर्मश्चेति। तत्र यो जातिमात्रमपेक्ष्य प्रवृत्तो न वयो-विभागाश्रमादिकमाश्रयति स 'वर्णधर्मः'। यथा 'ब्राह्मणो न हन्तव्यः', 'ब्राह्मणेन सुरा न पेयेति' जातिमात्रस्याऽऽन्त्यादुच्छ्वासादेष धर्मः। 'आश्रमधर्मो' यत्र जातिर्नापेक्ष्यते केवला यदाश्रमप्रतिपत्तिराश्रीयते। यथा ब्रह्मचारिणोऽग्नीन्धनभिक्षाचरणे। 'वर्णाश्रमधर्म' उभयापेक्षः। यथा मौर्वी ज्या क्षत्रियस्येत्यादिः। नाश्रमान्तरे न च जात्यन्तरस्य धारणमस्या उदाहरणम्। प्रथमोपादानन्तूपनयनधर्मो नाश्रमधर्मः। उपनयनं चाऽऽश्रमार्थं नाश्रमधर्मः। 'नैमित्तिको' द्रव्यशुद्ध्यादिः। गुणमाश्रितो 'गुणधर्मः'। 'षड्भिः परिहार्यश्चे'त्यादिः। बाहुश्रुत्येन गुणेनैते धर्माः। एवमभिषिक्तस्य क्षत्रियस्य ये धर्माः।

इसी प्रकार आचार्य मनु के परवर्ती याज्ञवल्क्यस्मृति के व्याख्याकार विज्ञानेश्वर ने अपनी मिताक्षरा व्याख्या में वर्णधर्म, आश्रमधर्म, वर्णाश्रमधर्म, गुणधर्म, निमित्तधर्म तथा साधारणधर्मरूप षड्विध धर्मों का उल्लेख करते हुए कहा है—

'यत्र च धर्मशब्दः षड्विधस्मार्तधर्मविषयः। तद्यथा—वर्णधर्मः, आश्रमधर्मः, वर्णाश्रमधर्मः, गुणधर्मः, निमित्तधर्मः, साधारणधर्मश्चेति'। तत्र वर्णधर्मो ब्राह्मणो नित्यं मद्यं वर्जयेदित्यादिः। आश्रमधर्मोऽग्नीन्धनभैक्षचर्यादिः। वर्णाश्रमधर्मः पालाशो दण्डो ब्राह्मण-स्येत्येवमादिः। गुणधर्मः शास्त्रीयाभिषेकादिगुणयुक्तस्य राज्ञः प्रजापालनादिः। निमित्तधर्मो विहिताकरणप्रतिषिद्धसेवननिमित्तं प्रायश्चित्तम्। साधारणधर्मोऽहिंसादिः।

इसी प्रकार मन्वर्थमुक्तावली में श्रीकुल्लूकभट्ट ने वर्णधर्म की व्याख्या करते हुए भविष्यपुराण का उदाहरण दिया है—

'इदानीं वर्णधर्माञ्छृणुत। वर्णधर्मशब्दश्च वर्णधर्माश्रमधर्मवर्णाश्रमधर्मगुणधर्म-नैमित्तिकस्तथाधर्माणामुपलक्षक: । ते च भविष्यपुराणोक्ता:—

वर्णधर्म: स्मृतस्त्वेक आश्रमाणामत: परम् ।
वर्णाश्रमस्तृतीयस्तु गौणौ नैमित्तकस्तथा ।।

वर्णत्वमेकमाश्रित्य यो धर्म: सम्प्रवर्तते ।
वर्णधर्म: स उक्तस्तु यथोपनयनं नृप ।।

यस्त्वाश्रमं समाश्रित्य अधिकार: प्रवर्त्तते ।
स खल्वाश्रमधर्मस्तु भिक्षादण्डादिको यथा ।।

वर्णत्वमाश्रमत्वं च योऽधिकृत्य प्रवर्तते ।
स वर्णाश्रमधर्मस्तु मौञ्जीया मेखला यथा ।।

यो गुणेन प्रवर्तेत गुणधर्म: स उच्यते ।
यथा मूर्धाभिषिक्तस्य प्रजानां परिपालनम् ।।

निमित्तमेकमाश्रित्य यो धर्म: संप्रवर्त्तते ।
नैमित्तक: स विज्ञेय: प्रायश्चित्तविधिर्यथा ।।

विज्ञानेश्वर ने मेधातिथि के पाँच उपादानों के अतिरिक्त छठे उपादान के रूप में सांधारण धर्म को भी स्वीकार किया है । मेधातिथि की व्याख्या तथा विज्ञानेश्वर की व्याख्या में एक मौलिक अन्तर यह है कि जहाँ मेधातिथि व्यास शैली का अवलम्बन करते हैं, वहीं विंज्ञानेश्वर संक्षिप्त किन्तु स्पष्ट रूप से अपनी बात व्यक्त कर देते हैं ।

भगवान् मनु ने चारों वर्णों के लिए धर्म का निर्धारण मनुस्मृति के प्रथम अध्याय में किया है। सर्वप्रथम मनु द्वारा कल्पित ब्राह्मणादि वर्णों का स्वरूप क्रमश: इस प्रकार है—

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानम्प्रतिग्रहश्चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ।।

प्रजानां रक्षणन्दानमिज्याध्ययनमेव च ।
विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियाणां समासत: ।।

पशूनां रक्षणन्दानमिज्याध्ययनमेव च ।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च ।।

एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत् ।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनसूयया ।। (मनु०-१.८८-९१)

वर्णानुसारी धर्म का निर्देश भगवद्गीता तथा श्रीमद्भागवत दोनों ही प्रन्थों में उपलब्ध

होता है । गीता में तो स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ब्राह्मणादि के धर्मों का विवेचन करते हुये कहते हैं कि—

शमो दमः तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च ।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥—गीता- १८.४२

गीतोक्त क्षात्रधर्म—

शौर्यं तेजो धृतिः दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम् ।
दानमीश्वर-भावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम् ॥—गीता- १८.४३

गीतोक्त वैश्यधर्म—

कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम् ।—गीता- ८.४४पू.

गीतोक्त शूद्रधर्म—

परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥—गीता-८.४४ उ.

एवमेव श्रीमद्भागवत में भी वर्णधर्म का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है—

श्रीमद्भागवत में वर्णित ब्राह्मणधर्म—

शमो दमः तपः शौचं सन्तोषः क्षान्तिरार्जवम् ।
ज्ञानं दयाऽच्युतात्मत्वं सत्यञ्च ब्रह्मलक्षणम् ॥

(श्रीमद्भा० ७/११/२१)

श्रीमद्भागवत में वर्णित क्षत्रियधर्म—

शौर्यं वीर्यं धृतिस्तेजः त्यागश्चात्मजयः क्षमा ।
ब्रह्मण्यता प्रसादश्च सत्यञ्च क्षत्रलक्षणम् ॥

(श्रीमद्भा० ७/११/२२)

श्रीमद्भागवत में वर्णित वैश्यधर्म—

देवगुर्वच्युते भक्तिस्त्रिवर्गपरिपोषणम् ।
आस्तिक्यमुद्यमो नित्यं नैपुण्यं वैश्यलक्षणम् ॥

(श्रीमद्भा० ७/११/२३)

शूद्रधर्म— शूद्रस्य सन्नतिः शौचं सेवा स्वामिन्यमायया ।
अमन्त्रयज्ञो ह्यस्तेयं सत्यं गोविप्ररक्षणम् ॥

(श्रीमद्भा० ७/११/२४)

इन चारों वर्णों के धर्मों के विवेचन के पूर्व कृष्णद्वैपायन व्यास ने वर्णसङ्कर धर्म का भी संक्षिप्त रूप में सङ्केत दिया है—

वृत्तिः सङ्करजातीनां तत्तत्कुलकृता भवेत् ।
अचौराणामपापानामन्त्यजान्त्यावसाथिनाम् ॥

(श्रीमद्भा० ७/११/१७)

याज्ञवल्क्यस्मृति में भी वर्णाश्रमधर्म का निर्देश प्राप्त होता है—

इज्याऽध्ययनदानानि वैश्यस्य क्षत्रियस्य च ।
प्रतिग्रहोऽधिको विप्रे याजनाध्यापने तथा ॥

प्रधानं क्षत्रिये कर्म प्रजानाम्परिपालनम् ।
कुसीद-कृषि-बाणिज्य-पाशुपाल्यं विशः स्मृतम् ॥
शूद्रस्य द्विजशुश्रूषा तयाऽजीवन् वणिग्भवेत् ।
शिल्पैर्वा विविधैर्जीवेद् द्विजातिहितमाचरन् ॥ (१.११८-२०)

आश्रमधर्म—आश्रम धर्म के अन्तर्गत चारों आश्रमों (ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ तथा संन्यास) से सम्बन्धित है। इसमें द्विजमात्र (ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य) के जीवन-अवधि को चार भागों में विभक्त किया गया है और प्रथम भाग को ब्रह्मचर्यावस्था अर्थात् वेदाध्ययन कार्य के निमित्त रखा गया है। मनु ने तीसरे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा है—

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम् ।
तदर्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव वा ॥ (मनु०-३.१)

अर्थात् प्रत्येक वेद के लिए १२ वर्ष १२ × ३ = ३६ वर्ष। अथवा प्रत्येक वेद के लिए ६ वर्ष ३ × ३ = १८ वर्ष अथवा प्रत्येक के लिए ३ वर्ष ३ × ३ = ९ वर्ष की अवधि वेदाध्ययन के लिए अपेक्षित है। एतदर्थ वेदाध्यायी को उपर्युक्त काल तक ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना चाहिए। पुनः विकल्प प्रदान करते हुए उक्त काल-सीमा समाप्त कर वेदाध्ययनपर्यन्त ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करने का निर्देश देते हैं। उपर्युक्त विकल्प से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी प्राणी की जीवन-अवधि का निश्चयात्मक ज्ञान असम्भव होने के कारण विकल्प का आश्रयण किया गया है।

गार्हस्थ्य आश्रम—जीवन के द्वितीय सोपान का नाम गार्हस्थ्य आश्रम कहा गया है; इसका मुख्य धर्म पञ्चमहायज्ञ है—

वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्म यथाविधि ।
पञ्चयज्ञविधानं च पक्तिं चान्वाहिकीं गृही ॥ (मनु०-३.५७)

मनु ने सभी आश्रमों में श्रेष्ठ गृहस्थाश्रम को कहा है। उनका कथन है कि जिस प्रकार वायु का आश्रयण कर सभी जीव जीवन धारण करते हैं, उसी प्रकार गार्हस्थ्य

आश्रम का आश्रयण सभी आश्रमियों को करना पड़ता है। अतएव सभी आश्रमों में यह श्रेष्ठ है; जैसा कि कहा भी है—

यथा वायुं समाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्वजन्तवः।
तथा गृहस्थमाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्व आश्रमाः ॥ (मनु०-३.७७)

यस्मात्त्रयोऽप्याश्रमिणो ज्ञानेनान्नेन चान्वहम्।
गृहस्थेनैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठाश्रमी गृही ॥ (मनु०-३.७८)

वानप्रस्थ तथा संन्यास—ब्रह्मचर्यावस्था में वेदाध्ययन के अनन्तर गार्हस्थ्य आश्रम में ऐश्वर्यादि भोगरूप उत्पन्न रागादि को तपश्चर्या द्वारा क्षय करना ही अभिप्रेत है, जिससे संन्यास ग्रहण का मार्ग प्रशस्त हो सके। कामना के शेष रहते मनुष्य संन्यास ग्रहण नहीं कर सकता। अतः वानप्रस्थ में तपश्चर्यादि के द्वारा उसे शमित कर संन्यास ग्रहण का निर्देश मनु ने किया है—

वनेषु च विहृत्यैवं तृतीयं भागमायुषः।
चतुर्थमायुषो भागं त्यक्त्वा सङ्गं परिव्रजेत् ॥ (मनु०- ६.३३)

वर्णाश्रमधर्म—वर्णाश्रमधर्म के अन्तर्गत ब्राह्मण ब्रह्मचारी को पलाश या बेल का, क्षत्रिय ब्रह्मचारी को वट या खैर का तथा वैश्यकुल में उत्पन्न ब्रह्मचारी को पीलु अथवा गूलर का दण्ड धारण करना चाहिए। यथा—

ब्राह्मणो बैल्वपालाशौ क्षत्रियो वाटखादिरौ।
पैलवौदुम्बरौ वैश्यो दण्डानर्हन्ति धर्मतः ॥ (मनु०-२/४५)

गुणधर्म—मनुस्मृति के प्रसिद्ध व्याख्याकार मेधातिथि, कुल्लूकभट्ट एवं याज्ञवल्क्य-स्मृति के विज्ञानेश्वर ने शास्त्रविधि से अभिषिक्त राजा के प्रजापालनादि कर्त्तव्य को गुणधर्म माना है।

निमित्तधर्म—इसका अभिप्राय प्रायश्चित्त से है। प्रायश्चित्त का विधान कार्य-(अपराध)-विशेष पर निर्भर करता है।

साधारण धर्म—साधारण धर्म को यद्यपि मेधातिथि ने अपने भाष्य में परि-गणित नहीं किया है फिर भी व्यावहारिक तौर पर मनु ने धर्म के निम्न दश लक्षण बताये हैं—

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥ (मनु०- ६.९२)

अर्थात् धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियों को वश में करना, ज्ञान, विद्या, सत्य, अक्रोध यह जो दस प्रकार के धर्म के लक्षण हैं, वे ही सामान्य धर्म के अन्तर्गत आते हैं।

धर्मविषयक लक्षण में मनु और याज्ञवल्क्य में कहीं साम्य तो कहीं वैषम्य की स्थिति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। वेदाध्ययन के क्रम में मनु ने चार विकल्प प्रस्तुत किया है—३६, १८, ९ वर्ष अथवा अध्ययन पर्यन्त, वहीं याज्ञवल्क्य ने तीन विकल्प दिया है—१२, ५ अथवा वेदाध्ययन पर्यन्त। उसी प्रकार संन्यास ग्रहण में मनु ब्राह्मण को ही अधिकारी मानते हैं, जबकि कुछ परवर्ती स्मृतिकार द्विजमात्र को। याज्ञवल्क्य के मिताक्षराकार दूसरे मत को ही उत्तम मानते हैं— ऐसा अनुभव उनकी व्याख्या से परिलक्षित होता है।

मनु एवं मनुस्मृति

मनुस्मृति की रचना कब हुई? उसके रचयिता कौन हैं? इस प्रश्न पर विद्वानों द्वारा काफी तर्क-वितर्क उपस्थित किया गया। इसमें दो पक्ष हैं—

प्रथम पक्ष—आधुनिक इतिहासकार अपने अनुसन्धान के क्रम में मनु का काल ई०पू० २०० से ई०उ० १०० वर्ष का मानते हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार श्री पी०वी० काणे ने अपने धर्मशास्त्र के इतिहास में स्पष्ट रूप से इसका उल्लेख किया है। काणे साहब ने मनु के सम्बन्ध में ऋग्वेद से लेकर वर्तमान स्मृति के प्रमुख शास्त्रों में जो मनु की चर्चा हुई है, उसका विवरण प्रस्तुत किया है। यथा—

महर्षि मनु

ऋग्वेद में मनु को मानव-जाति का पिता कहा गया है (ऋ० १.८०.१६; १.११४.२; १.३३.१३)। एक वैदिक कवि ने स्तुति की है ताकि वह मनु के मार्ग से च्युत न हो जाय। एक कवि ने कहा है कि मनु ने ही सर्वप्रथम यज्ञ किया (ऋ० १०.६७.७)। तैत्तिरीय संहिता एवं ताण्ड्य-महाब्राह्मण में आया है कि मनु ने जो कुछ कहा है, औषध है ("यद्वै किं च मनुरवदत्तद् भेषजम्", तै०सं० २.२.१०.२; "मनुर्वै यत्किञ्चावदत्तद् भेषजं भेषजतायै",—ताण्ड्य० २३.१६.१७)। प्रथम में "मानव्यो हि प्रजा:" कहा गया है। तैत्तिरीयसंहिता तथा ऐतरेयब्राह्मण में मनु के विषय में एक गाथा है, जिसमें उन्होंने अपनी सम्पत्ति को अपने पुत्रों में बाँटा है और अपने पुत्र नाभानेदिष्ठ को कुछ नहीं दिया है। शतपथब्राह्मण में मनु और प्रलय की कहानी है। निरुक्त में भी मनु स्वायंभुव के मत की चर्चा हुई है। अत: यास्क के पूर्व पद्यबद्ध स्मृतियाँ थीं और मनु एक व्यवहार-प्रणेता थे। गौतम, वसिष्ठ, आपस्तम्ब ने मनु का उल्लेख किया है। महाभारत में मनु को कभी केवल मनु, कभी स्वायंभुव मनु (शान्ति, २१.१२) और कभी प्राचेतस मनु (शान्ति, ५७.४३) कहा गया है। शान्तिपर्व (३३६.३८-४६) में आया है कि किस प्रकार भगवान् ब्रह्मा ने एक सौ सहस्र श्लोकों में धर्म पर लिखा, किस प्रकार मनु ने उन धर्मों को उद्घोषित किया और किस प्रकार उशना तथा बृहस्पति ने मनु

स्वायंभुव के ग्रन्थ के आधार पर शास्त्रों का प्रणयन किया। महाभारत में एक स्थान पर विवरण कुछ भिन्न है और वहाँ मनु का नाम नहीं आया है। शान्तिपर्व (५८.८०.८५) में बताया है कि किस प्रकार ब्रह्मा ने धर्म, अर्थ एवं काम पर एक लाख अध्याय लिखे और वह महाग्रन्थ कालान्तर में विशालाक्ष, इन्द्र, बाहुदन्तक, बृहस्पति एवं काव्य (उशना) द्वारा क्रम से १०,०००, ५,०००, ३,००० एवं १,००० अध्यायों में संक्षिप्त किया गया। नारद-स्मृति में आया है कि मनु ने १,००,००० श्लोकों, १०८० अध्यायों एवं २४ प्रकरणों में एक धर्मशास्त्र लिखा और उसे नारद को पढ़ाया, जिसने उसे १२,००० श्लोकों में संक्षिप्त किया और मार्कण्डेय को पढ़ाया। मार्कण्डेय ने भी इसे ८,००० श्लोकों में संक्षिप्त कर सुमति भार्गव को दिया, जिन्होंने स्वयं उसे ४,००० श्लोकों में संक्षिप्त किया। वर्त्तमान मनुस्मृति में आया है (१.३२.३३) कि बह्मा से विराट् की उद्भूति हुई, उन्होंने मनु को उत्पन्न किया, जिनसे भृगु, नारद आदि ऋषि उत्पन्न हुए; ब्रह्मा ने मनु को शास्त्राध्ययन कराया, मनु ने दस ऋषियों (१.५८) को वह ज्ञान दिया; कुछ बड़े ऋषि मनु के यहाँ गये और वर्णों एवं मध्यम जातियों के धर्मों (कर्त्तव्यों) को पढ़ाने के लिए उनसे प्रार्थना की और मनु ने कहा कि यह कार्य उनके शिष्य भृगु करेंगे (१.५९.६०)। मनुस्मृति में यह पढ़ाने की बात आरम्भ से अन्त तक है और स्थान-स्थान पर ऋषि लोग भृगु के व्याख्यान को रोककर उनसे कठिन बातें समझ लेते हैं (५.१-२; १२.१-२)। मनु सर्वत्र विराजमान हैं; उनका नाम 'मनुराह' (९.१५८, १०.७८ आदि) या 'मनुरब्रवीत्' या 'मनोरनुशासनम्' (८.१३९, २७९; ९.२३९ आदि) के रूप में दर्जनों बार आया है। भविष्यपुराण के अनुसार, जैसा कि हमें हेमाद्रि, संस्कारमयूख तथा अन्य ग्रन्थों से पता चलता है, स्वायंभुव-शास्त्र के चार संस्करण थे, जो भृगु, नारद, बृहस्पति एवं अंगिरा द्वारा प्रणीत थे। अतिप्राचीन लेखक विश्वरूप ने मनुस्मृति के उद्धरण दिये हैं और वहाँ मनु स्वयंभू कहे गये हैं।

आधुनिक इतिहासकारों के अनुसार ऋग्वेद के मनु से वर्तमान मनुस्मृति का कोई सम्बन्ध नहीं है। वे लोग मानवधर्मसूत्र तथा मनुस्मृति में भी परस्पर सम्बन्ध का अभाव मानते हैं। इसी तरह महाभारत में धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजशास्त्र के ज्ञाता मनु का भी वर्तमान मनुस्मृति से कोई सम्बन्ध नहीं है। मनुस्मृति की अतिप्रसिद्ध प्राचीन टीका मेधातिथि की उपलब्ध होती है, जिसका समय ८२५-९०० ई० माना गया है। श्रीकुल्लूकभट्ट ने मनुस्मृति पर मन्वर्थमुक्तावली नामक टीका का प्रणयन किया है, जिसका समय बारहवीं शताब्दी है। इसी तरह कुमारिलभट्ट, शूद्रक, शबरस्वामी आदि के ग्रन्थों में भी वर्तमान मनुस्मृति के वाक्यों का उद्धरण प्राप्त होता है, जिसके आधार पर मनुस्मृति का उपर्युक्त काल ही विद्वानों ने निश्चय किया है। अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि इसके रचयिता कौन हैं? यदि मनु इसके रचयिता नहीं हैं तो रचयिता के

रूप में मनु का नाम क्यों लिया गया है? आदि।

दूसरा पक्ष—परम्परावादी भारतीय विद्वानों के अनुसार मनुस्मृति की प्रामाणिकता वेद के सदृश है। परम्परानुसार १४ मनु माने गये हैं—

स्वायंभुव, २. स्वारोचिष, ३. औत्तमि, ४. तापसि, ५. रैवत, ६. चाक्षुष, ७. वैवस्वत, ८. सावर्णि, ९. दक्षसावर्णि, १०. ब्रह्मसावर्णि, ११. धर्मसावर्णि, १२. रुद्रसावर्णि, १३. रौच्यदेवसावर्णि तथा १४ इन्द्रसावर्णि।

वर्तमान मन्वन्तर में प्रजापति वैवस्वत मनु हैं, जो क्रमसंख्या में सातवें हैं; जिनका हम नित्यकर्म के अनुष्ठानक्रम में सङ्कल्परूप में आज भी प्रयोग करते हैं—'वैवस्वतमन्वन्तरे कलियुगे प्रथमचरणे०'। आलोच्य मनु मानवी सृष्टि के मूल पुरुष के रूप में विख्यात हैं। मनु से मनुष्य की उत्पत्ति हुई है। ये दिव्य पुरुष माने जाते हैं। प्रथम मनु को स्वायंभुव अर्थात् स्वतः उत्पन्न होना बतलाया गया है। वेद में वैवस्वत, स्वायंभुव और सावर्णि नाम बतलाये गये हैं। वेदोक्त यही बात इन्हें दिव्य पुरुष सिद्ध करती है। विवस्वत् की पत्नी सवर्णा थी, जिसके कारण इनका नाम सावर्णि पड़ा। सृष्टि के मूल पुरुष होने के कारण इन्हें प्रजापति की संज्ञा प्राप्त हुई है। विवस्वत् सूर्य का नाम है। अतः मनु वैवस्वत कहलाये। श्राद्ध एवं अन्य कर्म मनु ने आरम्भ किया। दस ऋषियों की उत्पत्ति मनु से हुई, जिसका उल्लेख मनुस्मृति में निम्नवत् प्राप्त होता है—

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।
पतीन्प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश॥ (मनु०-१.३४)

मनु को अमरत्व प्राप्त है, प्रलयकाल में भी उनकी मृत्यु नहीं होती। वे प्रलयकालीन एकमात्र द्रष्टा के रूप में विराजमान रहते हैं। जलप्रलय के समय मत्स्यावतार के रूप में विष्णु भगवान् ने इनकी रक्षा की थी, जिसकी चर्चा शतपथब्राह्मण में हुई है। इसी कथा को आधार बनाकर हिन्दी के स्वनामधन्य कवि जयशङ्कर प्रसाद ने 'कामायनी' नामक महाकाव्य की रचना की है। अयोध्या पर शासन करने वाले सूर्यवंशी राजाओं के कुल के प्रवर्त्तकरूप में भी मनु को ही स्वीकार किया जाता है।

आधुनिक अन्वेषकों और परम्परावादी विद्वानों में मौलिक अन्तर स्पष्ट दिखाई देता है। एक तरफ आधुनिक इतिहासकार लिखित साक्ष्यों को ही प्रमाण मानकर अपना निश्चय प्रकट करते हैं, वहीं भारतीय परम्परा के पोषक विद्वद्गण श्रुति-स्मृति में लिखित साक्ष्य को महत्त्व नहीं देते; क्योंकि अतिप्राचीन काल में लिख कर या मुद्रित पुस्तकों द्वारा पठन-पाठन का प्रचलन था ही नहीं; यह परम्परा तो बहुत बाद में प्रारम्भ हुई है; पूर्वसमय में तो पठन-पाठन में श्रौत प्रणाली ही प्रचलित थी।

वर्तमान मनुस्मृति के लेखक के रूप कतिपय विद्वान् भृगु जी को ही स्वीकार करते

स्वायंभुव के ग्रन्थ के आधार पर शास्त्रों का प्रणयन किया। महाभारत में एक स्थान पर विवरण कुछ भिन्न है और वहाँ मनु का नाम नहीं आया है। शान्तिपर्व (५८.८०.८५) में बताया है कि किस प्रकार ब्रह्मा ने धर्म, अर्थ एवं काम पर एक लाख अध्याय लिखे और वह महाग्रन्थ कालान्तर में विशालाक्ष, इन्द्र, बाहुदन्तक, बृहस्पति एवं काव्य (उशना) द्वारा क्रम से १०,०००, ५,०००, ३,००० एवं १,००० अध्यायों में संक्षिप्त किया गया। नारद-स्मृति में आया है कि मनु ने १,००,००० श्लोकों, १०८० अध्यायों एवं २४ प्रकरणों में एक धर्मशास्त्र लिखा और उसे नारद को पढ़ाया, जिसने उसे १२,००० श्लोकों में संक्षिप्त किया और मार्कण्डेय को पढ़ाया। मार्कण्डेय ने भी इसे ८,००० श्लोकों में संक्षिप्त कर सुमति भार्गव को दिया, जिन्होंने स्वयं उसे ४,००० श्लोकों में संक्षिप्त किया। वर्त्तमान मनुस्मृति में आया है (१.३२.३३) कि बह्मा से विराट् की उद्भूति हुई, उन्होंने मनु को उत्पन्न किया, जिनसे भृगु, नारद आदि ऋषि उत्पन्न हुए; ब्रह्मा ने मनु को शास्त्राध्ययन कराया, मनु ने दस ऋषियों (१.५८) को वह ज्ञान दिया; कुछ बड़े ऋषि मनु के यहाँ गये और वर्णों एवं मध्यम जातियों के धर्मों (कर्त्तव्यों) को पढ़ाने के लिए उनसे प्रार्थना की और मनु ने कहा कि यह कार्य उनके शिष्य भृगु करेंगे (१.५९.६०)। मनुस्मृति में यह पढ़ाने की बात आरम्भ से अन्त तक है और स्थान-स्थान पर ऋषि लोग भृगु के व्याख्यान को रोककर उनसे कठिन बातें समझ लेते हैं (५.१-२; १२.१-२)। मनु सर्वत्र विराजमान हैं; उनका नाम 'मनुराह' (९.१५८, १०.७८ आदि) या 'मनुरब्रवीत्' या 'मनोरनुशासनम्' (८.१३९, २७९; ९.२३९ आदि) के रूप में दर्जनों बार आया है। भविष्यपुराण के अनुसार, जैसा कि हमें हेमाद्रि, संस्कारमयूख तथा अन्य ग्रन्थों से पता चलता है, स्वायंभुव-शास्त्र के चार संस्करण थे, जो भृगु, नारद, बृहस्पति एवं अंगिरा द्वारा प्रणीत थे। अतिप्राचीन लेखक विश्वरूप ने मनुस्मृति के उद्धरण दिये हैं और वहाँ मनु स्वयंभू कहे गये हैं।

आधुनिक इतिहासकारों के अनुसार ऋग्वेद के मनु से वर्तमान मनुस्मृति का कोई सम्बन्ध नहीं है। वे लोग मानवधर्मसूत्र तथा मनुस्मृति में भी परस्पर सम्बन्ध का अभाव मानते हैं। इसी तरह महाभारत में धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजशास्त्र के ज्ञाता मनु का भी वर्तमान मनुस्मृति से कोई सम्बन्ध नहीं है। मनुस्मृति की अतिप्रसिद्ध प्राचीन टीका मेधातिथि की उपलब्ध होती है, जिसका समय ८२५-९०० ई० माना गया है। श्रीकुल्लूकभट्ट ने मनुस्मृति पर मन्वर्थमुक्तावली नामक टीका का प्रणयन किया है, जिसका समय बारहवीं शताब्दी है। इसी तरह कुमारिलभट्ट, शूद्रक, शबरस्वामी आदि के ग्रन्थों में भी वर्तमान मनुस्मृति के वाक्यों का उद्धरण प्राप्त होता है, जिसके आधार पर मनुस्मृति का उपर्युक्त काल ही विद्वानों ने निश्चय किया है। अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि इसके रचयिता कौन हैं? यदि मनु इसके रचयिता नहीं हैं तो रचयिता के

रूप में मनु का नाम क्यों लिया गया है? आदि।

दूसरा पक्ष—परम्परावादी भारतीय विद्वानों के अनुसार मनुस्मृति की प्रामाणिकता वेद के सदृश है। परम्परानुसार १४ मनु माने गये हैं—

स्वायंभुव, २. स्वारोचिष, ३. औत्तमि, ४. तापसि, ५. रैवत, ६. चाक्षुष, ७. वैवस्वत, ८. सावर्णि, ९. दक्षसावर्णि, १०. ब्रह्मसावर्णि, ११. धर्मसावर्णि, १२. रुद्रसावर्णि, १३. रौच्यदेवसावर्णि तथा १४ इन्द्रसावर्णि।

वर्तमान मन्वन्तर में प्रजापति वैवस्वत मनु हैं, जो क्रमसंख्या में सातवें हैं; जिनका हम नित्यकर्म के अनुष्ठानक्रम में सङ्कल्परूप में आज भी प्रयोग करते हैं—'वैवस्वतमन्वन्तरे कलियुगे प्रथमचरणे०'। आलोच्य मनु मानवी सृष्टि के मूल पुरुष के रूप में विख्यात हैं। मनु से मनुष्य की उत्पत्ति हुई है। ये दिव्य पुरुष माने जाते हैं। प्रथम मनु को स्वायंभुव अर्थात् स्वतः उत्पन्न होना बतलाया गया है। वेद में वैवस्वत, स्वायंभुव और सावर्णि नाम बतलाये गये हैं। वेदोक्त यही बात इन्हें दिव्य पुरुष सिद्ध करती है। विवस्वत् की पत्नी सवर्णा थी, जिसके कारण इनका नाम सावर्णि पड़ा। सृष्टि के मूल पुरुष होने के कारण इन्हें प्रजापति की संज्ञा प्राप्त हुई है। विवस्वत् सूर्य का नाम है। अतः मनु वैवस्वत कहलाये। श्राद्ध एवं अन्य कर्म मनु ने आरम्भ किया। दस ऋषियों की उत्पत्ति मनु से हुई, जिसका उल्लेख मनुस्मृति में निम्नवत् प्राप्त होता है—

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।
पतीन्प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश॥ (मनु०-१.३४)

मनु को अमरत्व प्राप्त है, प्रलयकाल में भी उनकी मृत्यु नहीं होती। वे प्रलयकालीन एकमात्र द्रष्टा के रूप में विराजमान रहते हैं। जलप्रलय के समय मत्स्यावतार के रूप में विष्णु भगवान् ने इनकी रक्षा की थी, जिसकी चर्चा शतपथब्राह्मण में हुई है। इसी कथा को आधार बनाकर हिन्दी के स्वनामधन्य कवि जयशङ्कर प्रसाद ने 'कामायनी' नामक महाकाव्य की रचना की है। अयोध्या पर शासन करने वाले सूर्यवंशी राजाओं के कुल के प्रवर्त्तकरूप में भी मनु को ही स्वीकार किया जाता है।

आधुनिक अन्वेषकों और परम्परावादी विद्वानों में मौलिक अन्तर स्पष्ट दिखाई देता है। एक तरफ आधुनिक इतिहासकार लिखित साक्ष्यों को ही प्रमाण मानकर अपना निश्चय प्रकट करते हैं, वहीं भारतीय परम्परा के पोषक विद्वद्गण श्रुति-स्मृति में लिखित साक्ष्य को महत्त्व नहीं देते; क्योंकि अतिप्राचीन काल में लिख कर या मुद्रित पुस्तकों द्वारा पठन-पाठन का प्रचलन था ही नहीं; यह परम्परा तो बहुत बाद में प्रारम्भ हुई है; पूर्वसमय में तो पठन-पाठन में श्रौत प्रणाली ही प्रचलित थी।

वर्तमान मनुस्मृति के लेखक के रूप कतिपय विद्वान् भृगु जी को ही स्वीकार करते

हैं और तर्क देते हैं कि वर्तमान स्वरूप में उपलब्ध स्मृति में 'मनुराह, मनुरवदीत्, मनोरनुशासनम्' आदि वाक्यों से स्पष्ट है कि इसके रचयिता मनु नहीं हैं। यदि मनु होते तो फिर मनुराह, मनुरवदीत् आदि शब्द का प्रयोग कैसे होता?

श्रुति-परम्परानुसार यह भी सम्भव है कि कल्पभेद से उन शब्दों का प्रयोग किया गया हो। जब मानवी सृष्टि के स्रष्टा स्वयं पितामह मनु हैं तब उनके द्वारा अपनी सन्तति के कल्याण-हेतु कर्तव्यपथ के प्रदर्शक शास्त्र का निर्माण करना असम्भव कैसे कहा जा सकता है?

उपर्यङ्कित वर्णन-क्रम में स्मृति की प्रामाणिकता श्रुति के समान मानी गयी है और वेद अपौरुषेय है। उसकी रचना किसी देवता अथवा पुरुष ने नहीं की। ऐसी स्थिति में वेदोक्त तथ्यों को समयसीमा में पारिभाषित करना उचित नहीं है। व्यवस्था-जन्य कारणों से कुछ शताब्दियों में साक्ष्य का नष्ट-भ्रष्ट होना देखा जाता है। फिर सैकड़ों वर्षीय संस्कृति-विरोधी शासकों के राज्य में शास्त्रीय साक्ष्यों का क्या हाल हुआ होगा, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। अत: श्रुति-स्मृति के सम्बन्ध में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है, जो विशेषज्ञों के चिन्तन का विषय है।

मनुस्मृति की टीका : मेधातिथि

द्वादश अध्यायों में निबद्ध मनुस्मृति का प्रभाव सर्वातिशायी होने के कारण अन्यान्य स्मृतियाँ भी उससे प्रभावित रही हैं। इस महनीय धर्मशास्त्र ग्रन्थ पर अनेकों विद्वानों ने टीकायें लिखी हैं, जिनमें से आज बहुत सी टीकायें अनुपलब्ध हैं; किन्तु उनका नाम अन्यान्य स्मृतिग्रन्थों में उद्धृत होने से यह परिज्ञात होता है कि कभी उनकी उपलब्धता रही होगी। सम्प्रति उपलब्ध यशस्वी टीकाकारों में मेधातिथि, गोविन्दराज तथा कुल्लूक भट्ट माने जाते हैं। इनके अतिरिक्त नारायण, राघवानन्द, नन्दन एवं रामचन्द्र का भी नाम आता है। कुछ अन्य व्याख्याकार भी हुए हैं, जिनकी कृतियाँ आज पूर्ण रूप से उपलब्ध नही हैं।

मनुस्मृति पर विस्तृत एवं विद्वत्तापूर्ण भाष्यकार के रूप में मेधातिथि को सुयश प्राप्त है। बु हर के अनुसार मेधातिथि काश्मीर या उत्तर भारत के रहने वाले थे। यह अनुमान उनकी रचनाओं में काश्मीर-विषयक वर्णन से लगाया जाता है।

मेधातिथि ने अपने भाष्य में गौतम, बौधायन, आपस्तम्ब, वसिष्ठ, विष्णु, शंख, याज्ञवल्क्य, नारद, पराशर, वृहस्पति, कात्यायन आदि स्मृतिकारों की चर्चा की है। उन्होंने वृहस्पति को वार्ता-राजनीति के लेखकों में स्वीकार किया है। उनके अनुसार उशना एवं चाणक्य दण्डनीति, राजनीति एवं राजशासन के विद्वान् थे। उन्होंने कौटिल्य

के ग्रन्थों से बहुत से उद्धरण प्रस्तुत किये हैं। 'कर्मणामारम्भोपाय: पुरुषद्रव्यसम्पद्देश-कालविभागो विनिपातप्रतीकार: कार्यसिद्धि:' नामक पाँच मन्त्रांगों के नाम जिस प्रकार कौटिल्य ग्रन्थ में आयें हैं, उसी प्रकार मेधातिथि में भी उल्लिखित हैं। इसी प्रकार मेधातिथि ने असहाय एवं अन्य स्मृतिकारों के नामोल्लेख के साथ-साथ सांख्यकारिका, वाक्यपदीय तथा पुराणों का भी उल्लेख किया है। मेधातिथि भाष्य में विधि-अर्थवाद आदि वाक्यों का बहुधा प्रयोग परिलक्षित होने से उनके मीमांसक होने का अनुमान सहजता से लगाया जाता है। उन्होंने जैमिनिसूत्रों, शावरभाष्य तथा कुमारिल भट्ट का भी उल्लेख किया है। इसी प्रकार अपने से पूर्व के अन्य आचार्यों का भी उल्लेख अपने भाष्य में किया है।

जिस प्रकार मनुस्मृति की कालविषयक अनिश्चितता विद्वानों में विद्यमान है, उसी प्रकार मनुस्मृति के सर्वप्राचीन व्याख्याकार मेधातिथि का भी समय बहुत स्पष्ट नही है। विद्वानों ने मेधातिथि द्वारा कुमारिल भट्ट एवं शंकराचार्य का उल्लेख करने के कारण तथा मिताक्षराकार द्वारा इस टीका को प्रामाणिक रूप से स्वीकार करने के कारण इनका समय ८२० इसवीं के उपरान्त तथा १०५० ई० के पूर्व स्वीकार किया है।

पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति

मानव शरीर धारण करने का परम लक्ष्य मोक्ष है। अन्यान्य स्मृतियों द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था में कहीं अर्थ की, कहीं धर्म की तो कहीं काम की प्रधानता पायी जाती है; परन्तु प्रकृत स्मृति द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था का अनुसरण कर मनुष्य पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति कर सकता है। मनु द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था धर्म, अर्थ एवं काम परम तत्त्व मोक्ष के ही उपादान हैं। सम्भवत: इसी दृष्टि से उन्होंने मनुष्य के आयु को चार भागों अर्थात् आश्रमों (ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ तथा संन्यास) में विभक्त किया है। यथा—

चतुर्थमायुषो भागमुषित्वाऽऽद्यं गुरौ द्विज: ।
द्वितीयमायुषो भागं कृतचारो गृहे वसेत् ॥ (मनु०-४.१)

अर्थात् जीवन के प्रथम भाग में गुरु के समीप ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए वेदाध्ययन करना, उसके उपरान्त द्वितीय चतुर्थांश भाग में गृहस्थाश्रमी बनना।

स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया सुतै: ।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनु: ॥ (मनु०-२.२८)

आशय यह है कि वेदाध्ययन काल में मधु, मांसादि तामस पदार्थों का त्याग करना चाहिये, ताकि विधिपूर्वक समयबद्ध प्रात:-सायंकालीन हवन से, त्रैविद्य नामक व्रत से ब्रह्मचर्यावस्था में देवर्षि-पितृतर्पण आदि क्रियाओं से, गृहस्थावस्था में पुत्रो-

त्पादन द्वारा महायज्ञों से तथा ज्योतिष्टोमादि यज्ञों से इस शरीर को ब्रह्मप्राप्ति के योग्य बनाना चाहिये।

यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैः कर्मभिरगर्हितैः।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसञ्चयम्॥ (मनु०-४.३)

उपर्युक्त श्लोक का आशय धर्म-नीतिपूर्वक धनसञ्चयन से है। अपने परिवार के सहित अनिन्दित कर्मों से अर्थात् वर्णधर्म (ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य) में वर्णित रीति (उससे भिन्न नहीं) से शारीरिक क्षमता अर्थात् सञ्चयी प्रवृत्ति का त्याग कर भरण-पोषण के निमित्त धन का सञ्चय करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि भरण-पोषण से ज्यादा, शारीरिक कष्ट उठाकर अथवा वर्णविहित धर्म के विपरीत कार्य द्वारा धनसञ्चय से अनर्थ उत्पन्न होगा, जो मोक्षदायक परिव्राजक धर्म में बाधक होगा।

ऋतुकालाभिगामी स्यात्स्वदारनिरतः सदा।
पर्वव्रर्जं व्रजेच्चैनां तद्व्रतो रतिकाम्यया॥ (मनु०-३.४५)

अर्थात् अपनी पत्नी के साथ प्रेम करने वाला पुरुष स्त्री के ऋतुमती होने के बाद शुद्ध होने पर (रजःस्राव के पाँचवें दिन ही स्त्रियाँ शुद्ध होती हैं) सम्भोग करे तथा रति की इच्छा से पर्वदिनों (पूर्णिमा, अमावस्या आदि) को छोड़कर अन्य दिनों में स्त्री के साथ सहवास करे।

काम का दो अर्थ है—एक वासनाजन्य काम तथा परमतत्त्व-प्रापक काम। सन्तानोत्पत्तिजन्य काम को धर्म का साधक मानना चाहिए। 'अपुत्रस्य गतिर्नास्ति' कहा गया है। यदि सन्तान की उत्पत्ति नहीं होगी, तब गृहाश्रमियों के लिए वक्ष्यमाण ब्रह्मयज्ञ आदि महायज्ञों की पूर्ति कैसे होगी? पितृतर्पणादि क्रिया अवरुद्ध हो जायेगी। अतः धार्मिक कृत्यों के सम्पादन हेतु सन्तानोत्पत्तिरूप कार्य धर्माचरण का ही अङ्ग है और वह मनुष्य को परम तत्त्व की प्राप्ति में सहायक है।

धर्म, अर्थ, काम के उपरान्त पुरुषार्थचतुष्टय में चरम तत्त्व मोक्ष का क्रम आता है। इन तीनों उपादानों का धर्म-नीतिपूर्वक निवर्हण करने के उपरान्त मानव को देव-दुर्लभ मानव तन प्राप्त करने के उपरान्त उसका औचित्य सिद्ध करने का अब सुअवसर प्राप्त होता है अर्थात् मोक्षप्राप्ति के साधनभूत परिव्राजक धर्म में प्रविष्ट होने का अवसर प्राप्त होता है। इसीलिये स्मृतिकार मनु ब्रह्मप्राप्ति हेतु समुचित मार्ग का निर्देश करते हुए कहते हैं कि ब्राह्मण को चाहिए कि चित्त को सावधान कर समस्त सत् तथा असत् को विचारपूर्वक देखे। जब सभी सत् तथा असत् को आत्मा में ब्राह्मण वर्त्तमान देखने लगता है, तब वह (ब्राह्मण) अधर्म से अपने मन को दूर करने में समर्थ हो जाता

है अर्थात् उसका चित्त निर्मल हो जाता है और उसकी प्रवृत्ति अधर्म से सर्वथा विमुख रहती है—

सर्वमात्मनि सम्पश्येत्सच्चासच्च समाहितः ।
सर्वं ह्यात्मनि सम्पश्यन्नाधर्मे कुरुते मनः ।। (मनु०-१२.११८)

पुनः निर्मल मन के उपरान्त ब्रह्मध्यान में उपयोगी तत्त्वों का निर्देश करते हुए सभी देवताओं को आत्मा अर्थात् परमात्मा समझे, समस्त संसार को उस परमात्मा में अवस्थित माने और आत्मा ही अर्थात् परमात्मा ही इन देहियों के कर्मसम्बन्ध को उत्पन्न करता है—ऐसा परिज्ञान करे । यथा—

आत्मैव देवताः सर्वा सर्वमात्मन्यवस्थितम् ।
आत्मा हि जयनत्येषां कर्मयोगं शरीरिणाम् ।। (मनु०-१२.११९)

पुनः आत्मा एवं परमात्मा के एकाकार का निर्देश करते हुये शास्त्रकार कहते हैं—

खं सन्निवेशयेत्खेषु चेष्टनस्पर्शनेऽनिलम् ।
पंक्ति दृष्ट्योः पटं तेजः स्नेहेऽपो गां च मूर्तिषु ।।
मनसीन्दुं दिशः श्रोत्रे कान्ते विष्णुबलं हरम् ।
वाच्याग्निं मित्रमुत्सर्गे प्रजने च प्रजापतिम् ।। (मनु०-१२.१२०-२१)

अर्थात् नासिका और उदर आदि शारीरिक आकाश में बाह्य आकाश को, चेष्टा तथा स्पर्शरूप शारीरिक वायु में बाह्य वायु को, उदरसम्बन्धी तथा नेत्रसम्बन्धी शारीरिक तेज में उत्कृष्ट सूर्य-चन्द्रसम्बन्धी बाह्य तेज को, शारीरिक स्नेह अर्थात् जल में बाह्य जल को, शारीरिक पार्थिव (पृथ्वी सम्बन्धी) भागों में बाह्य पृथिवी को, मन में चन्द्रमा को, कानों में दिशाओं को, चरणों में विष्णु को, बल में शिव को, वचन में अग्नि को, गुदा में मित्र को, शिश्न में प्रजापति को लीन हुआ समझकर अर्थात् उन सबमें एकत्व की भावना करे । तदनन्तर ब्रह्मध्यान का निर्देश करते हैं—

प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि ।
रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विधानं पुरुषं परम् ।।

एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम् ।
इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम् ।।

एष सर्वाणि भूतानि पञ्चभिर्व्याप्य मूर्त्तिभिः ।
जन्मवृद्धिक्षयैर्नित्यं संसारयति चक्रवत् ।।

एवं यः सर्वभूतेषु पश्यत्यात्मानमात्मना ।
स सर्वं समतामेत्य ब्रह्माभ्येति परं पदम् ।। (मनु०-१२.१२२-२४)

आत्मा में लीन बाह्य भूतों अर्थात् आकाशादि को भी भावना करके सम्पूर्ण चराचर जगत् का शासक, सूक्ष्म से भी अधिक सूक्ष्मतर सुवर्ण के समान देदीप्यमान स्वप्न बुद्धि के ग्रहण करने योग्य उस श्रेष्ठ पुरुष का चिन्तन करे। उस परम पुरुष परमात्मा को कुछ लोग अग्नि अर्थात् याज्ञिक अध्वर्यु, कुछ लोग प्रजापति मनु, कुछ लोग ऐश्वर्यवान् होने से इन्द्र, कुछ लोग प्राण तथा कुछ लोग शाश्वत ब्रह्म कहते हैं। वही परमात्मा सम्पूर्ण प्राणियों में शरीरों को उत्पन्न करने वाली पञ्चमूर्तियों (पञ्च तत्त्व अर्थात् पृथिवी, जल, तेज, वायु तथा आकाश) से व्याप्त होकर उत्पत्ति, स्थिति और विनाश अर्थात् जन्म, स्थिति और मरण के द्वारा रथ के चक्र के समान उपर्युक्त जन्म-मरणादि कर्मचक्र में बनाये रखता है। इस प्रकार गीतोक्त—'शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः' सिद्धान्त को पुष्ट करता हुआ मनु द्वारा निर्देशित जो व्यक्ति सम्पूर्ण जीवों में स्थित परमात्मा को आत्मा के द्वारा देखता है, वह सबमें समानता प्राप्त कर ब्रह्मरूप परमपद (मोक्ष) को प्राप्त कर लेता है।

वर्ण्य-विषय

व्यक्ति, समाज एवं राज्य चेतन सत्ता की अभिव्यक्तियाँ हैं। मनुस्मृति में चेतन से जड़ के विकास, सृष्टि, विद्या; उसके साथ कर्म, धर्म एवं व्यवस्था के उदय, कालचक्र आदि का विश्लेषण है। इसके व्यावहारिक पक्ष में समाज के विभिन्न घटकों का विश्लेषण है। मनुस्मृति के **प्रथम अध्याय** में संसारोत्पत्ति से प्रारम्भ कर देश-धर्म, जाति-धर्म एवं कुल-धर्म के अतिरिक्त पाषण्डी एवं गुण-धर्म अर्थात् अवैदिक राजनीतिक सङ्घटनों की विश्लेषणात्मक व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। मनु चारों वर्णों अम्बष्ठादि, अनुलोमज, सूत आदि प्रतिलोमज तथा भुर्जकण्टक आदि सङ्कीर्ण जातियों के संस्कार एवं कर्तव्यों का विश्लेषण करते हैं। ये अविज्ञेय तथा सर्वज्ञ ईश्वर के विषय में बताकर सृष्टि की उत्पत्ति का विवरण देते हैं। सृष्टिरचना के क्रम में विराट् पुरुष ने मनु को उत्पन्न किया। वे संसार के निर्माता हैं। मनु से दस प्रजातियों की उत्पत्ति हुई है; जैसा कि बताया गया है—

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम्।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं प्रसुप्तमिव सर्वतः॥
ततः स्वयंभूर्भगवानव्यक्तो व्यञ्जयन्निदम्।
महाभूतादि वृत्तौजाः प्रादुरासीत्तमोनुदः॥ (मनु०-१.५-६)

तपस्तप्त्वाऽसृजद्यं तु स स्वयं पुरुषो विराट्।
तं मां वित्तास्य सर्वस्य स्रष्टारं द्विजसत्तमाः॥ (मनु०-१.३३)

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम् ।
पतीन्प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश ॥ (मनु०-१.३४)

पुनः जीव, पशु, पक्षी तथा मनुष्य उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार मनुस्मृति में चेतन से लेकर स्थावर तक की गतिविधियों का विश्लेषण है। महाप्रलय में विनाश का वर्णन है।

द्वितीय अध्याय—इस अध्याय में मनु द्वारा धर्म का विश्लेषण किया गया है, जिसमें धर्म के उपादान, धर्म के लक्षण, वेद, स्मृति, भद्र लोगों का आचरण तथा आत्मतुष्टि है। यथा—

श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः ।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ॥ (मनु०-२.१०)
वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥ (मनु०-२.१२)

ब्रह्मावर्त, ब्रह्मर्षि देश, मध्य देश, आर्यावर्त की सीमा, यज्ञीय देश, म्लेच्छ देश आदि का विवेचन भी मनुस्मृति में द्रष्टव्य है—

निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः ।
तस्य शास्त्रेऽधिकारोऽस्मिञ्ज्ञेयो नान्यस्य कस्यचित् ॥
सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम् ।
तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते ॥ (मनु०-२.१६-१७)
कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनकाः ।
एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः ॥
एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥
हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्यं यत्प्राग्विनशनादपि ।
प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः ॥
आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात् ।
तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्तं विदुर्बुधाः ॥
कृष्णसारस्तु चरति मृगो यत्र स्वभावतः ।
स ज्ञेयो यज्ञियो देशो म्लेच्छदेशस्त्वतः परः ॥ (मनु०-२.१९-२३)

मनु व्यक्ति के सर्वोच्च विकास में इन्द्रियों पर विजय महत्त्वपूर्ण मानते हैं। गुरु एवं शिष्य का सम्बन्ध, उनके लक्षण माता-पिता की श्रेष्ठता का प्रतिपादन है। मनु का

उक्त विवेचन भारतीय नैतिकता का उद्घोष है। इसी अध्याय में मनु का राष्ट्रवाद प्रस्तुत होता है। उन्होंने ब्रह्मावर्त, आर्यावर्त-जैसे भू-भागों का विश्लेषण दूसरे आधार पर किया है। यज्ञिय और म्लेच्छ देश के रूप में दो प्रकार से भूमि का विभाग किया है। वे वैदिकों को इसी आर्यावर्त के विकसित सृष्टि का आदि पुरुष और सारी मानवता का अभिभावक मानते हैं। इस प्रकार भारत-भूमि, भारत और भारतीय नैतिकता का प्रतिपादन ही मनु-प्रणीत शास्त्र का उद्देश्य है।

तृतीय अध्याय—इस अध्याय में ब्रह्मचर्य व्रत अर्थात् वेदाध्ययन के उपरान्त धर्म के उपादानभूत गार्हस्थ्य जीवन के प्रवेश पर मनु ने विशद प्रकाश डाला है—वेदाध्ययन के बाद समावर्तन, विवाह, विवाह में त्याज्य कुल, विवाहयोग्य कन्या, कन्या के लक्षण, विवाह के भेद, विवाहों में वर्णानुसार हीनता तथा श्रेष्ठता, उत्तम ब्राह्म विवाह की प्रशंसा आदि विषयों की चर्चा गई है।

विवाहोपरान्त पति-पत्नी के बीच धर्मानुसार कैसा सम्बन्ध हो, इसका विशद वर्णन इस अध्याय में प्राप्त होता है; जिसमें स्त्री-समागम, स्त्री-सम्मान, पञ्चमहायज्ञ, गृहस्थाश्रम की प्रशंसा, नित्यश्राद्ध, पितृश्राद्ध, बलिवैश्वदेव-विधि, दान-विधि, अतिथिसेवा, अतिथियों के प्रकार, श्राद्ध के विविध पक्ष, श्राद्ध में सत्पात्र ब्राह्मण की आवश्यकता असत्पात्र की निन्दा, श्राद्ध की प्रशंसा तथा मृत पितर के वसु आदि देवस्वरूपत्व-प्राप्ति आदि का सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवेचन मनु ने प्रकृत अध्याय में प्रस्तुत किया है।

चतुर्थ अध्याय—

चतुर्थमायुषो भागमुषित्वाऽऽद्यं गुरौ द्विजः।
द्वितीयामायुषो भागं कृतदारो गृहे वसेत्॥ (मनु०-४.१)

तृतीय अध्याय में गृहाश्रमी बनने की पृष्ठभूमि तैयार कर जीवन के द्वितीय भाग अर्थात् यथाशक्य द्वितीय चतुर्थांश में पूर्ण गृहाश्रमी के दायित्व-निर्वहण का आदेश प्राप्त होता है। जिसमें प्राणियों की श्रेष्ठ जीवनवृत्ति का वर्णन सर्वप्रथम आया है।

अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः।
या वृत्तिस्तां समास्थाय विप्रो जीवेदनापदि॥
यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैः कर्मभिरगर्हितैः।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसञ्चयम्॥
ऋतामृताभ्यां जीवेत्तु मृतेन प्रमृतेन वा।
सत्यानृताभ्यामपि वा न श्ववृत्त्या कदाचन॥
ऋतमुञ्छशिलं ज्ञेयममृतं स्यादयाचितम्।
मृतं तु याचितं भैक्षं, प्रमृतं कर्षणं स्मृतम्॥ (मनु०-४.२-५)

सत्यानृतं तु वाणिज्यं तेन चैवापि जीव्यते।
सेवा श्ववृत्तिराख्याता तस्मात्तां परिवर्जयेत्॥
कुसूलधान्यको वा स्यात्कुम्भीधान्यक एव वा।
त्र्यहैहिको वाऽपि भवेदश्वस्तनिक एव वा॥
चतुर्णामपि चैतेषां द्विजानां गृहमेधिनाम्।
ज्यायान्परः परो ज्ञेयो धर्मतो लोकजित्तमः॥ (मनु०-४.६-८)

इसी अध्याय में वर्णानुसार कर्मों का विवेचन विशद रूप से प्राप्त होता है। जिसमें घर के अन्दर का आचरण तथा सामाजिक आचरण दोनों पक्षों पर मनु की पैनी दृष्टि दिखाई पड़ती है। घर के अन्दर स्त्री के साथ कब-कैसे और क्या व्यवहार करना चाहिए इत्यादि। मल-मूत्र का त्याग कहाँ और किस दिशा में करना आदि व्यावहारिक अवस्थाओं पर ध्यान केन्द्रित कराया गया है। पुनः निवास, अध्ययन, नित्य-नैमित्तिक कर्म तथा उसकी अवस्था एवं समय, वेद-वेदाङ्ग का अध्ययनरूपी कर्म का ज्ञान प्राप्त कराया गया है। जीवन की निर्विघ्नता के लिए शत्रु आदि के साथ नीतिपरक व्यवहार का निर्देश भी इस अध्याय में प्राप्त है—

वैरिणं नोपसेवेत सहायं चैव वैरिणः।
अधार्मिकं तस्करं च परस्यैव च योषितम्॥ (मनु०-४.१३३)

साथ ही परस्त्री-सेवन के तीव्र विरोधपूर्वक उत्तम आचार का उत्कृष्ट निर्देश भी इसी अध्याय में प्राप्त होता है—

न हीदृशमनायुष्यं लोके किञ्चन विद्यते।
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम्॥ (मनु०-४.१३४)

इस प्रकार अभिवादन, उठना, बैठना, सोना, खाना, पीना, चलना, जीविका चलाना, पूजा करना, किसके साथ सम्बन्ध स्थापित करना, किसके साथ नहीं करना, किसका अन्न ग्रहण करना, किसका नहीं करना आदि का वर्णन करते हुए अपने योग्य पुत्र को समस्त दायित्व सौंपकर ब्रह्मचिन्तन का निर्देश दिया गया है—

महर्षिपितृदेवानां गत्वाऽऽनृण्यं यथाविधि।
पुत्रे सर्वं समासज्य वसेन्माध्यस्थमाश्रितः॥
एकाकी चिन्तयेन्नित्यं विविक्ते हितमात्मनः।
एकाकी चिन्तयानो हि परं श्रेयोऽधिगच्छति॥ (मनु०-४.२५७-२५८)

पञ्चम अध्याय—इस अध्याय का प्रारम्भ में बताया गया है कि मृत्यु का कारण तत्त्व क्या है? इसकी जिज्ञासा होती है? भृगु जी ने इसका कारण वेदाध्ययन का

अभाव, आचारहीनता, अधर्म, अभक्ष्यभक्षण आदि तत्त्वों को मनुष्य की मृत्यु में कारण माना है। इसी क्रम में किसके लिए क्या भक्ष्य तथा क्या अभक्ष्य है, इसका विचार किया गया है। पुनः आशौच-विचार के क्रम में जनना-मरण दोनों प्रकार के आशौच का विचार किया गया है। मनु ने राजादि को आशौच से मुक्त रक्खा है—

न राज्ञामघदोषोऽस्ति व्रतिनां न च सत्रिणाम्।
ऐन्द्रं स्थानमुपासीना ब्रह्मभूता हि ते सदा॥
राज्ञो माहात्मिके स्थाने सद्यः शौचं विधीयते।
प्रजानां परिरक्षार्थमासनं चात्र कारणम्॥ (मनु०-५.९३-९४)

इस अध्याय में शौच का बहुत ही स्पष्ट तथा सम्यक् प्रकार से वर्णन किया गया है, जिसमें शरीर, अन्न, वस्त्र, थूक, खखार, गाय आदि का वर्णन प्राप्त होता है।

षष्ठ अध्याय—गृहस्थ जीवन के उपरान्त वानप्रस्थ जीवन जीने की विधि इस अध्याय में वर्णित है। वानप्रस्थियों के लिए ग्राम्याहार का त्याग, मृगचर्मादि धारण तथा वानप्रस्थियों के अन्य नियमों का साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। वानप्रस्थ आश्रमियों को क्या खाना, क्या पीना, कहाँ सोना, उस अवस्था में भी अतिथि के उपस्थित हो जाने पर कैसा सत्कार करना, क्षुद्र जीवहत्याजन्य प्रायश्चित्त, प्रियाप्रिय में पाप-पुण्य का त्यागपूर्वक विषय की निःस्पृहता वानप्रस्थाश्रम का मुख्य विवेच्य है—

प्रियेषु स्वेषु सुकृतमप्रियेषु च दुष्कृतम्।
विसृज्य ध्यानयोगेन ब्रह्माभ्येति सनातनम्॥
यदा भावेन भवति सर्वाभावेषु निःस्पृहः।
तदा सुखमवाप्नोति प्रेत्य चेह च शाश्वतम्॥ (मनु०-६.७९-८०)

एवं प्रकार से प्रियाप्रिय से निःस्पृह व्यक्ति ही आत्मध्यान तथा वेदाध्ययन करता हुआ वानप्रस्थ आश्रम का निर्वहण कर सकता है।

सातवें अध्याय में समाज के नियंत्रण हेतु राजधर्म की विवेचना विस्तृत रूप से की गयी है। आचार्य मनु ने राजा को ईश्वरस्वरूप माना है। उन्होंने राज्य का पहला आधार भौतिक माना है। इनका मत है कि राज्य की स्थापना ऐसे वातावरण में हो, जहाँ अन्न का प्रचुर उत्पादन हो सके। उस राज्य में धार्मिक लोग निवास करें, जनता रोग-व्याधि से रहित हो, वातावरण शान्त हो, रमणीक हो, प्रजागण विनीत हों तथा जीविका का साधन भी सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो। मनु ने दूसरा आधार राजनैतिक माना है। राजसत्ता राजनीतिक आधार की अभिव्यक्ति में साधन है। राजा एवं प्रजा के कर्त्तव्य के विषय में उनका विचार स्पष्ट है कि राज्य के सकुशल सञ्चालनार्थ राजा को न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर देश-कुल-काल-परिस्थिति एवं शास्त्रानुसार

न्याय प्रदान करना चाहिए। इसी का विवेचन सातवें अध्याय में करते हुए मनु ने स्वयं कहा है—

> राजधर्मान्प्रवक्ष्यामि यथावृत्तो भवेन्नृपः ।
> संभवश्च यथा तस्य सिद्धिश्च परमा यथा ॥
>
> ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि ।
> सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्त्तव्यं परिरक्षणम् ॥ (मनु०-७.१-२)

अर्थात् राजा के आचार, उत्पत्ति और इस लोक तथा परलोक में होने वाली उत्तम सत्पात्रता हो, ऐसे राजधर्म को कह रहा हूँ। शास्त्रानुसार क्षत्रियकुलोत्पन्न एवं वैदिक विधि से अभिषिक्त राजा न्यायपूर्वक सब प्रजा की रक्षा करे।

इस वचन का अभिप्राय यह है कि क्षत्रिय के लिए ही मुख्यतः प्रजापालनरूप कर्त्तव्य निर्दिष्ट किया गया है। आपत्तिकाल में ब्राह्मण भी क्षत्रिय वैश्यवृत्ति का आश्रयण कर सकता है। वैश्य क्षत्रिय वृत्ति कर सकता है और शूद्र भी क्षत्रिय वैश्य वृत्ति कर सकता है; किन्तु ब्राह्मण शूद्रवृत्ति और शूद्र ब्राह्मणवृत्ति आपत्तिकाल में भी नहीं कर सकते। आचार्य मनु का कथन है कि इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के सारभूत नित्य अंश लेकर राजा की सृष्टि होती है। राजा राज्य के सकुशल संचालन हेतु तीन अंगों की स्थापना करता है—कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं विधायिका।

कार्यपालिका—आचार्य मनु ने कार्यपलिका को तीन भागों में विभक्त किया है—राजा, मंत्रिमण्डल और लोकसेवा। इसमें पहला राज्य का प्रधान अङ्ग राजा का होता है। मनुस्मृति में उसकी उत्पत्ति दैवी मानी गयी है। उनके अनुसार उसका देवत्व विधि और धर्मसापेक्ष है। दैवी सिद्धान्त मात्र राजा के दैवत्व का विश्लेषण करता है, दैवी अधिकार का नहीं। राजा का अधिकार धर्म-नियंत्रित है, वह समाज से विमुख नहीं है, बल्कि समाज का एक अङ्ग है। मनु राजा के अधिकार की अपेक्षा कर्त्तव्य पर अधिक बल देते हैं। राजा समाज, विधि एवं धर्म का विषय है। राजा दण्ड के अधीन है। दण्ड सामाजिक शक्ति का प्रतीक है। राजा दण्ड का प्रयोग समाजविरोधी तत्वों के विरुद्ध करता है। यदि वह दण्ड का दुरुपयोग करता है, तो उसका उपयोग उसके विरुद्ध भी सम्भव है।

> तस्यार्थे सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम् ।
> ब्राह्मतेजोमयं दण्डमसृजत्पूर्वमीश्वरः ॥
>
> तस्य सर्वाणि भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
> भयाद्भोगाय कल्पन्ते स्वधर्मान्न चलन्ति च ॥

तं देशकालौ शक्तिं च विद्यां चावेक्ष्य तत्त्वतः ।
यथार्हतः सम्प्रणयेन्नरेष्वन्यायवर्त्तिषु ॥

स राजा पुरुषो दण्डः स नेता शासिता च सः ।
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभूः स्मृतः ॥

दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति ।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः ॥

(म०अ०७ श्लोक १४-१८)

राजनीतिक सम्प्रभुता का प्रतीक राजा है । उसमें यह शक्ति प्रजा द्वारा प्रदत्त है । राजा प्रजा के संरक्षण के लिए है । प्रजा राजा के लिए नहीं है । अन्यायी राजा अपने जीवन और राज्य से हाथ धो बैठता है । आचार्य मनु वैसे राजा की बात करते हैं, जो वेद का ज्ञाता हो तथा अत्यनुशासित रहता हो । मनु का राजा विद्वान् होने के साथ ही जनकल्याण एवं राज्य के सुख समृद्धि का कारण बन सकता है । मनुस्मृति में राजा की दिनचर्या का उल्लेख इस बात का संकेत है कि वह कहीं से भी स्वच्छन्द अथवा स्वतन्त्र नहीं है । वह विधि, नियम एवं परम्परा के अधीन है ।

कार्यपालिका का दूसरा विभाग मंत्रिमण्डल है । राजा मंत्रियों की सहायता से शासन का संचालन करता है । मनु का मत है कि जो राजा मंत्री, सेनापति आदि सहायकों से रहित है, वह मूर्ख है, लोभी है, शास्त्रज्ञानविहीन है और विषयासक्त है । वह राज्यशासन न्यायपूर्वक नहीं कर सकता—

तं राजा प्रणयन्सम्यक् त्रिवर्गेणाभिवर्धते ।
कामात्मा विषमः क्षुद्रो दण्डेनैव निहयन्यते ॥

दण्डो हि सुमहत्तेजो दुर्धरश्चाकृतात्मभिः ।
धर्माद्विचलितं हन्ति नृपमेव सबान्धवम् ॥

ततो दुर्गं च राष्ट्रं च लोकं च सचराचरम् ।
अन्तरिक्षगतांश्चैव मुनीन्देवांश्च पीडयेत् ॥

सोऽसहायेन मूढेन लुब्धेनाकृतबुद्धिना ।
न शक्यो न्यायतो नेतुं सक्तेन विषयेषु च ॥

शुचिना सत्यसन्धेन यथाशास्त्रानुसारिणा ।
प्रणेतुं शक्यते दण्डः सुसहायेन धीमता ॥ (मनु ७.२७-३१)

राजा को मंत्रियों की नियुक्ति एवं पदच्युति का अधिकार है । मंत्रियों को युद्धशक्ति के विभाग, मुद्रा, पुलिस और नागरिक कार्य सौपे गये हैं ।

कार्यपालिका का तीसरा अंग लोकसेवा है। मनुस्मृति में लोकसेवाहेतु मेधावी, वफादार, बहादुर एवं कुलीन व्यक्तियों की नियुक्ति का अधिकार राजा को दिया गया है। अतएव स्पष्ट है कि मनु के अनुसार कार्यपालिका के तीन अंग होते हैं—राजा, जिनका कर्त्तव्य लोगों की सेवा करना होता है, उसी क्रम में जनता की सहायता हेतु सुपरीक्षित मंत्रिमण्डल एवं प्रशिक्षित लोकसेवकों, राज्य कर्मचारीयों की नियुक्ति करना आदि भी राजा के अधिकार एवं दायित्व के अन्तर्गत आता है।

अष्टम अध्याय में न्यायपालिका से सम्बन्धित विषयों का विवेचन विस्तारपूर्वक किया गया है। समाज के कुशलतापूर्वक संचालन हेतु विधि-व्यवस्था बनाये रखना, व्यक्ति एवं समाज के लिए उचित न्याय की व्यवस्था करना इसकी स्थापना का अधिकार है। न्यायपालिका का प्रधान राजा को माना गया है। न्याय-व्यवस्था हेतु विद्वान् ब्राह्मण की नियुक्ति की जाती है। तीन अन्य ब्राह्मण को नियुक्त कर राजा चार ब्राह्मणों को मिलाकर न्यायपालिका को न्यायिक संस्था का रूप प्रदान करता है।

यदा स्वयं न कुर्यात्तु नृपतिः कार्यदर्शनम्।
तदा नियुञ्ज्याद्विद्वांसं ब्राह्मणं कार्यदर्शने॥

सोऽस्य कार्याणि संपश्येत्सभ्यैरेव त्रिभिर्वृतः।
सभामेव प्रविश्याग्र्यामासीनः स्थित एव वा॥

यस्मिन्देशे निषीदन्ति विप्रा वेदविदस्त्रयः।
राज्ञश्चाधिकृतो विद्वान्ब्राह्मणस्तां सभां विदुः॥ (म०अ० ८.९-११)

मनु के अनुसार न्यायपालिका में १८ प्रकार के विवादों पर विचार होता है; जो निम्नवत् है—

१. ऋण लेना, २. धरोहर रक्षा ३. किसी वस्तु या भूमि आदि का स्वामी न होने पर भी उसे बेच देना, ४. अनेक व्यक्तियों का मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करना, ५. दान आदि में दी गयी सम्पति या किसी वस्तु को क्रोध, लोभ आदि के कारण वापस ले लेना, ६. नौकरों को वेतन या मजदूरों की मजदूरी देना, ७. पूर्व-निर्णीत सन्धिपत्रादि को नहीं मानना, ८. क्रय-विक्रय में विवाद उपस्थित होना, ९. स्वामी तथा रखवाली करने वाले में परस्पर विवाद होना, १०. सीमा के विषय में विवाद होना, ११. दण्ड-पारुष्य (अत्यधिक मारपीट करना), १२. वाक्पारुष्य (अनधिकार गाली आदि देना), १३. चोरी करना, १४. अतिसाहस करना (डाका डालना, आग लगाना आदि), १५. स्त्री का परपुरुष से सम्भोग आदि करना, १६. स्त्री-पुरुष का धर्म, १७. पैतृक (पिता के) धन-सम्पत्ति या भूमि आदि का बँटवारा करना और १८. जुआ खेलना या द्रव्यादि रखकर (बाजी लगाकर अर्थात् दाँव पर धन आदि लगाकर), पशु (भेड़ा, भैंस

आदि), पक्षी (मुर्गा, तीतर, बटेर आदि) को लड़ाना। ये १८ स्थान व्यवहार (मुकदमें) की स्थिति में रक्खे गये हैं।

यहाँ ध्यातव्य है कि न्याय करना राजा का पदेन कर्त्तव्य है तथा न्याय की अवहेलना किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। न्याय सामाजिक जीवन का आधार है। न्याय करते समय विभिन्न परिस्थितियाँ तथा उनसे सम्बधित मामलों को ध्यान में रखा जाना अनिवार्य है। सामाजिक स्थिति न्यायिक शक्ति का केन्द्रविन्दु है।

विधायिका—राज्य सरकार की तीसरी शक्ति विधायिका है, जो विधि-निर्माण की प्रक्रिया को पूरी करती है। यहाँ मनु ने कहा है कि इस कार्य में लगे लोग विशिष्ट विद्वान् होने चाहिए। उन्होंने वेदों या उसकी टीकाओं का भी ज्ञान उन विद्वानों के लिए अनिवार्य माना है; क्योंकि विधि श्रुति-स्मृति, सदाचार एवं आत्मविवेक से आती है। इस विधायिका संगठन को दशवरा तथा त्र्यम्वरा सभा कहा गया है, जिसमें सदस्यों की संख्या १० होती है उनको दशवरा सभा कहते हैं इसमें तीन व्यक्ति एक-एक वेद के ज्ञाता, एक निर्वक्ता, एक मीमांसक, एक निरुक्त, एक धर्मशास्त्रवक्ता एवं तीन व्यक्ति मुख्य व्यवसायों के होते हैं।

त्र्यम्वरा सभा तीनों वेदों के एक-एक विद्वान् को मिलाकर बनायी जाती है।

त्रैविद्यो हेतुकस्तर्की नैरुक्तो धर्मपाठक:।
त्रयश्चाश्रमिण: पूर्वे परिषत्स्याद्दशावरा॥ (मनु० १२.१११)

यहाँ ध्यातव्य है कि मनु विकेन्द्रित प्रशासनिक-व्यवस्था पर विशेष बल देते हैं। उनके अनुसार स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से राज्य के प्रत्येक भाग की सुरक्षा संभव है। शासन-व्यवस्था हेतु उन्होंने एक ग्राम, दश ग्राम, सौ ग्राम और एक हजार ग्रामों के पृथक्-पृथक् संगठनों की व्यवस्था की है।

करप्रणाली के विषय में मनु का स्पष्ट मत है कि राज्य की कर-व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये, जिसमें राज्य एवं नागरिक को समान लाभ प्राप्त हो सके एवं प्रजा पर अधिक कर का बोझ भी न पड़े।

यथा फलेन युज्येत राजा कर्ता च कर्मणाम्।
तथावेक्ष्य नृपो राष्ट्रं कल्पयेत्सततं करान्॥
यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यं वार्योकोवत्सषट्पदा:।
तथाल्पाल्पो ग्रहीतव्यो राष्ट्रद्राज्ञाब्दिक: कर:॥
(मनु०- ७.१२८-१२९)

आचार्य मनु ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का अध्ययन युद्ध एवं शास्त्र दो विषयों के अन्तर्गत किया गया है। उन्होंने युद्ध की विधियाँ, सन्धि, आक्रमण, सुरक्षा, शक्तियों

का बँटवारा, व्यूहरचना इत्यादि का भी वर्णन किया है। उन्होंने अन्ताराष्ट्रीय नीति के चार आधार निर्धारित किये हैं—समझौता, दुर्व्यवहार, राज्य का विभाजन एवं युद्ध।

मनुस्मृति में राज्य का सावयवरूप निर्धारित किया गया है। राज्य के घटक हैं—स्वामी, अमात्य, पुर, राष्ट्र, कोष, दण्ड तथा सुहृद्। ये सभी अंग एक-दूसरे से सम्बद्ध हैं। इनमें प्रत्येक अंग एक-दूसरे से अधिक शक्तिशाली है।

मनु ने राजा के कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। मुख्य रूप से राजा के दो कार्य हैं—आन्तरिक शक्ति-विकास एवं बाह्य शक्ति-नियंत्रण। मूल्य पर नियंत्रण करना राजा का आन्तरिक कर्त्तव्य है। समाज में उत्पन्न विवादों को निर्णीत करने में राजा की भूमिका निर्णायक होती है। श्रेणी एवं परिजन के मध्य विवाद का भी निपटारा राजा ही करता है।

जातिजानपदान्धर्माञ्श्रेणीधर्मांश्च धर्मवित्।
समीक्ष्य कुलधर्मांश्च स्वधर्मं प्रतिपादयेत्॥ (मनु०- ८.४१)

प्रत्येक वर्ण अपने निश्चित कार्यों में संलग्न रहता है या नहीं—यह देखना राजा का कर्त्तव्य है; अन्यथा सामाजिक व्यवस्था के छिन्न-भिन्न होने का खतरा रहता है—

वाणिज्यं कारयेद् वैश्यं कुसीदं कृषिमेव च।
पशूनां रक्षणं चैव दास्यं शूद्रं द्विजन्मनाम्॥ (मनु ८.४१०)

आचार्य मनु ने शिक्षा पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा है कि राजा को समुचित शिक्षा का प्रबन्ध करना चाहिए। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जो न तो नष्ट होता है, न ही उसे कोई चुरा सकता है। राजा को विद्वानों को पुरस्कृत करना चाहिये। उनका कथन है कि वेदज्ञ विद्वान् से राष्ट्र के कल्याण एवं समृद्धि में सहायता मिलती है। मनु ने सामाजिक समरसता को कायम रखने के लिए कुछ लोगों को करमुक्त रक्खा है; यथा—ग्रामीण स्त्री, संन्यासी, योगी, वेदज्ञ आदि पर कर का बोझ नहीं होना चाहिए। नाबालिकों के सम्पत्ति की रक्षा करनी चाहिये। नाबालिक ही समाज के बीज हैं। उन्होंने अपंगों की भी उचित देख-भाल करने की व्यवस्था करने को कहा है; जैसे—सन्तानविहीन स्त्रियाँ, विधवाओं एवं बीमार स्त्रियों की देखभाल करें। राजा अन्धे, लंगड़े, लूले, वृद्ध आदि से कर वसूल करने के लिए बल प्रयोग का निषेध किया है।

गर्भिणी तु द्विमासादिस्तथा प्रव्रजितो मुनिः।
ब्राह्मणा लिङ्गिनश्चैव दाप्यास्तारिकं तरे॥ (मनु०- ८.४०७)

इस प्रकार मनुस्मृति के द्वारा राजा को समस्त प्रजाओं को सभी प्रकार से सुरक्षा प्रदान करना तथा असामाजिकों को दण्डित करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

नवम अध्याय—नवें अध्याय में मनु स्त्री-पुरुष के धर्म के विषय में विशद् विवेचन प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि स्त्री की रक्षा बचपन में पिता, युवावस्था में पति एवं वृद्धावस्था में पुत्र करता है—

पिता रक्षति कौमारे भर्त्ता रक्षति यौवने ।
रक्षन्ति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति ॥ (मनु०-९.३)

यहाँ मनु का विशेष अभिप्राय वैदिक मूल्यों का संरक्षण करना है । असंयमित काम से बलात्कार जैसी सामाजिक बुराई का जन्म होता है । वे बलात्कारी के लिये कठोर दण्ड की व्यवस्था करते हैं—

न कश्चिद्योषितः शक्तः प्रसह्य परिरक्षितुम् ।
एतैरुपाययोगैस्तु शक्यास्ताः परिरक्षितुम् ॥ (मनु०-९.१०)

स्त्रीरक्षा के उपाय का विशेष रूप से वर्णन करते हुए मनु कहते हैं कि पिता, पति या पुत्रादि अभिभावक उस स्त्री को धनसंग्रह, व्यय, वस्तु तथा पदार्थों की शुद्धि, पति तथा अग्नि की सेवा (पति एवं गुरुजन की शुश्रूषा तथा अग्निष्टोम कर्म), घर तथा घर के बर्तन आदि की सफाई में नियुक्त करे । धर्मपूर्वक भी उनकी रक्षा अनिवार्य है । स्त्रियों के छः दोष विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—(मद्यादि मादक द्रव्यों का) पति के साथ विरह, इधर-उधर घूमना, (असमय में) सोना और दूसरों के घर में विवाद करना— ये स्त्रियों के छः दोष हैं । स्त्रियों का स्वभाव, स्त्रियों की सामान्य क्रिया का निषेध, व्यभिचार-प्रायश्चित्त, पति-गुणानुकूल स्त्री-गुण होना, पति-संसर्ग से स्त्री-प्रशंसा, अव्यभिचार का सत्पुत्र, व्यभिचार का कुपुत्र, क्षेत्र के अप्राधान्य में दृष्टान्त, पर-स्त्री में बीजवपन का निषेध, पुत्राधिकारी होने का उदाहरण, स्त्री-पुरुष की एकता, विक्रय या त्याग से स्त्रीत्व से अनुमित भाग-विभाजनादि, एक बार सेव्य स्त्री-धर्म, वियोग प्रकरण की व्याख्या का भी विस्तृत रूप से वर्णन किया है । नियोगनिन्दा, वर्णसङ्कर, वाग्दत्ता कन्या के पति के मरने पर दूसरे पति से विवाह, सप्तपदी से पूर्व दोषवती कन्या का त्याग, स्त्री के मद्यपायन करने पर राजदण्ड, वर्णानुसार स्त्रियों का दाय क्रियाज्ञानादि सजातीय स्त्री के संग धर्मकार्य का विधान, गुणी वर के लिए कन्या का विधान, स्वयं वरण का समय, विवाह की आवश्यकता, स्त्री के साथ धर्म कार्यार्थ सम्भोग करने का विधान है—

प्रजनार्थं स्त्रियः सृष्टाः सन्तानार्थं च मानवाः ।
तस्मात्साधारणो धर्मः श्रुतौ पत्न्या सहोदितः ॥ (मनु०- ९.९६)

पति से किसी प्रकार का शुल्क प्राप्त करना निन्दनीय माना गया है । तदनन्तर दायभाग का भी विवेचन प्राप्त होता है । इसमें बड़े भाई का विशेष अधिकार प्राप्त है

और पितृवत् ही वह सभी अनुजों को प्रेम और व्यवहार प्रदान करे। ज्येष्ठपुत्र को विशेष महत्त्व प्रदान किया है। पितृधन में कन्या को भी अधिकार प्राप्त है। पुत्रहीन पिता कन्यादान करते समय—इस कन्या से जो पुत्र प्राप्त होगा, वह मेरी श्राद्धादि पारलौकिक क्रिया करने वाला होगा—ऐसा जामाता से कहकर उस कन्या का 'पुत्रिका' कर्म करे। मनु ने कहा है कि पिता पुत्र से स्वर्ग आदि उत्तम लोकों को प्राप्त करता है, पौत्र (पुत्र के पुत्र = पोते) से उन लोकों में अनन्त काल तक निवास करता है तथा परपौत्र (पुत्र के पौत्र परपोते) से सूर्यलोक को प्राप्त करता है। जिस कारण पुत्र पुंनामक नरक से पिता की रक्षा करता है, उस कारण से स्वयं ब्रह्मा ने उसे पुत्र कहा है—

पुत्रेण लोकाञ्जयति पौत्रेणानन्त्यमश्नुते।
अथ पुत्रस्य पौत्रेण ब्रध्नस्याप्नोति विष्टपम्॥
पुंनाम्नो नरकाद्यस्मात्त्रायते पितरं सुतः।
तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवा॥ (मनु०-९.१३७-१३८)

मनु ने पुत्रहीन पिता कि लिए दत्तक पुत्र का विधान किया है। ब्राह्मण के चारो वर्णों की स्त्रियों से विवाह करने का विधान है और अंश का भी विभाजन किया गया है।

आचार्य मनु छः प्रकार के पुत्र को दायाद (पितृधन के भागी) मानते हैं, वे हैं— औरस, क्षेत्रज, दत्तक, कृत्रिम, गूठोत्पन्न तथा अपविद्ध।

यहाँ विशेष रूप से ध्यातव्य है कि दायभाग में आचार्य मनु ने सूक्ष्म से सूक्ष्म नियमों तक विधान किया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति छूट न जाय तथा राजव्यवस्था में भी सभी की सहभागिता हो, ऐसा जो नहीं करता है, उसे तो वे राष्ट्रद्रोही मानते हैं। मनु के अनुसार राजा युग स्वरूप है। राजा अपने आचरण एवं व्यवहार से सबका पालन पोषण करता है। मनु ने सभी वर्णों को अधिकार से अधिक कर्त्तव्य पर ब्रह्म दिया है।

दशम अध्याय—इस अध्याय में मनु ने वेदाध्ययन का अधिकार तो द्विज अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य को प्रदान किया है, लेकिन उसकी व्यवस्था का अधिकार केवल ब्राह्मण को ही है। यथा—

अधीन्यीरंस्त्रयो वर्णाः स्वकर्मस्था द्विजातयः।
प्रब्रूयाद् ब्राह्मणस्तेषां नेतराविति निश्चयः॥ (मनु०-१०.१)

मनु ने सभी वर्णों के कर्त्तव्याकर्त्तव्य पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने आपत्ति-काल में वर्णों के कर्त्तव्य का भी विशद् विवेचन प्रस्तुत किया है। राजा को सभी वर्णों को दण्डित करने का अधिकार है, केवल ब्राह्मण वर्ण को छोड़कर। इस विषय में मनु

का विचार है कि पाप एवं अपराध की प्रवृत्ति ब्राह्मण में नहीं होती है, ऐसा तभी होता है जब राजा भ्रष्ट अथवा मूर्ख होता है—

एते चतुर्णां वर्णानामापद्धर्माः प्रकीर्तिताः ।
यान् सम्यगनुतिष्ठन्तो व्रजन्तिपरमां गतिम् ।। (मनु०-१०.१३०)

मनु ने सजातीय कथन, पिता की जाति के समान जाति होना, वर्णसङ्कर का लक्षण तथा उसके दो भेद अनुलोमज और प्रतिलोमज की भी चर्चा की है । उन्होंने वर्ण-चतुष्टय के सामान्य धर्म का विधान बताते हुए ब्राह्मण वर्ण के षट् कर्मों का भी विधान किया है—

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहश्चैव षट्कर्माण्यग्रजन्मनः ।। (मनु०-१०-७५)

अर्थात् साङ्ग वेदों का अध्यापन, अध्ययन, यजन, याजन दान देना और दान लेना—ये छः कर्म ब्राह्मणों के हैं । इनमें तीन कर्म जीविका के लिए—साङ्ग वेदाध्यापन, यज्ञ कराना और दान लेना ब्राह्मण की जीविका के लिए हैं । क्षत्रियों के तीन कर्म कहे गये हैं--

त्रयो धर्मा निवर्तन्ते ब्राह्मणात् क्षत्रियं प्रति ।
अध्यापनं याजनं च तृतीयश्च प्रतिग्रहः ।। (मनु०-१०.७७)

अर्थात् ब्राह्मण की अपेक्षा क्षत्रियों के तीन कर्म—वेदाध्ययन, यज्ञ कराना तथा दान लेना निवृत्त होते हैं । अतः क्षत्रियों को इन तीन कर्मों को छोड़कर शेष तीन कर्म (वेदाध्ययन, यज्ञ करना तथा दान देना) ये ही करने चाहिए ।

वैश्यों के कर्म का भी विधान उन्होंने प्रस्तुत किया है । वैश्य के लिये भी सामान्य धर्म का पालन करने का ही विधान कर्म मान्य है । उन्होंने आपद्धर्म का भी विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया है । कुछ वर्णित कर्म आपत्काल में भी नहीं करने का विधान है । उस काल में शिला तथा उञ्छ से भी जीविका चलाना चाहिए । वे सप्तविध धर्मयुक्त धनागम का विवेचन करते हैं—

सप्त वित्तागमा धर्म्या दायो लाभः क्रयो जयः ।
प्रयोगः कर्मयोगश्च सत्प्रतिग्रह एव च ।। (मनु०-१०.११५)

अर्थात्—

१- दाय (धर्मयुक्त पितृ-सम्पत्ति का भाग)

२- लाभ (मूलधन या मियादि प्राप्त)

३- खरीदा हुआ

४- जय (धर्मपूर्वक किये गये युद्ध में विजय से प्राप्त)

५- प्रयोग (व्याज अर्थात् सूद आदि के द्वारा प्राप्त)

६- कर्मयोग (खेती तथा व्यापार आदि उद्योग करने से प्राप्त)

७- सत्यप्रतिग्रह (शास्त्रोक्त दान से प्राप्त)।

ये सात धन के लाभ होने के स्थान धर्मयुक्त कहे गये हैं। जीवन-निर्वाह के इस हेतुओं की चर्चा करते हुए कहते हैं—१- विद्या (वेद-वेदाङ्गादि का तथा वैद्यक, तर्क, विष-निराकरण आदि की विद्या), २-शिल्प (वस्त्र, तैलादि को सुगन्धित करना), ३-भृति (इत्रादि बनाकर वेतन लेना), ४- सेवा (दूसरों की दासता, नौकरी करना), ५- गोरक्षण (गौ तथा अन्य पशुओं का पालन-संवर्धन आदि), ६-व्यापार, ७- खेती, ८- धैर्य (थोड़े धन पूर्वक भी सन्तोष से निर्वाह करना), ९- भिक्षासमूह और १०- सूद—ये इस जीवन-निर्वाह के हेतु हैं। वे राजाओं के भी आपद्धर्म का विधान किये हैं। प्रकार इस अध्याय में आपद्धर्म पर भी विशेष चर्चा की गई है।

एकादश अध्याय में मनु ने नवविध स्नातकों को दान देना तथा वेदी के भीतर भिक्षान्न देने का विधान किया गया है।

सान्ताकिकं यक्ष्यमाणमध्वगं सर्ववेदसम्।
गुर्वर्थं पितृमात्रर्थं स्वाध्यायार्थ्युपतापिनः॥
नवैतान्स्नातकान्विद्याद् ब्राह्मणान्धर्मभिक्षुकान्।
निःस्वेभ्यो देयमेतेभ्यो दानं विद्याविशेषतः॥ (मनु०-११.१-२)

अर्थात् सन्तानार्थ विवाहेच्छुक, यज्ञ करने का इच्छुक, पथिक, विश्वजित् आदि यज्ञ करने में अपनी समस्त सम्पत्ति को दान किया हुआ, विद्या गुरु, पिता-माता के लिए भोजन देने के इच्छुक, पढ़ने के लिए भोजन-वस्त्र का इच्छुक और रोगी—इन नव-विध स्नातक ब्राह्मणों को धर्मभिक्षु जानना चाहिए तथा इनके निर्वाह के लिए गौ, सोना, अन्न और वस्त्र आदि दान देना चाहिए। उन्होंने सोमयाग के अधिकारी, एकांग-हीन-यज्ञपूर्त्यर्थ वैश्य आदि से धन लाना, छः उपवास के बाद नीच से भी अन्न लाने का विधान किया है।

वे यज्ञशील के धन की प्रशंसा करते हैं। यज्ञार्थ शूद्र से भिक्षा लेने की तथा यज्ञार्थ धन लेकर बचाने का विशेष रूप से निषेध करते हैं। यज्ञ का प्रतिनिधि कैसा होना चाहिए। ब्राह्मणादि को स्वशक्ति से शत्रु पर विजय करना चाहिए। मनु कन्या तथा मूर्खादि को अग्निहोम करने का निषेध करते हैं। कम दक्षिणा देने से यज्ञ कर्त्ता को क्षति पहुँचती है। अगर सामर्थ्ययुक्त व्यक्ति हो, तो उसे अग्निहोम अवश्य करना चाहिए तथा नहीं करने पर प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। प्रायश्चित्त के योग्य मनुष्य तथा

का विचार है कि पाप एवं अपराध की प्रवृत्ति ब्राह्मण में नहीं होती है, ऐसा तभी होता है जब राजा भ्रष्ट अथवा मूर्ख होता है—

एते चतुर्णां वर्णानामापद्धर्माः प्रकीर्तिताः।
यान् सम्यगनुतिष्ठन्तो व्रजन्तिपरमां गतिम् ॥ (मनु०-१०.१३०)

मनु ने सजातीय कथन, पिता की जाति के समान जाति होना, वर्णसङ्कर का लक्षण तथा उसके दो भेद अनुलोमज और प्रतिलोमज की भी चर्चा की है । उन्होंने वर्ण-चतुष्टय के सामान्य धर्म का विधान बताते हुए ब्राह्मण वर्ण के षट् कर्मों का भी विधान किया है—

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा।
दानं प्रतिग्रहश्चैव षट्कर्माण्यग्रजन्मनः ॥ (मनु०-१०-७५)

अर्थात् साङ्ग वेदों का अध्यापन, अध्ययन, यजन; याजन दान देना और दान लेना—ये छः कर्म ब्राह्मणों के हैं । इनमें तीन कर्म जीविका के लिए—साङ्ग वेदाध्यापन, यज्ञ कराना और दान लेना ब्राह्मण की जीविका के लिए हैं । क्षत्रियों के तीन कर्म कहे गये हैं--

त्रयो धर्मा निवर्तन्ते ब्राह्मणात् क्षत्रियं प्रति।
अध्यापनं याजनं च तृतीयश्च प्रतिग्रहः ॥ (मनु०-१०.७७)

अर्थात् ब्राह्मण की अपेक्षा क्षत्रियों के तीन कर्म—वेदाध्ययन, यज्ञ कराना तथा दान लेना निवृत्त होते हैं । अतः क्षत्रियों को इन तीन कर्मों को छोड़कर शेष तीन कर्म (वेदाध्ययन, यज्ञ करना तथा दान देना) ये ही करने चाहिए।

वैश्यों के कर्म का भी विधान उन्होंने प्रस्तुत किया है । वैश्य के लिये भी सामान्य धर्म का पालन करने का ही विधान कर्म मान्य है । उन्होंने आपद्धर्म का भी विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया है । कुछ वर्णित कर्म आपत्काल में भी नहीं करने का विधान है । उस काल में शिला तथा उञ्छ से भी जीविका चलाना चाहिए । वे सप्तविध धर्मयुक्त धनागम का विवेचन करते हैं—

सप्त वित्तागमा धर्म्या दायो लाभः क्रयो जयः।
प्रयोगः कर्मयोगश्च सत्प्रतिग्रह एव च ॥ (मनु०-१०.११५)

अर्थात्—

१- दाय (धर्मयुक्त पितृ-सम्पत्ति का भाग)

२- लाभ (मूलधन या मियादि प्राप्त)

३- खरीदा हुआ

४- जय (धर्मपूर्वक किये गये युद्ध में विजय से प्राप्त)

५- प्रयोग (व्याज अर्थात् सूद आदि के द्वारा प्राप्त)

६- कर्मयोग (खेती तथा व्यापार आदि उद्योग करने से प्राप्त)

७- सत्यप्रतिग्रह (शास्त्रोक्त दान से प्राप्त)।

ये सात धन के लाभ होने के स्थान धर्मयुक्त कहे गये हैं। जीवन-निर्वाह के इस हेतुओं की चर्चा करते हुए कहते हैं—१- विद्या (वेद-वेदाङ्गादि का तथा वैद्यक, तर्क, विष-निराकरण आदि की विद्या), २-शिल्प (वस्त्र, तैलादि को सुगन्धित करना), ३-भृति (इत्रादि बनाकर वेतन लेना), ४- सेवा (दूसरों की दासता, नौकरी करना), ५- गोरक्षण (गौ तथा अन्य पशुओं का पालन-संवर्धन आदि), ६-व्यापार, ७- खेती, ८- धैर्य (थोड़े धन पूर्वक भी सन्तोष से निर्वाह करना), ९- भिक्षासमूह और १०- सूद—ये इस जीवन-निर्वाह के हेतु हैं। वे राजाओं के भी आपद्धर्म का विधान किये हैं। प्रकार इस अध्याय में आपद्धर्म पर भी विशेष चर्चा की गई है।

एकादश अध्याय में मनु ने नवविध स्नातकों को दान देना तथा वेदी के भीतर भिक्षान्न देने का विधान किया गया है।

सान्ताकिकं यक्ष्यमाणमध्वगं सर्वदेसम्।
गुर्यर्थं पितृमात्रर्थं स्वाध्यायार्थ्युपतापिनः॥
नवैतान्स्नातकान्विद्याद् ब्राह्मणान्धर्मभिक्षुकान्।
निःस्वेभ्यो देयमेतेभ्यो दानं विद्याविशेषतः॥ (मनु०-११.१-२)

अर्थात् सन्तानार्थ विवाहेच्छुक, यज्ञ करने का इच्छुक, पथिक, विश्वजित् आदि यज्ञ करने में अपनी समस्त सम्पत्ति को दान किया हुआ, विद्या गुरु, पिता-माता के लिए भोजन देने के इच्छुक, पढ़ने के लिए भोजन-वस्त्र का इच्छुक और रोगी—इन नव-विध स्नातक ब्राह्मणों को धर्मभिक्षु जानना चाहिए तथा इनके निर्वाह के लिए गौ, सोना, अन्न और वस्त्र आदि दान देना चाहिए। उन्होंने सोमयाग के अधिकारी, एकांग-हीन-यज्ञपूर्त्यर्थ वैश्य आदि से धन लाना, छः उपवास के बाद नीच से भी अन्न लाने का विधान किया है।

वे यज्ञशील के धन की प्रशंसा करते हैं। यज्ञार्थ शूद्र से भिक्षा लेने की तथा यज्ञार्थ धन लेकर बचाने का विशेष रूप से निषेध करते हैं। यज्ञ का प्रतिनिधि कैसा होना चाहिए। ब्राह्मणादि को स्वशक्ति से शत्रु पर विजय करना चाहिए। मनु कन्या तथा मूर्खादि को अग्निहोम करने का निषेध करते हैं। कम दक्षिणा देने से यज्ञ कर्त्ता को क्षति पहुँचती है। अगर सामर्थ्ययुक्त व्यक्ति हो, तो उसे अग्निहोम अवश्य करना चाहिए तथा नहीं करने पर प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। प्रायश्चित्त के योग्य मनुष्य तथा

कर्त्तव्य, प्रायश्चित्त में मतभेद एवं प्रायश्चित्त शब्द का अर्थ भी समझाया गया है—

प्रायो नाम तप: प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।
तपोनिश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तमिति स्मृतम् ॥ (मनु०-११.५)

अर्थात् 'प्राय:' तप को कहते हैं और 'चित्त' निश्चय को कहते हैं; अत एव तप का निश्चय के साथ संयुक्त होना 'प्रायश्चित्त' कहा जाता है । कुरूप होने में कारण सुवर्ण-चौर्यादि से कुनखित्वादि होना आदि कहा गया है । वे पञ्चमहापातक की चर्चा अपनी स्मृति में विशेष रूप से करते हैं—

ब्रह्महत्या सुरापानं स्तेयं गुर्वङ्गनागम: ।
महान्ति पातकान्याहु: संसर्गश्चापि तै: सह ॥ (मनु०-११.५४)

अर्थात् १· ब्रह्महत्या करना, २-निषिद्ध मद्य का पीना, ३- ब्राह्मण के सुवर्ण को चुराना, ४- गुरु की भार्या के साथ सम्भोग करना और इन चारो में से किसी एक के साथ भी एक वर्ष तक संसर्ग—ये पाँच महापातक हैं । इन पञ्चमहापातकों के समान कर्म भी बतलाये गये हैं । तत्पश्चात् उपपातक आदि का भी विधान करते हैं । यथा—

गोवधोऽयाज्यसंयाज्यं पारदार्यात्मविक्रया: ।
गुरुमातृपितृत्याग: स्वाध्यायाग्न्यो: सुतस्य च ॥ (मनु०- ११.५८)

अर्थात् गोवध, अयाज्य-यजन, परस्त्रीगमन, आत्मविक्रय, गुरु माता-पिता का त्याग अर्थात् उनकी सेवा शुश्रूषा नहीं करना, ब्रह्मयज्ञ (वेदाध्ययन), स्मार्त अग्नि और पुत्र का त्याग (पुत्र को संस्कृत तथा भूषणादि से अलंकृत नहीं करना आदि अनेक उपपातक का वर्णन किया है तथा उसके प्रायश्चित्त का भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई है ।

द्वादश अध्याय में मनु मृत्यु के माध्यम से अपनी बात आगे बढ़ाते हैं । व्यक्ति के शारीरिक, वाचिक एवं मानासिक कर्म से उसकी शुभ एवं अशुभ फल की प्राप्ति होती है । दूसरा तथ्य है कि क्रिया-प्रतिक्रिया के फलस्वरूप व्यक्ति उत्तम, मध्यम एवं अधमगति को प्राप्त होता है । यथा—

शुभाशुभफलं कर्म मनोवाग्देहसंभवम् ।
कर्मजा गतयो नृणामुत्तमाधममध्यमा: ॥ (मनु०-१२.३)

अर्थात् उसके शरीरसम्बन्धी विविध (उत्तम, मध्यम, अधम) एवं दश लक्षण-युक्त मन, वाणी एवं शरीर के अधिष्ठानों के आश्रय में रहने वाले धर्मों के प्रवर्त्तक व्यक्ति का मन एवं भावनायें होती हैं । तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है कि व्यक्ति मन में जो विचार करता है, वही कर्म करता है । आचार्य मनु ने दस लक्षण वाले कर्मों में विविध मानासिक कर्मों को स्पष्ट किया है ।

१- दूसरों की सम्पत्ति को अन्यायपूर्वक लेने का विचार करना २- मन से निषिद्ध कर्मों को करने की इच्छा करना, ३- असत्य, हठ, मानसिक अशुभ कार्य हैं ।

परद्रव्येष्वभिध्यानं मनसानिष्टचिन्तनम् ।
वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसम् ॥ (मनु०-१२.५)

मनु ने स्पष्ट किया है कि जिस व्यक्ति में वाग्दण्ड, मनोदण्ड, शरीरदण्ड—ये तीनों स्थित हैं, वही दुष्कर्मों से रहित पूर्ण व्यक्ति है ।

मनु का अभिप्राय है कि यदि प्राणी मनुष्य-शरीर से धर्म-कर्म करता है, तो वह स्वर्गसुख भोगता है; लेकिन पाप करता है तो वह नरक को जाता है ।

मनु ने मनुष्य में रहने वाले सत्य एवं तम प्रवृत्तियों की भी व्याख्या विस्तृत रूप से की है । उन्होंने कहा है कि शुभ कर्मों से मनुष्य अपने कर्मदोषों का नाश कर सकता है । अतः मनुष्य को समाहित चित्त होकर सत्,असत् सभी को अपने में देखना चाहिए ।

यहाँ यह ध्यातव्य है कि मनुष्य के सभी कर्मों, व्यवहारों, आचारों का सम्यक् विवेचन इस स्मृति में विशद् रूपेण वर्णित है ।

धर्मशास्त्र-प्रवर्त्तक ऋषि

स्मृतियों के सन्दर्भ में संख्याविषयक मतभेद भी स्पष्टतः परिलक्षित होता है । भिन्न-भिन्न ऋषियों द्वारा अलग-अलग संख्या में अनेकानेक ऋषियों को धर्मशास्त्र-प्रवर्त्तक के रूप में मान्यता प्रदान की गई है । महर्षि याज्ञवल्क्य ने अपनी के याज्ञ-वल्क्यस्मृति (१.४-५) में धर्मशास्त्र-प्रवर्त्तक ऋषियों को निम्नवत् परिगणित किया है—

मन्वत्रि-विष्णु-हारीत-याज्ञवल्क्योशनोऽङ्गिराः ।
यमापस्तम्ब-संवर्ताः कात्यायन-बृहस्पती ॥
पराशर-व्यास-शङ्ख-लिखिता दक्ष-गौतमौ ।
शातापतो वसिष्ठश्च धर्मशास्त्र-प्रवर्त्तकाः ॥

जबकि देवल (बालम्भट्टी) के अनुसार यह संख्या निम्नवत् है—

मनुर्यमो वसिष्ठोऽत्रिर्दक्षो विष्णुस्तथाऽङ्गिराः ।
उशना वाक्पतिर्व्यास आपस्तम्बोऽथ गौतमः ॥
कात्यायनो नारदश्च याज्ञवल्क्यः पराशरः ।
संवर्तश्चैव शङ्खश्च हारीतो लिखितस्तथा ॥

इसी प्रकार बोधायन के अनुसार (स्वसमेत) ८, वसिष्ठ के अनुसार ६, आपस्तम्ब के अनुसार ११, पराशर के अनुसार २०, कुमारिलभट्ट के अनुसार १८ तथा पैठी-नसि के अनुसार ३६ ऋषियों को स्मृतिकार के रूप में परिगणित किया गया है। इन स्मृतियों के अतिरिक्त १८ उपस्मृतियों तथा २१ अन्य स्मृतियों का भी नाम आता है।

मनुस्मृति का सर्वातिशायित्व

मनुस्मृति का प्रभाव भारत ही नहीं; अपितु भारतेतर देशों पर भी पड़ा है। सत्य तो यह है कि यह भारतीय ग्रन्थ न होकर विश्वग्रन्थ के रूप में वन्द्य है। दक्षिण-पूर्व एशिया से लेकर चीन, फारमोसा, फिलीपीन्स, न्यूजीलैण्ड तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों की सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था पर भी मनुस्मृति का प्रभाव दृग्गोचर होता है। मनु द्वारा प्रतिपादित धर्म, भाषा, वंश, राजनीति के प्रसार के सङ्केत उन देशों में स्पष्टतः परिलक्षित होते हैं। सुमेरिया की परम्परा में स्थापित दैवी विधि तथा सूर्यमन्त्र एवं वैदिक मन्त्र की समानता वैदिक परम्परा का द्योतक है। इसके अतिरिक्त अन्यान्य देशों पर भी वैदिक परम्परा की छाया दिखाई पड़ती है, जिसका श्रेय मनु-स्मृति को ही जाता है। वर्मा आदि देशों के विधिपुस्तक अर्थात् कानून की किताबें तो मनुस्मृति से सर्वथा प्रभावित दिखाई देती हैं। विश्ववन्द्य मनुस्मृति की लोकप्रियता इसी से सिद्ध हो जाती है कि विश्व के प्रायः सभी भाषाओं में आज इसका अनुवाद किया जा चुका है।

भारतीय जीवन, जीवनपद्धति, भारतीय कानून, विधान आदि का तो अस्तित्व भी मनुस्मृति के विना कल्पना से परे की बात है। सत्य तो यह है कि मनुस्मृति एक धार्मिक पुस्तक (धर्मशास्त्र) के साथ-साथ सामाजिक संहिता भी है, जो कि विश्वमानव को जन्म से मृत्युपर्यन्त सुसंगठित, सुसज्जित तथा संस्कारित करने का दीर्घ काल से कार्य करता चला आ रहा है।

यद्यपि मनुस्मृति के सैकड़ों संस्करण अब तक प्रकाशित हो चुके हैं; फिर भी कोई भी ऐसा संस्करण उपलब्ध नहीं होता, जो मनु के भावों को सरलतापूर्वक सामान्य जन को हृदयङ्गम कराने में सक्षम सिद्ध हो सके। किसी संस्करण में हिन्दी टीका होने पर मूल भाष्य का अभाव है तो किसी संस्करण की हिन्दी व्याख्या ही ग्रन्थकार के भाव को स्पष्ट करने में असहाय दिखाई देती है। अतः सुरभारती की सेवा में अविच्छिन्न रूप से जुड़े चौखम्बा कृष्णदास अकादमी के सञ्चालकद्वय श्री वृजमोहन दास गुप्त एवं श्री कमलेश कुमार गुप्त ने मनुस्मृति को उसकी अतिप्राचीन तथा सर्वतोभावेन प्रतिष्ठित मेधातिथि टीका के साथ विमर्श द्वारा मनु के भावों को पूर्णतः स्पष्ट करते हुये विश्व-व्यवस्था के प्राणभूत उक्त मनुस्मृति को सर्वसाधारण के लिए उपयोगी बनाने वाली

लब्धप्रतिष्ठ मणिप्रभा हिन्दी टीका के साथ सम्पादित करने का आग्रह किया था, जिसे मूर्त्त स्वरूप प्रदान करना अब सम्भव हो सका है। ग्रन्थकार के मूल भाव को स्पष्ट रूप से विस्तार के साथ विमर्श द्वारा सामान्य लोगों के लिये बोधगम्य बनाने में प्रकृत संस्करण सहायक सिद्ध होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। एतदर्थ प्रस्तुत संस्करण के प्रकाशक चौखम्बा कृष्णदास अकादमी के सञ्चालकद्वय सर्वविध साधुवाद के पात्र हैं, जिन्होंने इस महनीय ग्रन्थ का प्रकाशन कर सर्वसाधारण को सुलभ कराने का सराहनीय प्रयास किया है।

वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में पुस्तकों का लेखन एवं सम्पादन वस्तुतः एक सर्वथा दुष्कर कार्य है, जो गुरुकृपा एवं आवश्यक परिवेश के अभाव में कथमपि सम्भव नहीं है। प्रकृत संस्करण भी पूज्य आचार्य प्रो० श्रीनारायण मिश्र, पूर्व अध्यक्ष, कला सङ्काय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा महामहोपाध्याय पद्मभूषण पं० गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर जी की कृपा एवं वात्सल्यवत् स्नेह का ही प्रतिफल है। एतदर्थ सर्वप्रथम उन दोनों के श्रीचरणों में नमन करना मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ। इस अवसर पर अपने विभागीय गुरुजनों सर्वश्री प्रो० श्रीकिशोर मिश्र, डॉ० उमेशप्रसाद सिंह, डॉ० पर्णदत्त सिंह, डॉ० आनन्द कुमार श्रीवास्तव, डॉ० जमुना पाठक आदि से प्राप्त स्नेह को भी मैं कथमपि विस्मृत नहीं कर सकता। इसी क्रम में अपने पितृचरण डॉ० विजय शर्मा, प्राध्यापक, श्री वेङ्कटेश पराङ्कुश संस्कृत महाविद्यालय, अस्सी, वाराणसी, प्रवर्त्तक, ''श्रीपराङ्कुश पञ्चाङ्गम्'' जिनके स्नेहाभिषिञ्चन द्वारा अपनी बाल्यावस्था से ही अनवरत अभिषिक्त होने के फलस्वरूप आज मैं एवंविध दुरूह कार्य को करने में सक्षम हो सका हूँ, अतः उनके श्रीचरणों में कोटिशः नमन करते हुए स्नेह का सतत आकांक्षी हूँ।

आज अपने मामा डॉ० शिवदीपक शर्मा, रीडर, संस्कृत विभाग, अन्तर्गत बाबा भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय—लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर, बिहार तथा चाचा श्री विनय कुमार, डॉ० रविन्द्र कुमार, श्री श्रीनिवास शर्मा, वेङ्कटेश पराङ्कुश संस्कृत महाविद्यालयीय परिवार, डॉ० विजय कुमार राय, प्राचार्य, प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराञ्चल से प्राप्त स्नेह को विस्मृत करना कथमपि सम्भव नहीं है। साथ ही साथ अपने बन्धुओं—चिरञ्जीवी कौशल, विकास, शुभम् एवं भगिनियों—पद्मा, भार्गवी एवं कमला (मालिक) को शतशः शुभाशीर्वचनों से सिक्त करना सर्वविध उपयुक्त होगा, क्योंकि इनके द्वारा अहर्निश उत्साहवर्द्धन के परिणामस्वरूप ही इस महनीय कार्य को सम्पन्न करने में मैं समर्थ हो सका हूँ।

प्रकृत कार्य में जिन विद्वानों की कृतियों से सहायता ली गई है, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए दृष्टिदोष के कारण इस पुस्तक में होने वाली न्यूनताओं एवं

च्युतियों के लिए सुधी पाठकों से क्षमा प्रार्थी हूँ।

आशा एवं विश्वास है कि मनुस्मृति का प्रकृत संस्करण विद्वज्जनों एवं सामान्य पाठकों—दोनों के लिये ही सर्वविध उपयोगी सिद्ध होगा और वे मनु के भावों को आत्मसात करने में समर्थ हो सकेंगे।

अन्त में अपने दीक्षागुरु के प्रति नमन करना सर्वतोभावेन आवश्यक समझता हूँ, जिनके कृपाकटाक्षों से सिञ्चित होने के प्रसादस्वरूप ही मैं इस सारस्वत-साधना में प्रवृत्त हो सका हूँ—

श्रीराजेन्द्रयतीन्द्रपादयुगले सद्भक्तिमानन्वहं
श्रीकौण्डिन्यकुले पराङ्कुशमुनीर्जातौ महाब्धौ विधुः।
तत्पादाश्रितलब्धबोधनिखिलं श्रीरङ्गरामानुजं
श्रीमत्काश्यपवंशजं गुरुवरं भक्त्या सदा संश्रये॥
कौण्डिन्यगोत्रसरसीरुहबालभानुं श्रीरङ्गदेशिकपदाब्जरसैकभृङ्गम्।
राजेन्द्रसूरिचरणाश्रितमप्रमेयं श्रीमत्पराङ्कुशगुरुं शरणं प्रपद्ये॥

विजया दशमी **—केशव किशोर कश्यप**
सं० २०६३

विषयानुक्रमणी

(प्रथम से षष्ठ अध्याय पर्यन्त)

द्वितीय अध्याय

तृतीय अध्याय

चतुर्थ अध्याय

पञ्चम अध्याय

।। श्रीः ।।

मनुस्मृतिः

मेधातिथिकृत'मनुभाष्य'हरगोविन्दशास्त्रीकृत'मणिप्रभा'हिन्दीटीकासहिता

प्रथमोऽध्यायः

मनुमेकाग्रमासीनमभिगम्य महर्षयः ।
प्रतिपूज्य यथान्यायमिदं वचनमब्रुवन् ।।१।।

*** मनुभाष्य ***

वेदान्तवेद्यतत्त्वाय जगत्त्रितयहेतवे ।
प्रध्वस्ताशेषदोषाय परस्मै ब्रह्मणे नमः ।।१।।

चतुर्भिः पदश्लोकैर्विशिष्टकर्तृत्वमनन्यप्रमाणवेद्यपुरुषार्थोपदेशकत्वं चास्य शास्त्रस्य प्रतिपाद्यते प्रतिष्ठार्थम् । प्रतिष्ठिते हि शास्त्रे कर्तृभिः स्वर्गयशसी प्राप्येते यावत्संसार-मनपायिनी च भवतः । शास्त्रं च प्रतिष्ठां लभते यदि तत्र केचिदध्ययनश्रवणचिन्तनादिषु प्रवर्तन्ते । न च बुद्धिपूर्वव्यवहारिणोऽध्ययनादिष्वनवधृतप्रयोजनाः प्रवर्तितुमर्हन्ति । अतः पुरुषार्थसिद्धावुपायपरिज्ञानार्थमिदं शास्त्रमारभ्यते इत्येतत्प्रतिपादनार्थं श्लोक-चतुष्टयमाचार्यः पपाठ ।

न च वाच्यम्—"अन्तरेणैवादितः प्रयोजनवचनं वक्ष्यमाणशास्त्रपौर्वापर्यपर्या-लोचनयैवेदं पर्यवस्यामः किं तत्प्रतिपादनार्थेन यत्नेनेति । किञ्च । उक्तमपि प्रयोजनं यावत्परस्तान्नावमृष्टं तावन्न निश्चीयते । न हि सर्वाणि पुरुषवचांस्यर्थे निश्चयनिमित्तम् । न चैष नियमः सर्वत्र प्रयोजनपरिज्ञानपूर्विकैव प्रवृत्तिः स्वाध्यायाध्ययनेऽतन्निबन्धनायाः प्रवृत्तेर्दर्शनात् । पौरुषेयेष्वपि ग्रन्थेषु नैव सर्वेषु प्रयोजनाभिधानमाद्रियते । तथाहि । भगवान्पाणिनिरनुक्तैव प्रयोजनम् 'अथ शब्दानुशासनमिति' सूत्रसंदर्भमारभते"।

अत्रोच्यते । आरम्भेऽनवधृतप्रयोजना नैव प्रथमतो ग्रन्थमुपाददीरन् । अनुपादा-नाच्च कुतः शास्त्रं कार्त्स्न्येन पर्यालोचयेयुः । किञ्च पौर्वापर्यपर्यालोचनया योऽर्थो बुद्धिगोचरतामावहति स एव त्वादितः सङ्क्षेपेणोच्यमानः सुग्रहो भवति । तदुक्तम् "इष्टं हि विदुषां लोके समासव्यासधारणमिति"।

यत्तु—''उक्तमपि न निश्चीयते, पौरुषेयेभ्यो वाक्येभ्योऽर्थनिश्चयाभावात्। एवमेवायं पुरुषो वेदेति प्रत्ययो न त्वेवमर्थ इति''—नात्र विवदामहे निश्चयोऽस्ति नास्तीति, ग्रन्थगौरवप्रसङ्गात्। अर्थसंशयेऽपि प्रवृत्तिसिद्धौ नियतविषयसंशयोत्पत्तिर्नान्तरेण प्रयोजनवचनम्। अनुक्ते हि किमिदं धर्मशास्त्रमर्थशास्त्रं काकदन्तपरीक्षादिलक्षणरूपं वेत्यपि संशयः स्यात्। अभिहिते तु प्रयोजनेऽयं तावदेवमाह न श्रेयसः पन्थानं दर्शयामीति न च मे प्रवृत्तस्य काचित्क्षतिरस्ति। भवतु, पर्यालोचयामीति प्रवृत्तिसिद्धिः।

या तु स्वाध्यायाध्ययने प्रवृत्तिः साऽऽचार्यप्रयुक्तस्य, न स्वाधिकारप्रतिपत्त्या। नहि तदानीं बालत्वात्स्वाधिकारं प्रतिपत्तुमुत्सहते। परप्रयुक्त्यैव च प्रवृत्तिसिद्धिः। नाधिकारप्रतिपादनेनापि चावेद्यते। अतस्तत्र प्रवृत्तस्य प्रयोजनमर्थावबोधोऽतश्च प्रवृत्तिः। इह तु ''योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रममिति'' गृहीतवेदस्याध्ययनाधिकारः। तदानीं चाभ्युत्पन्नबुद्धित्वात्प्रयोजनमन्विच्छति। भगवतः पुनः पाणिनेरतिसङ्क्षिप्तानि सूत्राणि। नैवार्थान्तराभिधानपरत्वाशङ्का। तत्र आकुमारं च यशः पाणिनेः प्रख्यातमिति सुप्रसिद्धप्रयोजनत्वादनुपन्यासः। अयं तु विततो ग्रन्थोऽनेकार्थवादबहुलः सर्वपुरुषार्थोपयोगी। तत्र सुखावबोधार्थे प्रयोजनाभिधाने न किञ्चित्परिहीणम्।

द्वये च प्रतिपत्तारः—न्यायप्रतिसरणाः प्रसिद्धिप्रतिसरणाश्च। तत्र ''मनुर्वैयत्किञ्चावदत्तद्भेषजमिति''—''ऋचो यजूंषि सामानि मन्त्रा आथर्वणाश्च ये सप्तर्षिभिस्तु यत्प्रोक्तं तत्सर्वं मनुरब्रवीदि''त्याद्यर्थवादेतिहासपुराणादिभ्यः प्रख्यातप्रभावः—लोके तत्प्रसिद्ध्यैव वा निरूपितमूलपातेन प्रजापतिनैतत्प्रणीतमित्येतावतैव—श्रोत्रियाः प्रवर्तन्त इति। तान्प्रति कर्तृविशेषसम्बन्धोऽपि प्रवृत्त्यङ्गम्। अत एव च प्रश्नप्रतिवचनभङ्ग्या प्रयोजनोपन्यासः। महर्षयः प्रष्टारः प्रजापतिर्वक्ता, धर्मलक्षणश्चार्थो न लोकावगम्यः, शास्त्रैकगोचरोऽयम् यत्र महर्षयोऽपि संशेरत इति एवंपर आदेशोऽपि—स तैः पृष्ट इति, नाहं पृष्ट इति—तथाऽऽत्मनो ब्रह्मणोऽकृत्रिमप्रतिमत्वं चेत्येवमादिः। तद्व्युत्पादनार्थो युक्तः शास्त्रारम्भ इति श्लोकचतुष्टयस्य तात्पर्यम्।

यथा चानेन पुरुषार्थोपदेशपरता शास्त्रस्योच्यते तथा पदार्थयोजनात्प्रतिपादयिष्यामः।

तत्र मनुमभिगम्य महर्षय इदं वचनमब्रुवन् 'धर्मन्नो वक्तुमर्हसीति'। स पृष्टः प्रत्युवाच 'श्रूयतामिति'। एवं प्रश्नप्रतिवचने एकार्थप्रतिपादके तात्पर्येण भवतः। अतो धर्मा अत्र प्रतिपाद्यन्त इत्युक्तं भवति। धर्मशब्दश्च लोके श्रेयःसाधने प्रत्यक्षादिभिर्लौकिकैः प्रमाणैः शब्दादितरैरविहिते प्रयुज्यते। अतः स श्रूयतामिति सम्बन्धे विशिष्टपुरुषार्थसाधनत्वमुक्तं भवति।

मनुर्नाम कश्चित्पुरुषविशेषोऽनेकवेदशाखाध्ययनविज्ञानानुष्ठानसम्पन्नः स्मृति-परम्पराप्रसिद्धः। **तमभिगम्या**भिमुख्येन तत्समीपं गत्वा, व्यापारान्तरत्यागेन, न यदृच्छया, सङ्गम्य। अनेन चाभिगमनप्रयत्नेन पृच्छ्यमानवस्तुगौरवं वक्तुश्च प्रामाण्यं ख्याप्यते। न ह्यकुशलः प्रतिवचने यत्नेन पृच्छ्यते आगत्य।

एकाग्रमासीनमेकाग्रं स्थितमेकाग्रं सन्तम्। न त्वत्र वृस्याद्युपवेशनमासनम्, अनुपयोगात्। आसनेन स्वस्थवृत्तिता लक्ष्यते। तथाभूतः प्रतिवचनसमर्थो भवति। 'अभिगम्येति' केवल एव मनुः कर्म। प्रश्नक्रियायास्त्वेकाग्रमासीनमिति विशेषणम्। कुशल-प्रश्नानुरूपकथाप्रवृत्त्यादिनैकाग्रमविक्षिप्तमनस्कं ज्ञात्वा प्रश्नश्रवणे दत्तावधानमिदं वचनमब्रुवन्। एकाग्रशब्दो रूढ्या निश्चलतामाह। प्रत्याहारेण परिहृतरागादिदोषसंसर्गस्य विकल्पनिवृत्तौ तत्त्वावबोधचिन्तायां मनसः स्थैर्यमेकाग्रता। तथाभूत एव च सन्निहितरूपशब्दादिविषयावधारणे योग्यो भवति, न सदसद्विकल्पयुक्तः। अथवा योगतोऽग्र-शब्दो मनसि वर्तते, अर्थग्रहणे चक्षुरादिभ्योऽग्रगामित्वात्। प्रथमप्रवृत्तियुक्तः पुरःसरो लोकेऽग्र उच्यते। एकस्मिन् ध्येये ग्राह्ये वाऽग्रमस्येति विग्रहः, व्यधिकरणानामपि बहुव्रीहिर्गमकत्वात्। अत्रापि व्याक्षेपनिवृत्तिरेवैकाग्रता।

प्रतिपूज्य यथान्यायम्। न्यायः शास्त्रविहिता मर्यादा—तामनतिक्रम्य—यादृशी शास्त्रेणाभिवादनोपासनादिका गुरोः प्रथमोपसर्पणे पूजा विहता तथा पूजयित्वा, भक्त्यादरौ दर्शयित्वा।

महर्षयः। ऋषिर्वेदः तदध्ययनविज्ञानतदर्थानुष्ठानातिशययोगात् पुरुषेऽप्यृषि-शब्दः। महान्तश्च ते ऋषयश्च—तेषामेव गुणानामत्यन्तातिशयेन महान्तो भवन्ति। यथा "युधिष्ठिरः श्रेष्ठतमः कुरूणमिति"। अथवा तपोविशेषात् पूजाख्यातिविशेषाद्वा महान्तः।

इदं वचनमब्रुवन्। उच्यतेऽनेनेति वचनम्—वक्ष्यमाणं द्वितीयश्लोकप्रश्न-वाक्यमिति। तदेव प्रत्यासन्नत्वादिदमिति प्रतिनिर्दिशति। येषामपि प्रत्यक्षवस्तुप्रति-निर्देशक इदं शब्दस्तेषामपि बुद्धिस्थत्वात् प्रश्नस्य प्रत्यक्षता। अथवोच्यत इति वचनं पृच्छ्यमान वस्त्वब्रुवन्। वाक्यपक्ष इदं वाक्यमुच्चारितवन्तः। कर्मसाधने तु वचनशब्द इदमपृच्छन्। द्विकर्मकश्च तदा ब्रूञ् अकथितकर्मणा मनुना। तिसृणां क्रियाणां मनुः कर्म ॥१॥

* मणिप्रभा *

(स्वयंभुवे नमस्कृत्य ब्रह्मणेऽमिततेजसे ।
मनुप्रणीतान्विविधान् धर्मान्वक्ष्यामि शाश्वतान् ।।१।।)

शारदां सारदां शुभ्रां शङ्करं लोकशङ्करम्।
नत्वा मनूक्तधर्माणां व्याख्यां कुर्वे 'मणिप्रभाम्'॥१॥

[अपरिमित तेजस्वी स्वयम्भू ब्रह्मा को नमस्कार कर (मैं भृगु मुनि) मनु के कहे हुए विविध नित्य धर्मों को कहूँगा।]

[**विमर्श**—यह 'मनुस्मृति' भगवान् मनु से सुनकर भृगु मुनि ने बनायी है (श्लो० ५९-६०) तथा उन्होंने ने ही इस रूप में प्रश्नकर्ता महर्षियों को इसे सुनाया है, इस कारण भगवान् मनु के अर्थप्रवचनकर्ता होने पर भी ग्रन्थ के रचयिता नही होने से अनेक स्थलों पर (श्लो० १११, ...) भगवान् मनु ने कहा है' आदि वचन असङ्गत नहीं होते तथा "मनूक्त वचन भृगु कहते हैं (यथा मनुनोक्तं भृगुः)" यह याज्ञवल्क्यस्मृति के 'मिताक्षरा' टीकाकार विज्ञानेश्वर भट्टाचार्य का कथन भी सङ्गत होता है।" ब्रह्मा के पुत्र बुद्धिमान् मनु ने इस शास्त्र को रचा (स्वाम्भुवो मनुर्धीमानिदं शास्त्रमकल्पयत्– श्लो० १०२)"। इस वक्ष्यमान वचन को भी, 'याज्ञवल्क्यस्मृति' नाम से सर्वप्रसिद्ध होने से पूर्वापर विरुद्ध नही मानना चाहिए।]

महर्षि लोग एकाग्रचित तथा सुखपूर्वक बैठे हुए भगवान् मनु के पास जाकर यथोचित (प्रश्नकर्ता के योग्य श्रद्धा-भक्ति आदि के साथ) प्रतिपूजन कर यह वचन बोले ॥१॥

विमर्श—'एकाग्रचित तथा सुखासीन' विशेषण होने से मनु भगवान् का अनाकुल होकर उतर देने का निश्चय होता है। महर्षियों के पहुँचने पर मनु ने उन अतिथियों का आतिथ्य सत्कार किया, तदनन्तर वे महर्षि स्वयं प्रश्नकर्ता होने से उनका श्रद्धा एवं भक्ति के साथ यथावत् प्रतिपूजन किया। इस स्मृति का विषय-धर्म, सम्बन्ध-उनके साथ मानवशास्त्र का प्रतिपाद्यपादकभाव रूप और प्रयोजन-स्वर्ग आदि (अर्थार्जन काम आदि) है।

अभिगम्य प्रतिपूज्य किमब्रुवन्नित्यपेक्षायां द्वितीयं श्लोकः—

भगवन् सर्ववर्णानां यथावदनुपूर्वशः।
अन्तरप्रभवानां च धर्मान्नो वक्तुमर्हसि ॥२॥

भाष्य—ऐश्वर्यौदार्ययशोवीर्यादौ भगशब्दः। सोऽस्यास्तीति, मनुः। तेन सम्बोधनं **भगवन्निति**। वर्णशब्दश्च तिसृषु ब्राह्मणादिजातिषु वर्तते। सर्वग्रहणं शूद्रावरोधार्थम्। इतरथा महर्षीणां प्रष्टृत्वात् त्रैवर्णिकविषये प्रश्नः कृतः स्यात्। **अन्तरं** तन्मध्यम्। द्वयोर्जात्योः सङ्करादेकाऽप्यपरिपूर्णा जातिः। अन्तरे प्रभव उत्पत्तिर्येषां तेऽन्तरप्रभवाः अनुलोमप्रतिलोमा मूर्धावसिक्ताम्बष्ठक्षत्तृवैदेहकादयः। न हि ते माता-पित्रोरन्यतरयाऽपि जात्या व्यपदेष्टुं युज्यन्ते। यथा रासभाश्वसंयोगजः खरो न रासभो नाश्वो, जात्यन्तरमेव। अतः वर्णग्रहणेनाग्रहणात्पृथगुपादीयन्ते।

''नन्वनुलोमा मातृजातीया इष्यन्ते''। नेति ब्रूमः। सदृशानेव तानाहुरिति मातृजातिसदृशास्ते न तज्जातीया एव। सोऽप्येषां धर्मो वाचनिको न वस्तुस्वभावसिद्धः। अतः प्रमाणान्तरागोचरत्वाद्धर्मपक्षपतितत्वे शास्त्रोपदेशार्हा एव। प्रतिलोमानामप्यहिंसादयो धर्मा वक्ष्यन्ते। यत्तु धर्महीना इति तद्व्रतोपवासादिधर्मभावाभिप्रायेण। सर्वपुरुषोपकारिता चानेन शास्त्रस्य प्रदर्श्यते।

यथावत्। 'अर्हत्यर्थे वतिः'—येन प्रकारेणानुष्ठानमर्हति। इदं नित्यमिदं काम्यमिदमङ्गमिदं प्रधानम्। द्रव्यदेशकालकर्त्रादिनियमश्च प्रकारोऽर्हतेर्विषयः। **अनुपूर्वशः**। अनुपूर्वः क्रमः। येन क्रमेणानुष्ठेयानि सोऽप्युच्यताम्। ''जातकर्मान्तरं चौडमौञ्जीनिबन्धनेत्यादि''। यथावदित्यत्र पदार्थविषयं कात्स्न्‍र्यमुपात्तम्। क्रमस्तु पदार्थो न भवत्यतः पृथगनुपूर्वश इत्युपात्तम्।

धर्मशब्दः कर्तव्याकर्तव्ययोर्विधिप्रतिषेधयोरदृष्टार्थयोस्तद्विषयायां च क्रियायां दृष्टप्रयोगाः। तस्य तु किमुभयं पदार्थ उतान्यतरत्र गौण इति नायं विचारः क्रियते, ग्रन्थातरे विस्तरेण कृतत्वादिहानुपयोगाश्च। सर्वथा तावत् 'अष्टकाः कर्तव्याः' 'न कलञ्जं भक्षयेत्' इत्यादावष्टका विषया कर्तव्यता प्रतीयते, कलञ्जभक्षणविषयश्च प्रतिषेधः। तदष्टकाख्यं कर्म धर्मस्तद्विषया वा कर्तव्यतेति फले न विशेषः। धर्मरूपोपदेशाश्च यत्तद्विपरीतमधर्मोऽसावित्यर्थात्सिध्यति। अतो धर्माधर्मावुभावपि शास्त्रस्य विषय इत्युक्तं भवति। तत्राष्टकाकरणं धर्मो ब्रह्महत्यादिवर्जनं च धर्मः, अष्टकानामकरणमधर्मो ब्रह्महत्यायाश्च करणमधर्मः—अयं धर्माधर्मयोर्विवेकः।

अर्हसीति सामर्थ्यलक्षणया योग्यतया प्रवचनाधिकारमाचार्यस्याहुः— यतस्त्वं समर्थो धर्मान्वक्तुमतोऽधिकृतः सन्नध्येष्यसे ब्रूहीति। यो यत्राधिकृतस्तत्तेन कर्तव्यमिति सामर्थ्यगम्यं ब्रूहीत्यध्येषणापदमध्याह्रियते ॥२॥

हिन्दी—हे भगवान्! सब वर्णो (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र) और अम्बष्ठादि अनलोमज, 'सूत' आदि प्रतीलोमज तथा भूर्जकण्टक आदि सङ्कीर्ण (१०।८-४०) जातियों के यथोचित धर्मो को क्रमशः कहने के लिए आप योग्य हैं (अतः उन्हें कहिये) ॥२॥

त्वमेको ह्यस्य सर्वस्य विधानस्य स्वयम्भुवः।
अचिन्त्यस्याप्रमेयस्य कार्यतत्त्वार्थवित्प्रभो ।।३।।

भाष्य—''उक्तमदृष्टार्थे व्यापारमात्रे धर्मशब्दो वर्तते। तत्र यथाऽष्टकादौ तस्य प्रयोग एवं चैत्यवन्दनादावपीति। तत्र कतमे धर्मा अत्रोच्यन्त'' इति संशये धर्मविशेषप्रतिपादनार्थमुक्तसामर्थ्यप्रतिपादनार्थं च **'त्वमेक इति'**। **'त्वमेवैकोऽ**सहायोऽ**द्वितीयः**। **सर्वस्य विधानस्य कार्यतत्त्वार्थवित्**। **विधानं** शास्त्रं विधीयन्तेऽनेन कर्माणीति।

तस्य **स्वयम्भुवो** नित्यस्याकृतकस्यापौरुषेयस्य वेदाख्यस्य । **सर्वस्य** प्रत्यक्षाक्षर-स्यानुमेयाक्षरस्य च । 'अग्निहोत्रं जुहुयादयं सहस्रमानव' इत्येतया आहवनीयमुपतिष्ठते इति प्रत्यक्ष एव वेदोऽयं होमं विधत्ते । एतयेति च तृतीयया प्रत्यक्षस्यैव मन्त्रस्याह-वनीयोपस्थाने विनियोगः । 'अष्टकाः कर्तव्या' इत्यत्र तु स्मृत्याऽनुमीयते वेदः । 'बर्हि-र्देवसदनं दामीति' लिङ्गादनेन बर्हिर्लुनातीति'श्रुतेरनुमानम् । अयं हि मन्त्रो दर्श-पूर्णमासप्रकरणे पठितो बर्हिर्लवनं च तत्राम्नातम् । अनेन मन्त्रेण लुनीयात् इत्येतत्त नास्ति । मन्त्रः पुनारूपाद्बर्हिर्लवनप्रकाशनसमर्थः । प्रकरणात्सामान्यतः सिद्धो दर्शपूर्ण-माससम्बन्धः । स्वसामर्थ्येन तु बर्हिर्लवने प्रयुज्यते । एषा ह्यत्र प्रतीतिः । प्रकरणाद्दर्शपूर्ण-मासावनेन मन्त्रेण कुर्यात्—कथमिति—यथा शक्नुयादित्यनुक्ताऽपि शक्तिः सर्वत्र सहकारिणी । किं च शक्नोति मन्त्रः कर्तुम् । बर्हिर्लवनं प्रकाशयितुम् । ततः प्रकरणात् स्वसामर्थ्याच्चानेन मन्त्रेण 'बर्हिर्लुनातीति' बुद्धौ शब्द आगच्छति । सविकल्पकविज्ञानैः पूर्वं शब्दः प्रतीयत इति । स बुद्धिस्थः शब्दोऽनुमेयो वेद उच्यते । वेदत्वं च, तस्य दर्श-पूर्णमासवाक्यमन्त्रवाक्याभ्यां श्रुत्यन्तराभ्यां स्वसामर्थ्येनोत्थापितत्वादितिकुमारिलपक्षः ।

अथवा विधिर्विधानमनुष्ठानं प्रयोजनसम्पत्तिः । तस्य स्वयम्भुवो नित्यस्यानादि-परम्परायातस्य, स्वयम्भुवा वेदेन वा प्रतिपाद्यस्य, सर्वस्य श्रूयमाणक्षरप्रतिपाद्यस्य प्रतिपन्नार्थसामर्थ्यगम्यस्य च । द्विविधो हि वैदिको विधिः । कश्चित्साक्षाच्छब्दप्रतिपाद्यः । यथा 'सौर्यं चरुं निर्वपेत् ब्रह्मवर्चसकाम' इति सौर्यचरौ ब्रह्मवर्चसकामोऽधिक्रियते । तस्य चरोर्ब्रह्मवर्चसं साधयत इयमितिकर्तव्यता आग्नेयवदित्यवगम्यते । उभयत्रापि चेयं प्रतीतिः शब्दावगममूलत्वात् शब्द एव । उभावपि शब्दादभिधानतः प्रतीयेते, तथा चाभिधेयप्रतिपत्तितः । विशेषस्तु व्यवधानादिकृतो न शब्दतां विहन्ति । यथा वापीस्थमुदकं हस्तेनाभिहतं प्रदेशान्तरमभिहन्ति तदपि हस्तसंयोगेनैवाभिहतं भवति, न तु साक्षात् । शर्कराणां रेचकर्मण्याद्यप्रयत्नकृता एवोत्प्लुत्योत्प्लुत्य पाताः । तादृशमेतत् । वैकृते कर्मणि विशिष्टेतिकर्तव्यतासम्बन्धः । एवं विश्वजिता यजेतेत्युत्पत्तिर्नाधि-कारशून्याऽस्तीति स्वर्गकाम इत्यधिकारावगतिः प्रतिपन्नार्थसामर्थ्यगम्या । अतो द्वैरूप्ये विधानस्य सर्वस्येतिपदम् । सर्वस्य तात्पर्यमेवं रूपम्—वेदमूलाः स्मृतय इति ज्ञापयितुम् । द्वितीये चैतद्दर्शयिष्यामः ।

"ननु लिङादिप्रतिपाद्योऽर्थः कर्तव्यतारूपो विधिः । स च सर्वत्र प्रत्यक्षशब्दप्रति-पाद्य एव । तत्र किमुच्यते द्विविधो हि वैदिको विधिरिति । निर्वपेदिति कर्तव्यताऽव-गम्यते । इतिकर्तव्यताऽर्थसामर्थ्यगम्यो उक्तेन प्रकारेण' ।

नैष दोषः । निर्वपेद्यजेतेति न केवले धात्वर्थविषयत्वेऽवगते परिपूर्णा कर्तव्यता भवति यावदंशान्तराण्यधिकारेतिकर्तव्यताप्रयोगरूपाणि नावगतानि । एतैरंशैर्वितत-रूपो विधिः प्रतीयते । अतोंऽशरूपाण्यपि विधिशब्दाभिलप्यतया न विरुद्धानि ।

एतदेवाह **अचिन्त्यस्येति**। अप्रत्यक्षस्येत्यर्थः। प्रत्यक्षं ह्यनुभूयत इत्युच्यते, न चिन्त्यते इति, न स्मर्यत इति। **अप्रमेयस्य** कल्प्यस्य, प्रायशः स्मृतिवाक्यमूलस्य। न हि प्रत्यक्षेण प्रमीयते। अतोऽप्रमेयस्येत्युच्यते। अथवाऽप्रमेयस्येयत्तया परिमातुमशक्यस्यातिमहत्त्वात्। अनेकशाखाभेदभिन्नो वेदो न शक्यते सर्वैः प्रमातुम्। अत एवाचिन्त्यस्य। यदतिबहु तद्दुर्ग्रहत्वादचिन्त्यमित्युच्यते। यथा च लोके वक्तारो भवन्ति, 'अन्येषां का गतिः? चिन्तयितुमप्येतन्न युज्यत' इति। मनः किल सर्वविषयम्, अयं चातिमहत्त्वात्तस्यापि न विषय इति। पदद्वयेन बाह्यान्तःकरणाविषयतया महत्त्वस्य ख्यापनेनाचार्यः प्रोत्साह्यते। त्वयैव केवलेनैवंविधो वेद आगमितोऽतस्तस्य यः कार्यरूपस्तत्त्वार्थस्तं **वेत्सि** जानीषे।

कार्यमनुष्ठेयमुच्यते। यत्र पुरुषोऽनुष्ठातृत्वेन विनियुज्यते—इदं त्वया कर्तव्यमिदं त्वया न कर्तव्यमिति-अग्निहोत्रादि कर्तव्यम् कलञ्जभक्षणादि न कर्तव्यम्। प्रतिषेधोऽप्यनुष्ठानमेव। यद्ब्राह्मणवधस्याननुष्ठानं तदेव प्रतिषेधस्यानुष्ठानम्। प्रवृत्तिश्च क्रियानिवृत्तिश्च क्रियेति। न हि परिस्पन्दमानसाधनसाध्यमेवानुष्ठानमुच्यते, किं तर्हि प्राप्ते तद्रूपे तन्निवृत्तिरपि। यथा 'हितसेवी चिरायुरिति' यः प्राप्ते काले भुङ्क्तेऽप्राप्ते न भुङ्क्ते। अभोजनमपि हितमेव।

अथवा कार्यशब्दः प्रदर्शनार्थो विधेः प्रतिषेधस्य च। एतावदेव वेदस्य तत्त्वरूपः पारमार्थिकोऽर्थः। यस्त्वितिवृत्तसंवर्णनरूपः "सोऽरोदीद्यदरोदीत्तद्रुद्रस्य रुद्रत्वमिति" स न तत्त्वार्थः, विध्यन्तरेणैकवाक्यत्वात्प्रशंसापरत्वेन स्वार्थनिष्ठत्वाभावात्। अस्ति ह्यत्र विध्यन्तरम् 'तस्माद्बर्हिषि रजतं न देयमिति'। 'सोऽरोदीदि'त्यादीनि 'पुराऽस्य संवत्सराद्गृहे रोदनं भवती'त्यन्तानि तदेकवाक्यतापन्नानि बर्हिषि रजतदाननिन्दया तत्प्रतिषेधं स्तुवन्ति। तदुक्तं 'साध्येऽर्थे वेदः प्रमाणं, न सिद्धरूपे'। अर्थवादानां हि सिद्धरूपोऽर्थः। न हि तदर्थस्य कर्तव्यता प्रतीयते। विध्युपदेशपरत्वं च प्रतीयते। यदि च स्वार्थपरा अपि स्युस्तद' विधिपरत्वं व्याहन्येत। ततश्च प्रतीयमानैकवाक्यता बाध्येत। न च सम्भवत्येकवाक्यत्वे वाक्यभेदो न्याय्यः। न च साध्यस्य सिद्धार्थपरत्वेनैकवाक्यता घटते। तथाहि न किञ्चिद्वेदेनोपदिश्यते कर्तव्यम्। अतश्चाप्रमाणमेव वेदः स्यात्। विध्यर्थता चावगम्यमाना लिङादीनां त्यक्ता स्यात्। तस्मात्कार्यरूपो वेदस्य तत्त्वार्थ इति मनुर्भगवानाह। जैमिनिनाऽप्युक्तम् कार्येऽर्थे वेदः प्रमाणम् 'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्म' इति।

अतश्च निरवशेषपदार्थपरिज्ञानातिशययोगाद्धर्मप्रवचनसामर्थ्यं सिद्धवदुपादाय **प्रभो** इत्यामन्त्रणम्—हे प्रभो धर्माभिधानशक्त त्वमनुब्रूहि धर्मानिति। एवमनया त्रिश्लोक्या धर्मान् पृष्ट उत्तरेण श्लोकेन प्रतिजज्ञे ॥३॥

हिन्दी—क्योंकि हे प्रभोः ! एक आप ही इस सम्पूर्ण अपौरुषेय, अचिन्त्य तथा अप्रमेय वेद के अग्निष्टोमादि यज्ञकार्य और ब्रह्म को जानने वाले हैं॥३॥

मनु का महर्षियों को उत्तर देना—

स तैः पृष्टस्तथा सम्यगमितौजा महात्मभिः ।
प्रत्युवाचार्च्य तान्सर्वान्महर्षीञ्छ्रूयतामिति ।।४।।

भाष्य—**स** मनुर**मितौ**जास्तैर्महभि**र्महात्मभिः पृष्टस्तथा तान् प्रत्युवाच श्रूयता-मिति । तथा** तेन प्रागुक्तेन प्रकारेण । पृच्छ्यमानवस्तु प्रश्नविधिश्च प्रकारवचने तथा-शब्देऽन्तर्भूतः । तेनायमर्थस्तथापृष्ट**स्तान्** धर्मान् पृष्टः **प्रत्युवाच** । अथवा **तथेति** प्रकार-मात्रमाचष्टे । **पृष्ट** इति पूर्वश्लोकात्पृच्छ्यमानविशेषो बुद्धौ विपरिवर्तत एव । तेन यत्पृष्टस्तत्प्रत्युवाच **'श्रूयतामिति'** प्रश्नप्रतिवचनयोरेककर्मता सिद्धा भवति । तदा च तथाशब्दः श्लोकपूरणार्थः । आद्ये तु व्याख्याने तथाशब्दोपात्तैव प्रश्नप्रतिवचन-योरेककर्मता । **सम्यक्**शब्दः प्रतिवचनविशेषणम् । सम्यक् प्रत्युवाच । प्रसन्नेन मनसा न क्रोधादियोगेन । **अमितौजा** अक्षीणवाग्विभवः । अमितमनन्तमोजो वीर्यमभिधान-सामर्थ्यमस्येति । महात्मतया महर्षीणां धर्मप्रष्टृत्वं महर्षित्वं चाविरुद्धमित्याह—**महर्षीनिति** । 'परार्थकारी सततं महात्मे'त्युच्यते । तेन यद्यपि स्वयं विद्वांसोऽधिगत-याथातथ्याः—अन्यथा महर्षित्वानुपपत्तेः—तथाऽपि परार्थमपृच्छन् । मनुः प्रख्याततर-प्रमाणभावः । एतेन यदुच्यते तल्लोकेनाद्रियते । प्रत्ययतोऽयं समुपास्यतेऽतः शास्त्राव-तारार्थमुपाध्यायीकुर्मः । अस्माभिश्च पृच्छ्यमानः प्रमाणतरीकरिष्यते जनेनेति । अत **एवार्च्य तान्** सर्वानित्यर्चनमविरुद्धम् । अन्यथा शिष्यस्योपाध्यायात्कीदृश्यर्चेति । अर्चयतेराङ्पूर्वस्य ल्यबन्तस्य रूपमार्च्येति । पाठान्तरम् 'अर्चयित्वा तानिति' ।

अत्र यदुच्यते "यदि मनुनाऽयं ग्रन्थः कृतः परापदेशो न युक्तः—स तैः पृष्टः प्रत्युवाचेति । 'अहं पृष्टः प्रत्यब्रुवमिति' न्याय्यम् । अथान्यतर एव ग्रन्थस्य कर्ता मानवव्यपदेशः कथमिति"—तदचोद्यम् । प्रायेण ग्रन्थकाराः स्वमतं परापदेशेन ब्रुवते—'अत्राह' 'अत्र परिहरन्तीति' नैवम'हं तैः पृष्ट इति' । यो यः पूर्वतरः स स प्रमाणतरो लोकेनाभ्युपगम्यते—'तत्प्रमाणं बादरायणस्येति' । अथवा भृगुप्रोक्ता संहितेयम् । मानवी तु स्मृतिरुपनिबद्धेति मानवव्यपदेशः । प्रत्युवाच तान् महर्षीन् । किं तत् । यदहं पृष्टस्तत् श्रूयतामिति ॥४॥

हिन्दी—महर्षियों से इस प्रकार पूछे गये अपरिमित ज्ञान-शक्ति वाले मनु उन सब महर्षियों का सत्कार कर बोले—सुनिये ॥४॥

संसारोत्पत्ति-वर्णन–

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं प्रसुप्तमिव सर्वतः ।।५।।

भाष्य—"क्व अस्ताः क्व निपतिताः । शास्त्रोक्तनिपतितधर्मान् पृष्टस्तानेव वक्तव्यतया प्रतिज्ञाय जगतोऽव्याकृतावस्थावर्णनमप्रकृतमपुरुषार्थं च । सोऽयं सत्यो जनप्रवादः 'आम्रान् पुष्टः कोविदारानाचष्ट' इति । न चास्मिन् वस्तुनि प्रमाणं न च प्रयोजनमित्यतः सर्व एवायमध्यायो नाध्येतव्यः" ।

उच्यते । शास्त्रस्य महाप्रयोजनत्वमनेन सर्वेण प्रतिपाद्यते । ब्रह्माद्याः स्थावरपर्यन्ताः संसारगतयो धर्माधर्मनिमित्ता अत्र प्रतिपाद्यन्ते । 'तमसा बहुरूपेण वेष्टिताः कर्महेतुनेति' (श्लो० ४९) । वक्ष्यति च—'एता दृष्ट्वा तु जीवस्य गतीः स्वेनैव चेतसा । धर्मतोऽधर्मतश्चैव धर्मे दध्यात्सदा मन' इति (अ० १२ श्लो० २३) ॥ ततश्च निरतिशयेश्वर्यहेतुर्धर्मस्तद्विपरीतश्चाधर्मस्तद्रूपपरिज्ञानार्थमिदं शास्त्रं महाप्रयोजनमध्येतव्यमित्यध्यायतात्पर्यम् ।

हिन्दी—ग्राम के चोर आदि के उपद्रव से युक्त होने पर, किसी प्रकार संभ्रम (घबराहट होने पर) आग लगने पर (आकाश, अन्तरिक्ष या पृथ्वी पर) कोई अद्भुत उत्पातादि होने पर 'आकालिक' (उस समय से लेकर अगले दिन तक) अनध्याय जाने ॥११८॥

उपाकर्मादि में त्रिरात्र अनध्याय—

उपाकर्मणि चोत्सर्गे त्रिरात्रं क्षेपणं स्मृतम् ।
अष्टकासु त्वहोरात्रमृत्वन्तासु च रात्रिषु ॥११९॥

भाष्य—उत्सर्गे पक्षिण्यहोरात्रं च पूर्वमुक्तम्, अनेन त्रिरात्रेण विकल्प्यते ।

उपाकर्मण्यपूर्वो विधिः । **अष्टका** ऊर्ध्वमाग्रहायण्यास्तमिस्रपक्षेऽष्टम्यस्तिस्रश्चतस्रो वा । यद्यपि सर्वास्वष्टमीष्वहोरात्रमुक्तं तथापि नित्यार्थोऽयमारम्भो युक्त एव । विकल्पश्च सर्वत्रास्मिन्प्रकरणे कृतार्थत्वापेक्षः ।

ऋत्वन्तासु अहोरात्रमित्यनुषज्यते । षड्तवः । तेषां यत्र पूर्वो निवर्तते अपरश्च प्रवर्तते तत्रानध्यायः ।

रात्रिग्रहणमुपलक्षणार्थम् ॥११९॥

हिन्दी—उपाकर्म (श्रावणी कर्म, और उत्सर्ग) (वेदोत्सर्ग ४।६१) कर्म में तीन रात (दिन-रात) का अनध्याय होता है । मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा के बाद तीन (या चार) अष्टमी तिथियों और ऋतु के अन्त में एक दिन-रात का अनध्याय होता है ॥११९॥

विमर्श— 'धर्मनैपुण्काम'— (४।१०७ का विमर्श देखें) के लिए यह (त्रिरात्र का) निषेध है, 'विद्यानैपुण्यकाम' के लिए (४।१०७ का विमर्श देखें) तो पक्षिणी रात्रिमात्र (४।९७ का विमर्श देखें) ही अनाध्याय होता है।

घोड़ा आदि पर चढ़े वेदाध्ययन का निषेध—

नाधीयीताश्वमारूढो न वृक्षं न च हस्तिनम्।
न नावं न खरं नोष्ट्रं नेरिणस्थो न यानगः ।।१२०।।

भाष्य—**ईरिणं** बहिर्ग्रामं जलतृणवर्जितो देश ऊषरापरपर्यायः।
यानं गन्त्रीशकटशिबिकादि। तेन गच्छतो निषेधः ।।१२०।।

हिन्दी—घोड़ा, पेड़, हाथी, नाव, गदहा और ऊँट पर चढ़कर, ऊसर स्थान में रहकर तथा गाड़ी आदि पर सवार होकर (वेदाध्ययन न करे) ।।१२०।।

न विवादे न कलहे न सेनायां न सङ्गरे।
न भुक्तमात्रे नाजीर्णे न वमित्वा न शुक्तके ।।१२१।।

भाष्य—**विवादः** क्रोशपूर्वको व्याक्रोशः। **कलहो** दण्डादिनेतरेतरताडनम्। **सेना** हस्त्यश्वरथपदातिः। **सङ्गरः** सङ्ग्रामः। असङ्गरेऽपि सेनास्थस्य निषेधः। **भुक्तमात्रं** ''यावदार्द्रपाणिरिति'' स्मृत्यन्तरम्। **अजीर्णं** पूर्वेद्युर्भुक्तमपरेद्युरपरिणतमुच्यते। **वमनं** प्रसिद्धम्। **शुक्तके** उद्गारेऽसत्यप्यजीर्णे तदहरपरेद्युर्वा ।।१२१।।

हिन्दी—विवाद (वाचिक कलह-गाली-गलौज आदि); कलह (दण्डादिप्रहार-मारपीट), सेना और युद्ध में, भोजन करने पर (जब तक धोया हुआ हाथ न सुख जाय तब तक[१]) अजीर्ण होने पर, वमन करने पर और खट्टी डकार आने पर (वेदाध्ययन न करे) ।।१२१।।

अतिथिं चाननुज्ञाप्य मारुते वाति वा भृशम्।
रुधिरे च स्रुते गात्राच्छस्त्रेण च परिक्षते ।।१२२।।

भाष्य—अतिथिग्रहणं शिष्टोपलक्षणार्थम्। अनित्यागमनः शिष्टश्चातिथिस्तस्मिन्गृह आगतेऽसावध्येषितव्यः 'अधीमह' इति-तेनानुज्ञातोऽधीयीत। तथा च स्मृत्यन्तरं ''शिष्टे च गृहामागत'' इति।

मारुते वायौ **वाति** वेगेन।

''ननु 'कर्णश्रव' इत्याद्युक्तमेव''।

सत्यम्। ततोऽधिकतरे ततो वर्षाभ्योऽन्यत्र वाति प्रतिषेधः। अथवा 'वाति' परि-

---

१. ''यावदार्द्रपाणिः—'' इति वसिष्ठस्मरणात्, इति। (म०मु०)

शुष्यति, वानः शोषणार्थत्वात्। मारुतग्रहणं च धातुमात्रोपलक्षणार्थम्। अध्ययनश्रमेण धातुषु क्षीयमाणेष्वप्यनध्यायः। मारुते वर्धमाने विधायिन्यध्येतरीति भिन्नसम्बन्धे व्यधिकरणसप्तम्यौ।

रुधिरे जलौकादिना परिस्रुतेऽथवा **शस्त्रेण च परिक्षते** शरीरे। रुधिरे च स्रुते गात्रादितिवाक्येनैकवाक्यता ॥१२२॥

हिन्दी—अतिथि से बिना कहे, तेज हवा के बहते रहने पर, शरीर से रक्त बहने पर, शस्त्र से क्षत होने पर (वेदाध्ययन न करे) ॥१२२॥

सामवेदध्वनिकाल में वेदान्तर का अनध्याय—

सामध्वनावृग्यजुषी नाधीयीत कदाचन।
वेदस्याधीत्य बाऽप्यन्तमारण्यकमधीत्य च ॥१२३॥

भाष्य—ऋचो यजूंषि सामध्वनौ श्रूयमाणे नाधीयीत। ऋग्वेदयजुर्वेदब्राह्मणयोरप्रतिषेधः। पञ्चविंशे च श्रूयमाणऋग्यजुषयोरप्ययं प्रतिषेधः।

वेदस्यान्तो यत्र वेदः समाप्तिमुपैति, मन्त्रान्तो ब्राह्मणान्तश्च। **आरण्यको** नाम वेदैकदेशः। **तमधीत्यान्यो** ग्रन्थो नाध्येतव्यः ॥१२३॥

हिन्दी—सामवेद की ध्वनि सुनाई पड़ते रहने पर ऋग्वेद तथा यजुर्वेद का अध्ययन कदापि न करे और वेद को समाप्त या आरण्यक (वेद का एक अंश विशेष) को पढ़कर (उस दिन-रात में दूसरे वेद का अध्ययन न करे) ॥१२३॥

तीन वेदों की देवतायें—

ऋग्वेदो देवदैवत्यो यजुर्वेदस्तु मानुषः।
सामवेदः स्मृतः पित्र्यस्तस्मात्तस्याशुचिर्ध्वनिः ॥१२४॥

भाष्य—सामगीतध्वनावृग्यजुषस्यानध्याय उक्तः। तत्रायमर्थवादः। देवा देवता अस्य इति **देवदैवत्यो** देवतास्तुतिपर इत्यर्थः। ऋचः प्रायेण स्तुतिप्रधानाः। अत उक्तं **देवदैवत्य** इति।

मनुष्याणां कर्मप्रधानत्वाद्यजुर्वेदे च कर्मणां बाहुल्योपदेशादेतेन साम्येन यजुर्वेदो **मानुष** इत्युच्यते। मानुषशब्दो मनुष्यजातिवचनः। अभेदाध्यासाद्य**जुर्वेदो मानुष** इत्युक्तम्।

पित्र्यः पितृभ्यो हितः। पितरो वा देवता अस्येति यथाकथंचित्पितृशब्दसम्बन्धेन श्रूयते। त्रयो लोकास्तेषां त्रय एवाधिष्ठातारः। दिवो देवता, भूमेर्मनुष्या, अन्तरिक्षस्य पितरः।

एवं त्रयो वेदाः। द्वयोर्देवमनुष्यसम्बन्धोक्तत्वात्पारिशेष्यात्पित्र्यः सामवेदः।

तस्याशुचिर्ध्वनिः। नात्र तदीयस्य ध्वनेरशुचित्वं परमार्थतो विज्ञेयम्। किं तर्हि,

यथाऽशुचिसन्निधाने नाध्येतव्यं एवं तत्सन्निधान इति सामान्यमशुचित्वालम्बनम्।

अयं चाध्ययनविधौ प्रकरणात्साम्नि गीयमाने ऋग्यजुःप्रतिषेधः, न यज्ञप्रयोगेः॥१२४॥

हिन्दी—ऋग्वेद की देव, यजुर्वेद की मनुष्य और सामवेद की पितर देवता हैं; इस कारण उस (सामवेद) का ध्वनि अपवित्र (के समान) है ॥१२४॥

विमर्श—ऋग्वेद में देवकर्म, यजुर्वेद में मनुष्य कर्म तथा सामवेद में पितृकर्म करने की विधियाँ प्रायः कही गयी हैं। पितृकर्म करने के बाद जल से आचमन कर शुद्ध होने का वचन शास्त्रों में मिलता है। अतः पितृकर्मोपदेशपरक सामवेद की ध्वनि अपवित्र-सी वस्तुतः में अपवित्र नहीं मानी गयी है, इसी (सामवेदध्वनि के अपवित्र के समान होने के) कारण से उस समय में ऋग्वेद तथा यजुर्वेद के अध्ययन का निषेध प्रकृत श्लोक द्वारा किया गया है। सामवेद अपवित्र न होने के कारण ही भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन से 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' (गीता १०।२२) कहकर सामवेद को सब वेदों में श्रेष्ठतम बतलाया है।

गायत्री-जप के बाद वेदपाठ—

एतद्विदन्तो विद्वांसस्त्रयीनिष्कर्षमन्वहम्।
क्रमतः पूर्वमभ्यस्य पश्चाद्वेदमधीयते ॥१२५॥

भाष्य—**एएत्**त्रिलोक्याधिष्ठातृसम्बन्धित्वं 'ऋग्वेदो देवदैवत्य' इत्यादि **विदन्तो विद्वांसः** प्राज्ञास्त्रय्या निष्कर्षं सारभूतं पूर्वमभ्यस्य प्रणवव्याहृतिसावित्राख्यमुक्तेन क्रमेण **पश्चाद्वेदमधीयते** पठन्ति। तेन त्रयो लोकास्तिस्रो देवता एतत्त्रिकाध्यनेन परिगृहीता भवन्ति।

उक्तोऽप्ययमर्थो द्वितीयेऽध्याये पुनरुच्यते। यथाऽनध्यायेषु न पठ्यते तथा त्रयी निष्कर्षे प्रागनधीते ॥१२५॥

हिन्दी—यह (४।१२४ श्लोकोक्त वेदत्रय के देवत्रयभाव) जानते हुए लोग तीनों वेदों के सार (प्रणव, व्याहृति तथा सावित्री) को पहले क्रमशः अभ्यास कर बाद में वेदाध्ययन करते हैं ॥१२५॥

पशु आदि बीच में आने पर अनध्याय—

पशुमण्डूकमार्जारश्वसर्पनकुलाखुभिः।
अन्तरागमने विद्यादनध्यायमहर्निशम् ॥१२६॥

भाष्य—**अन्तरागमने**ऽध्याप्याध्यापकयोर्मध्येनाधीयानानां वा।

अहर्निशमहोरात्रम्।

गौतमे तु ''त्र्यहमुपवासो विप्रवासश्चोक्तः''। श्मशानाध्ययने च एतदेव। अत्र विकल्पो विज्ञेय: ॥१२६॥

हिन्दी—(वेदाध्ययन करते समय गुरु तथा शिष्य के) बीच में गौ आदि पशु, मेढ़क; बिलार, (या बिल्ली), सर्प, नेवला और चूहा के आ जाने पर दिन-रात अनध्याय होता है ॥१२६॥

दो अनध्याय मुख्यतः त्याज्य—

द्वावेव वर्जयेन्नित्यमनध्यायौ प्रयत्नतः ।
स्वाध्यायभूमिं चाशुद्धामात्मानं चाशुचिं द्विजः ।।१२७।।

भाष्य—नित्यग्रहणात्पूर्वत्रानध्यायानां विकल्पः। तत्रापि येषां नित्यत्वमात्रं तत्प्रदर्शितमेव, यत्र नित्यग्रहणमर्थवादो वा यथा 'अमावास्या गुरुं हन्तीति''।

भूमेश्चाशुद्धिरस्थिभगलिङ्गादिकामेध्यादिसंसर्गः।

आत्मनस्तु पञ्चमे वक्ष्यते।

यद्यप्यध्ययनविधिप्रकरण एतावनध्यायौ तथापि नैत्यके भवतः। न ह्यशुचिरधिक्रियते। तथा च ब्राह्मणं ''तस्य वा एतस्य यज्ञस्य द्वावनध्यायौ यदात्माऽऽशुचिर्यद्देश'' इति। ब्रह्मयज्ञश्च नित्यो जपः ॥१२७॥

हिन्दी—द्विज अध्ययन के समय अपवित्र (मल-मूत्र-उच्छिष्टादि से दूषित) स्थान तथा अपने शरीर की अपवित्रता— इन दो अनध्यायों का प्रयत्नपूर्वक सर्वदा त्याग करे ॥१२७॥

विमर्श— यह विकल्प 'विद्या-नैपुण्य-काम' (४।१०७ का वक्तव्य देखें) शिष्य के लिए है। अतएव (विद्या-नैपुण्य-काम) शिष्य अन्य अनध्यायों को न मानकर केवल इन्हीं दो अनध्यायों को माने अथवा पूर्व (४।१०२-१२६) कथित अनध्यायों में जो नित्य अनध्याय है, उनको तथा प्रकृत श्लोक में कथित इन दो अनध्यायों को ही वेदाध्ययन के लिए त्याज्य माने, अन्य सामान्य अनध्यायों को नहीं।

अमावस्यादि को स्त्री-सम्भोग सर्वथा त्याग—

अमावास्यामष्टमीं च पौर्णमासीं चतुर्दशीम् ।
ब्रह्मचारी भवेन्नित्यमप्यृतौ स्नातको द्विजः ।।१२८।।

भाष्य—ब्रह्मचारी भवेत् ब्रह्मचारिधर्मो मैथुननिवृत्तिरतिदिश्यते, न पुनर्भिक्षाचरणादिः। **अप्यृतावििति** सम्बन्धात्तदेव प्रथमं हृदयमागच्छति।

अन्ये तु मधुमांसनिवृत्तिमपीच्छन्त्येतेष्वहःसु। तत्र स्मृत्यन्तरमुदाहार्यम्।

"षष्ठ्यष्टमीममावास्यामुभयत्र चतुर्दशीम् ।
वर्जयेत्पौर्णमासीं च तैले मांसे भगे क्षुरे ॥"

अन्ये त्वाहुः— "ब्रह्मचारीति' विशिष्टाश्रमिणो नामधेयमेतत् । अत आश्रमान्तरवर्तिनि गृहस्थादौ प्रयुज्यमानो वेदग्रहणार्थधर्मलक्षणयाऽतिदेशार्थो भवति । **ब्रह्मचारी भवेत्** । परशब्दो हि परत्र प्रयुज्यमानो वत्यर्थं गमयति । सर्वेषु ब्रह्मचारिधर्मेषु प्राप्तेष्वग्नीन्धनभैक्ष्यचरणादयः 'आ समावर्तनात्कुर्यादिति' वचनात्, 'गृहस्थः शेषभुगिति' च प्रत्यक्षे विनिवर्तन्ते । केवलं मधुमांसमैथुनप्रतिषेधमात्रमतिदिश्यत" इति ।

प्रसिद्धस्तु ब्रह्मचारिशब्दो मैथुननिवृत्तावेवेति यत्किंचिदेतत् ॥१२८॥

हिन्दी—अमावस्या, अष्टमी पूर्णिमा और चतुर्दशी तिथियों में स्त्री के ऋतुकाल होने पर भी गृही द्विज ब्रह्मचारी ही रहे ॥१२८॥

विमर्श— यद्यपि पहले (३।४५) ऋतुकाल में स्त्री-सम्भोग को आवश्यक बतलाकर पुनः पर्व (अमावस्यादि तिथि) में उस (स्त्री-सम्भोग) का निषेध किया है, तथापि प्रकृत वचन स्नातक-व्रत के लोप का प्रायश्चित्त बतलाने के लिये पुनः कहा गया है । इन अमावस्यादि तिथियों के अतिरिक्त समय में ऋतुकाल होने पर गृही (विशेषकर अनपत्य गृही) स्त्री-सम्भोग न करने पर[1] प्रायश्चित्त का भागी होता है ।

तैल-मर्दन आदि के लिए वर्ज्य काल—

[षष्ठ्यष्टम्यौ त्वमावास्यामुभयत्र चतुर्दशीम् ।
वर्जयेत्पौर्णमासीं च तैले मांसे भगे क्षुरे ।।७।।]

[**हिन्दी**—षष्ठी, अष्टमी, अमावस्या, चतुर्दशी और पूर्णिमा को तैल लगाना, मांस खाना, स्त्रीसंग करना और क्षौर कर्म करवाना छोड़ दे ॥७॥]

रागस्नानविषयक निषेध—

न स्नानमाचरेद्भुक्त्वा नातुरो न महानिशि ।
न वासोभिः सहाजस्रं नाविज्ञाते जलाशये ।।१२९।।

भाष्य—नित्यस्य स्नानस्य भुक्तवतः प्राप्त्यभावान्नायं प्रतिषेधः । स्मृत्यन्तरे हि "स्नानं महायज्ञाः शेषभोजनम्"इत्यर्थक्रमः श्रुतः । न चण्डालस्पर्शनादिनिमित्तकस्यापि, "नाशुचि क्षणमपि तिष्ठेदिति" विरोधात् । अत इच्छालक्षणस्य धर्माद्यपनोदहेतोरयं प्रतिषेधः ।

आतुरो व्याधिगृहीतः । तस्य सर्वप्रकारस्नानप्रतिषेधोऽशुचित्वेऽपि । "सर्वत एवा-

---

१. तथा च पराशरः— "ऋतुस्नातां तु यो भार्यासन्निधौ नोपगच्छति ।
घोरायां भ्रूणहत्यायां पच्यते नात्र संशयः ॥" इति ।

त्मानं गोपायेदिति'' । ''का तर्हि तस्य शुद्धिः'' मार्जनं मन्त्रवत्प्रोक्षणं वस्त्रत्याग एवमादि कर्तव्यम् । **महानिशा** चतुर्मुहूर्त उभयतोऽर्धरात्रितः ।

येतु— ''महती निशा यस्मिन्काले हेमन्तादाविति'' व्याचक्षते-तेषां माघफाल्गुनयोः प्रातःस्नानविधिविरोधादपव्याख्यानम् । नापि हैमन्तिकीषु रात्रिषु निषेध इति प्रमाणमस्ति द्वितीयस्य निशाशब्दस्याभावात् ।

वासोभिरिति सामर्थ्यलक्षणे शीतादौ वाससां बहुत्वे सति प्रतिषेधः । एकेन विहितमेव ''न नग्नः स्नायादिति'' (४ । ४५) द्वाभ्यामनियमः । बहूनां प्रतिषेधः ।

जलाशयो जलाधारः **अविज्ञातः** गाधागाधतया ग्राहादिभयेन च ।

अजस्रं सर्वदेत्यर्थः ॥१२९॥

हिन्दी—भोजन के बाद, रोगी रहने पर, महानिशा (रात्रि के मध्य वाले दो प्रहरों) में, बहुत वस्त्र पहने हुए और अज्ञात जलाशय में (जिसमें पानी का थाह, गड्ढा या पत्थर आदि और जलजन्तु आदि का रहना ठीक-ठीक मालूम न हो, उसमें) सर्वदा स्नान न करे ॥१२९॥

विमर्श— भोजन के बाद नित्य स्नान की सम्भावना ही नहीं है तथा चाण्डाल आदि का स्पर्श होने पर शक्ति रहते हुए मुहूर्त मात्र भी बिना स्नान किये रुकने का निषेध होने से यह वचन ऐच्छिक स्नान विषयक[१] है । रोगी मनुष्य स्नान की शक्ति न रहे तो शिर को छोड़कर, केवल गीले वस्त्र से शरीर पोंछकर या देह पर पानी छिड़कर नैमित्तिक स्नान करे[२] । रात्रि के मध्य दो प्रहर को 'महानिशा कहते हैं, उसमें नित्य या ऐच्छिक स्नान का ही निषेध है, काम्य या नैमित्तिक (चन्द्रग्रहणादि प्रयुक्त) स्नान तो करना ही चाहिये[३] ।

देव-प्रतिमादि की छाया के उल्लंघन का निषेध—

---

१. ''मुहूर्तमपि शक्ति विषये नाप्रयतः स्यात्—'' इत्यापस्तम्बवचनात् यदृच्छास्नानमिदं भोजनानन्तरं निषिध्यते इति । (म०मु०) ।

२. तथा रोगी नैमित्तिकमपि स्नानं न कुर्यात्, किन्तु यथासामर्थ्यम् ।
''अशिरस्कं भवेत्स्नानं स्नानाशक्तौ तु कर्मिणाम् ।
आर्द्रेण वाससा वा स्यान्मार्जनं दैहिकं विदुः ।
इत्यादिजाबालाद्युक्तमनुसन्धेयम् । इति (म०मु०) ।

३. ''महानिशाऽत्र विज्ञेया मध्यस्थं प्रहरद्वयम् ।
तस्मिन् स्नानं न कुर्वीत काम्यनैमित्तिकादृते ॥''
इति देवलवचनाच्च न तत्र स्नायात् । इति (म०मु०) ।

देवतानां गुरो राज्ञः स्नातकाचार्ययोस्तथा ।
नाक्रामेत्कामतश्छायां बभ्रुणो दीक्षितस्य च ।। १३० ।।

भाष्य—प्रतिकृतयोऽत्र **देवता**स्तासां छायासम्भवात् । **गुरुः** पिता । **आचार्य** उपनेता । भेदोपादानमातिदेशिकगौरवनिवृत्त्यर्थम् । तेन मातुलादिषु नायं विधिरिति । केचित्''समाचारविरोधान्नैतद्युक्तं गोबलीवर्दवद्भेदो विज्ञेय'' इति वदन्ति । **बभ्रुः** कपिलो वर्णः । तद्गुणयुक्तं द्रव्यम् । बभ्रवत्र गौः कपिला, सोमलता वा । उभयोर्बभ्रुशब्देन वेदे प्रयोगदर्शनात् ।

कामत इत्यबुद्धिपूर्वमदोषः ।।१३०।।

हिन्दी—देवप्रतिमा, गुरु (पिता आदि श्रेष्ठ जन), राजा, स्नातक, आचार्य, कपिल वर्णवाला और यज्ञ में दीक्षित मनुष्यों (अवभृथ स्नान के पूर्व तक) की छाया का इच्छापूर्वक उल्लंघन न करे ।।१३०।।

चौराहे पर ठहरने का निषेध—

मध्यंदिनेऽर्धरात्रे च श्राद्धं भुक्त्वा च सामिषम् ।
सन्ध्ययोरुभयोश्चैव न सेवेत चतुष्पथम् ।। १३१ ।।

भाष्य—मध्याह्नेऽ**र्धरात्रे** महानिशायां समांसं च श्राद्धं भुक्त्वा **न सेवेत** । चिरं न तत्रासीत् । यदि कथञ्चिद्ग्रामादि गच्छतो नान्तरेण चतुष्पथं मार्गान्तरमस्ति, तदा तावन्मात्रसम्बन्धो न निषिध्यते ।

केचित्तु चकारमेवं योजयन्ति— 'श्राद्धं भुक्त्वा सामिषं चान्यदपि भोजनम्' । अस्मिंश्च सम्बन्धे समाचारोऽन्वेष्यः । नान्यथा व्यवहितः सम्बन्धो लभ्यते ।।१३१।।

हिन्दी—दोपहर में, आधी रात में, मांस सहित श्राद्धान्न भोजनकर और दोनों (प्रातः तथा सायंकाल की) सन्ध्याओं में चौराहे पर न जावे (बहुत समय तक न ठहरे) ।।१३१।।

उबटन आदि की मैल पर ठहरने का निषेध—

उद्वर्तनमपस्नानं विण्मूत्रे रक्तमेव च ।
श्लेष्मनिष्ठ्यूतवान्तानि नाधितिष्ठेत्तु कामतः ।। १३२ ।।

भाष्य—**उद्वर्तन**मभ्यङ्गमलापकर्षणं पिष्टादि । **अपस्नान**मुपयुक्तमुदकम् । **निष्ठ्यूतम**श्लेष्मरूपमपि भुक्त्वा त्यक्तं ताम्बूलवीटिकादि ।

अधिष्ठानं तदुपरिस्थानम् ।

कामतः । अज्ञानपूर्वमदोषः ।।१३२।।

हिन्दी—उबटन आदि की मैल, स्नान का पानी, विष्ठा (मैला), मूत्र, रक्त, कफ

(खकार), पान आदि की पीक और थूक तथा वमन किये गये अन्नादि पर न ठहरे (पैर न रखे या खड़ा न होवे) ॥१३२॥

शत्रुआदि की संगति का निषेध—

वैरिणं नोपसेवेत सहायं चैव वैरिणः ।
अधार्मिकं तस्करं च परस्यैव च योषितम् ।।१३३।।

भाष्य—बैरी शत्रुस्तस्य सदैव उपायनप्रेषणान्येकत्र स्थानासने गृहमनादिकथा-प्रवृत्तिरित्येवमादि न कार्यम् ।

अधार्मिकः पातकी, यश्च कुसृत्या वर्तते ।

तस्करश्चौरः ।

अस्मादेव च भेदोपादानादधार्मिको न सर्वः, किंतर्हि यथा व्याख्यातम् ।

परस्य योषितं स्त्रियम् । योषिद्‌गहणान्न पत्न्येव किंतर्ह्यवरुद्धाऽपि, वैरकरणत्वा-दुभयोर्दृष्टदोषनिमित्तैश्च प्रतिषेधः, साहचर्यात् । उत्तरत्र च 'दार'ग्रहणमदृष्टदोषाति-शयदर्शनार्थम् । न पुनरेवं वक्तव्यं "योषितमिति सामान्यनिर्देशे दारशब्दार्थवादा-द्विशेषावगतिः।" नायमस्यार्थवादः । भिन्नमेवैतद्वाक्यम् ॥१३३॥

हिन्दी—शत्रु, शत्रु का सहायक, अधार्मिक, चोर और परस्त्री का संग न करे ॥१३३॥

परस्त्री-निन्दा—

न हीदृशमनायुष्यं लोके किंचन विद्यते ।
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम् ।।१३४।।

भाष्य—अजीर्णकारकभोजनादि सुवर्णापहरणादि न ही**दृशमनायुष्य**मायुष्यक्षय-करं **यादृशं** परदारगमनम् । अदृष्टेन दृष्टेन च दोषः ॥१३४॥

हिन्दी—इस संसार में पुरुष की आयु को क्षीण कराने वाला वैसा कोई कार्य नहीं है, जैसा दूसरे की स्त्री का सेवन करना है (अतएव उसका सर्वदा त्याग करना चाहिये) ॥१३४॥

क्षत्रिय तथा ब्राह्मणादि के अपमान का निषेध—

क्षत्रियं चैव सर्पं च ब्राह्मणं च बहुश्रुतम् ।
नावमन्येत वै भूष्णुः कृशानपि कदाचन ।।१३५।।

भाष्य—अवमान अनादरो गौरवाभावस्तिरस्कारश्च ।

कृशानपि तदात्वे प्रीतिं कर्तुमसमर्थानपि ॥१३५॥

हिन्दी—(धन-गौ आदि सम्पत्ति से) बढ़ने वाला मनुष्य क्षत्रिय, सर्प और बहुश्रुत ब्राह्मण ये यदि दुर्बल हों तो भी इनका अपमान न करे ॥१३५॥

एतत्त्रयं हि पुरुषं निर्दहेदवमानितम् ।
तस्मादेतत्त्रयं नित्यं नावमन्येत बुद्धिमान् ।।१३६।।

भाष्य—**निर्दहेत्** अवमन्तारं पुरुषम् ।

त्रयमवमानितम् । क्षत्रियः सर्पो दृष्ट्वा शक्त्या, ब्राह्मणो जपहोमैः अदृष्टेन च दोषेण ।

तस्मादेतत् त्रयं नित्यमित्युपसंहारः । विधाय दोषदर्शनं पुनरुपसंहारो यत्नेन परिहारार्थः । यत्नातिशयाच्च प्रायश्चित्ते गौरवमप्यनुमीयते ॥१३६॥

हिन्दी—अपमानित ये तीनों (क्षत्रिय, साँप और ब्राह्मण) अपमान करने वाले पुरुष को भस्म कर देते हैं। अतः बुद्धिमान् मनुष्य इनका अपमान कदापि न करे ॥१३६॥

विमर्श— इनमें क्षत्रिय तथा सर्प देखने से या क्षत्रिय शक्ति से, सर्प दंशन से और ब्राह्मण अभिचार (मारण, मोहन, उच्चाटनादि) कर्मों से अपमान करने वाले का बहुत अनिष्ट करते हैं ।

आत्मापमान का निषेध—

नात्मानमवमन्येत पूर्वाभिरसमृद्धिभिः ।
आमृत्योः श्रियमन्विच्छेन्नैनां मन्येत दुर्लभाम् ।।१३७।।

भाष्य—**असमृद्धिर्ध**नाद्यसंपत्तिः, कृष्यादिना धनार्जनावसरे । तत्र नात्माऽवमन्तव्यो 'दुर्भगोऽहमकृतपुण्यो, नास्मिन्नवसरे धनं मया लब्धं, कुतोऽन्यदा प्राप्स्यामीति' नावसादो भावनीयः ।

आ मृत्योः श्रियमन्विच्छेत् । आऽन्त्यादुच्छ्वासाद्धनार्जनकामो न त्यक्तव्यः । न **चैनां** श्रियं **दुर्लभां मन्येत** । 'अवश्यं मम सम्पद्यते मद्व्यवसाय' इति गृहदौःस्थित्याद्यपरिगणय्य तदर्जने प्रवर्तितव्यम् । अस्ति कस्यचित्सुभाषितम्—

"हीनाः पुरुषकारेण गणयन्ति ग्रहस्थितिम् ।
सत्त्वोद्यमसमर्थानां नासाध्यं व्यवसायिनाम् ॥"

अनेन चैतद्दर्शयति । 'अहं दुर्गतः क्लेशप्राप्यधन आधानादौ नाधिक्रिये । ततोऽग्निहोत्रहोमक्लेशादुत्तीर्णोऽस्मीति' यस्य बुद्धिः स न सम्यङ्मन्यत इति । अतस्तदर्थं प्रयतेत ॥१३७॥

हिन्दी—पहले (उद्योग करने पर भी) समृद्धि न होने पर ('मैं मन्दभाग्य या अभागा

हूँ' इत्यादि प्रकार से) अपना अपमान न करे, (किन्तु) मरने तक लक्ष्मी को चाहे (उन्नति के लिए उद्योग करता ही रहे), और इसे (समृद्धि— संपत्ति को) दुर्लभ कभी न समझे॥१३७॥

सत्य तथा प्रिय भाषण—

सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ।।१३८।।

भाष्य—अर्थप्रयुक्तवचनं सत्ये नियम्यते। यथादृष्टं श्रुतं च **सत्यम्**।

प्रियं ब्रूयात्। द्वितीयोऽयं विधिः। औदार्यादिगुणानुकथनं परस्यादृष्टेनापि केनचि-दवसरेण। तथा पुत्रजन्मादि 'ब्राह्मण पुत्रस्ते जात' इत्यसत्यपि स्वप्रयोजने यदि सत्यं तद्वक्तव्यम्। यदि तस्य तत्र विदितम्।

'सत्यं' प्रियमप्रियं वाऽस्ति। प्रियं दर्शितं— 'ब्राह्मण पुत्र' इत्यादि। अप्रियं यथा 'ब्राह्मण कन्या ते गर्भिणी'-तदसत्यं न ब्रूयात् सत्यमपि कन्यागर्भग्रहणमप्रियत्वादप्रकाश्यम्। सत्यां गतौ तूष्णीमासितव्यम्। ननु **गर्भिण्या**मगर्भिणीति वक्तव्यं प्रियत्वादत आह **प्रियं च नानृतं ब्रूयादिति**। एवं च यस्य प्रथमः साक्षात्कारस्तेन तत्र तूष्णीमासितुं लभ्यते।

एष सनातनो धर्मः। सनातनो नित्यो वेदस्तेन विहितत्वाद्धर्मोऽपि सनातनः॥१३८॥

हिन्दी—सत्य (जैसा देखा है वैसा) बोले, प्रिय ('तुम्हें पुत्र हुआ है, तुम परीक्षा में उत्तीर्ण हो गये इत्यादि' प्रीतिजनक वचन) बोले, सत्य भी अप्रिय (जैसे— 'तुम्हारा पुत्र मर गया, तुम फेल हो गये' इत्यादि दुःखजनक वचन) न बोले और प्रिय भी असत्य (वचन) न बोले; यही सनातन (वेदमूलक होने से अनादि काल से चला आता हुआ) धर्म है ॥१३८॥

दूसरे के कार्य को अच्छा कहना—

भद्रंभद्रमिति ब्रूयाद्भद्रमित्येव वा वदेत् ।
शुष्कवैरं विवादं च न कुर्यात्केनचित्सह ।।१३९।।

भाष्य—अत्र प्रथमस्य भद्रशब्दस्य नञ्लोपं व्याचक्षते। यदभद्रं तद्भद्रमिति ब्रूयात्। **इति**करणः प्रदर्शनार्थः। 'कल्याणं' 'मङ्गलं' 'सिद्धं' 'श्रेय' इत्यादयः सिद्धाः शब्दाः प्रयोक्तव्याः।

पूर्वपदस्यापि प्रदर्शनार्थत्वेऽन्धे 'चक्षुष्मान्'मूर्खे 'प्राज्ञ' इत्यादिवचनं लभ्यते। अथवा भद्रमित्येष एव शब्द एवमादिषु वक्तव्यः।

शुष्कबैरं असत्यर्थादिप्रयोजने आहोपुरुषिकं वाक्यं न कर्तव्यम्।

एवं राजाधिकरणे **विवादं** शुष्कमेवेत्यादि सम्पद्यते।

केनचिदसमर्थेनापि ॥१३९॥

हिन्दी—(दूसरे के किये हुए किसी) बुरे या बिगड़े हुए कार्य को 'अच्छा' कहे, या 'अच्छा है[१]' ऐसा सामान्यत: कहे, बिना मतलब किसी के साथ विरोध या झगड़ा न करे ॥१३९॥

अज्ञात व्यक्ति के साथ गमन करने का निषेध—

नातिकल्यं नातिसायं नातिमध्यंदिने स्थिते ।
नाज्ञातेन समं गच्छेन्नैको न वृषलैः सह ।।१४०।।

भाष्य—अतिकल्यशब्दश्चाहर्मुखे वर्तते । उष:काले न गन्तव्यम् । **अतिसायं** पश्चिमसन्ध्यासमये **अज्ञातेन पुरुषेण सह न गच्छेत्** । असहायश्च **वृषलैः** शूद्रैश्च सह ॥१४०॥

हिन्दी—बहुत सबेरे, बहुत शाम होने पर और बहुत दोपहरी होने पर अज्ञात (कुलशील वाले) पुरुष तथा शूद्रों के साथ अकेला न जावे ॥१४०॥

हीनाङ्ग आदि की निन्दा का निषेध—

हीनाङ्गानतिरिक्ताङ्गान्विद्याहीनान्वयोतिगान्[२] ।
रूपद्रविणहीनांश्च जातिहीनांश्च नाक्षिपेत् ।।१४१।।

भाष्य—हीनाङ्गाः काणकुष्ठिकुब्जादय: । **अतिरिक्त**मधिकं अङ्गं येषां श्लीपद्यादय: । **विद्याहीना** मूर्खा: । **वयोतिगा** अत्यन्तवृद्धा: । **रूपहीना** दु:संस्थानाश्चिपिटकेकरादय: । **द्रविणहीनाः** द्ररिद्रा: । द्रविणं धनं तेन हीना वर्जिता: । **जात्या हीना** निकृष्टजातय: कुण्डगोलकाद्या: । ता**न्नाक्षिपेत्** । 'आक्षेप:' कुत्सा । एतेषां एतै: शब्दैराह्वानमेव कुत्सा ॥१४१॥

हिन्दी—हीन (कम या अत्यन्त छोटे) अङ्ग वाले (यथा— लङ्गड़ा, लूला, वामन आदि), अधिक अङ्ग वाले (यथा— छाँगुर आदि), मूर्ख, बहुत अधिक उम्र वाले, कुरूप, निर्धन और नीच जाति वालों की निन्दा न करे (लंगड़ा, काना इत्यादि शब्द को उनके प्रति व्यवहार में न लावे) ॥१४१॥

जूठे मुँह गौ आदि के स्पर्श का निषेध—

न स्पृशेत्पाणिनोच्छिष्टो विप्रो गोब्राह्मणानलान् ।
न चापि पश्येदशुचिः स्वस्थो ज्योतिर्गणान्दिवि ।।१४२।।

---

१. "तथा चापस्तम्ब:— 'नाभद्रमभद्रं ब्रूयात्पुण्यं प्रशस्तमिति ब्रूयाद्भद्रमित्येव' इति"। (म०मु०)।

२. पाठभेद:–वयोऽधिकान् ।

भाष्य—**उच्छिष्टो** भुक्तवाननाचान्तः कृतमूत्रपुरीषश्च। अशुचिमात्रमिहोच्छिष्ट-शब्देनोच्यते। तथा चोच्छिष्टस्य गवादिस्पर्शः प्रतिषिध्यते। अशुचिशब्देन प्रायश्चित्तं वक्ष्यति।

पाणिग्रहणमतन्त्रम्। अन्येनाप्यङ्गेन स्पर्शो नेष्यते। वस्त्राद्यन्तरिते न निषेधः।

दिवि ज्योतिर्गणं न पश्येत्। **स्वस्थो**ऽनातुरः। दिवीतिवचनाद्भूमौ ज्योतिषोऽग्नेरप्रतिषेधः ॥१४२॥

हिन्दी—उच्छिष्ट मुख (जूठे मुँह) रहकर (तथा मलमूत्र त्यागकर) गौ, ब्राह्मण और अग्नि का हाथ से स्पर्श न करे और अपवित्र रहते हुए स्वस्थावस्था में आकाश में सूर्य, चन्द्र, ग्रह, तारा आदि को न देखे ॥१४२॥

उक्त स्पर्श करने पर प्रायश्चित्त—

स्पृष्ट्वैतानशुचिर्नित्यमद्भिः प्राणानुपस्पृशेत्।
गात्राणि चैव सर्वाणि नाभिं पाणितलेन तु ॥१४३॥

भाष्य—अविशेषवचनेऽपि प्राणाश्चक्षुरादय एव मूर्धन्या उच्यन्ते। प्राणशब्दश्चक्षुरादिवचनो वेदे प्राणसम्भव उपनिषदि दृश्यते।

गात्राणि अंसजानुपादादीनि।

पाणितलेनापो गृहीत्वा स्पृशेत् ॥१४३॥

हिन्दी—अशुद्ध (जूठे मुँह रहकर तथा मल-मूत्र त्यागकर) इन (गौ, ब्राह्मण और अग्नि) का हाथ से स्पर्शकर पाणितल (तलहथी) पर पानी रखकर उससे प्राणों नेत्रादि इन्द्रियों (शिर, कन्धा, घुटना चरणों) एवं सम्पूर्ण शरीर और नाभि का स्पर्श करे ॥१४३॥

इन्द्रियों तथा गुप्त रोगों के स्पर्श का निषेध—

अनातुरः स्वानि खानि न स्पृशेदनिमित्ततः।
रोमाणि च रहस्यानि सर्वाण्येव विवर्जयेत् ॥१४४॥

भाष्य—**अनिमित्ततः** कण्डूयनादिनिमित्तं विना। **स्वानि खानि** चक्षुरादीनि छिद्राणि न स्पृशेत्।

रहस्यानि कक्षोपस्थगतानि **विवर्जयेत्** प्रकृतेन स्पर्शेन। श्लोकपूरणार्थमाख्यातान्तरोपादानम्।

अन्ये त्वाहुः आख्यातान्तरनिर्देशाद्दर्शनं प्रतिषिध्यते ॥१४४॥

हिन्दी—स्वस्थ रहते हुए बिना कारण इन्द्रियों तथा गुप्त रोमों (कक्ष या उपस्थादि के बालों) का स्पर्श न करे ॥१४४॥

मङ्गल द्रव्य तथा आचार से युक्त रहना—

मङ्गलाचारयुक्तः स्यात्प्रयतात्मा जितेन्द्रियः ।
जपेच्च जुहुयाच्चैव नित्यमग्निमतन्द्रितः ।।१४५।।

भाष्य—अभिलषितायुर्धनादिसिद्धि**र्मङ्गलम्**। तदर्थमाचारो **मङ्गलाचारो** गोरोचनातिलकशुभफलादिस्पर्शस्तेन युक्तो नित्यं तत्सेवापरः स्यात्।

"ननु चाचारस्य प्रामाण्यमुक्तमेव"।

सत्यम्। अदृष्टस्यार्थस्यानेनोच्यते। दृष्टबुद्ध्या हि क्रियमाणस्य व्यभिचारदर्शनेन कश्चिदनादरपरः स्यात्। तदर्थं पुनरुच्यते। यथा प्रस्थानकाले सन्निहिते पुनः कथनं दध्यादौ वन्दनं, शुक्लनिवसनदर्शनं, दक्षिणतः कपिञ्जलवासितं, फलिते वृक्षे दक्षिणत एव वायसस्य,— एवमादि मङ्गलार्थमादरणीयं; विपरीतं वर्जनीयम्।

जितेन्द्रियो विषयेष्वलालसः। पुरुषार्थतयैतदसकृदुक्तमपि विनिपातनिवृत्त्यर्थमुच्यते।

अग्नेरन्यत्रापि होमसम्भवा**ज्जुहुयादग्निमि**त्याह।

अतन्द्रित इत्युक्तानुवादः ॥१४५॥

हिन्दी—मङ्गल (गोरोचनादि मङ्गल द्रव्य-विशेष) तथा आचार (गुरुसेवा आदि) से युक्त, बाहर (मिट्टी जलादि से)— भीतर (राग-द्वेषादि-त्याग से) शुद्ध, जितेन्द्रिय और निरालस होकर सर्वदा (गायत्री का) जप करे तथा हवन करे ॥१४५॥

उक्ताचरण से लाभ—

मङ्गलाचारयुक्तानां नित्यं च प्रयतात्मनाम् ।
जपतां जुह्वतां चैव विनिपातो न विद्यते ।।१४६।।

भाष्य—विनिपातः प्राकृताशुभनिमित्तको दैवोपद्रवो व्याधिर्धननाश इष्टवियोगादिः। स एवमाचाराणां माङ्गल्यकान्निवर्तते।

अनेनापि नित्यतैवोक्ता भवति, सत्यपि फलार्थत्वे। न हि कश्चिद्दैवोपद्रवानिवृत्तिमर्थयते। अतो 'नित्य'ग्रहणमनुवादः। अथापि कश्चिदनर्थी स्यात्तथापि नित्य एवायं विधिः। एवं चोभयार्थता तस्य नित्याधिकारवृत्तिर्विनिपातनिवृत्तिश्च ॥१४६॥

हिन्दी—मङ्गल द्रव्य और आचार से युक्त, नित्य बाहरी-भीतरी शुद्धि रखने वाले, (गायत्री का) जप तथा हवन करते हुए द्विज का विनिपात (दैवकृत या मनुष्यकृत उपद्रव) नहीं होता है ॥१४६॥

गायत्री आदि के जप की श्रेष्ठता–

वेदमेव जपेन्नित्यं यथाकालमतन्द्रितः ।
तं ह्यस्याहुः परं धर्ममुपधर्मोऽन्य उच्यते ।।१४७।।

भाष्य—जपेच्च जुहुयाच्चैवेत्युक्तम् । तत्र तावज्जपस्य साधनमाह— **वेदमेव जपेदिति** । अवशिष्टोऽर्थवादः ।

यथाकालं यस्मिन्यस्मिन्काले । वीप्सायामव्ययीभावः । यदैव ह्यैहिकी चेष्टा नातिपद्यते तदैव जपेत् । अन्यान्यग्निहोत्रादिकर्माणि नियतकालानि । जपस्य तु शुचित्वमेव कालः ।

अयं मुख्यो धर्मः। **उपधर्मः**। धर्मस्य समीपे उपधर्मः । समीपप्रधानस्तत्पुरुषो नाव्ययीभावः । ''उपमानानि सामान्यवचनैरिति'' (व्या० सू० २।१।५५) यथा । धर्मान्तरनिन्दा वेदजपस्तुत्यर्था, न तन्निषेधार्था ।।।१४७।।

हिन्दी—निरालस होकर यथासमय (मङ्गल कारक होने से नित्यकृत्य के समय) सर्वदा वेद का ही अभ्यास (गायत्री का जप) करे । मनु आदि आचार्यों ने उसी (गायत्री के जप) को श्रेष्ठ धर्म कहा है और दूसरे को उपधर्म कहा है ।।१४७।।

सतत वेदाभ्यासादि से पूर्वजातिस्मरण—

वेदाभ्यासेन सततं शौचेन तपसैव च ।
अद्रोहेण च भूतानां जातिं स्मरति पौर्विकीम् ।।१४८।।

भाष्य—अद्रोहोऽहिंसा ।

भूतानि स्थावरजङ्गमानि ।

जातिस्मरफलान्येतानि कर्माणि चत्वारि यावज्जीवमनुष्ठीयमानानि भवन्ति ।

जातिर्जन्मान्तरम् ।

पूर्वभवा **पौर्विकी** ।।१४८।।

हिन्दी—(मनुष्य) निरन्तर वेदाभ्यास (गायत्री जप), पवित्रता, तपस्या और प्राणियों के साथ द्रोह का अभाव (हिंसादि से उन्हें दुःखित न करने) से पूर्व जाति का स्मरण करता है (उसे पूर्वजन्म की बातें स्मरण होती हैं) ।।१४८।।

पूर्वजाति स्मरण से वेदाभ्यास द्वारा मोक्षलाभ—

पौर्विकीं संस्मरन् जातिं ब्रह्मैवाभ्यस्यते द्विजः ।
ब्रह्माभ्यासेन चाजस्रमनन्तं सुखमश्नुते ।।१४९।।

भाष्य—ननु चेष्टफलकामः सर्वं समीहते । न च जन्मान्तरानुस्मरणमेकान्तसुखं येन फलत्वेन वेदाभ्यासादिचतुष्टयस्य वर्ण्यते । तत आह **पौर्विकीं जातिं स्मरन् ब्रह्म**

वेद **अभ्यस्यते** तत्र श्रद्धावान् भवति। 'ईदृशो ब्रह्माभ्यासो येन जन्मान्तरं स्मर्यते' इति। स्मरन्पुनस्तदभ्यासे वर्तते। तस्माच्चानेकजन्माभ्यस्तादनन्तरं ब्रह्मप्राप्तिलक्षणं सुखम्। **अजस्रम**पुनरावृत्तिं **अश्नुते** प्राप्नोति। 'अनन्त'शब्देन सुखविशेष उपलक्ष्यते, असाधना परितृप्तिरात्मनः। तस्याजस्रपदेन शाश्वतं प्रतिपाद्यते। तादृशं सुखं प्राप्यते, न चैतत्क्षीयते।

समानार्थावप्यपुनरुक्तौ। यथा 'वृत्तकं वहतः पुरीषमिति'। वृत्तकमुदकं पुरीषं च। तत्रैको रूढोऽपरः क्रियाशब्दः। 'पुरीषं' पूरणसमर्थं 'वृत्तक'मुदकम् ॥१४९॥

हिन्दी—(इससे वह) पूर्वजाति का स्मरण करता हुआ, (जन्मजन्य जरामरणादि विविध क्लेशों का स्मरण करता हुआ उससे छुटकारा पाने के लिए) फिर ब्रह्म का ही (श्रवण, मनन और ध्यान के द्वारा) निरन्तर अभ्यास करता है और ब्रह्माभ्यास से परमानन्द की प्राप्तिरूप अनन्त सुख (मोक्ष) को प्राप्त करता है ॥१४९॥

हवन अष्टकाश्राद्धादि कर्तव्य—

सावित्रान् शान्तिहोमांश्च कुर्यात्पर्वसु नित्यशः।
पितृंश्चैवाष्टकास्वर्चेन्नित्यमन्वष्टकासु च॥१५०॥

भाष्य—पूर्वोक्तानां होमानां स्वरूपमुच्यते।

सावित्राः सवितृदेवताकाः।

पवसु च पौर्णमास्यमावास्ययोः कर्तव्याः।

शान्त्यर्था होमा अनिष्टनिवृत्तिप्रयोजनाः।

द्रव्यं चात्राज्यमेवानुपात्तद्रव्यविशेषेषु सर्वहोमेषु श्रूयते "सर्वस्मै वा एतद्यज्ञाय गृह्यते यत् ध्रुवायामाज्यमिति"। पर्वस्विति च सप्तमी द्वितीयार्थे द्रष्टव्या। अधिकरण-मग्निर्होमस्य, न कर्म क्वचित्। होतव्यानि पठ्यन्ते— 'लाजाज्यमांससक्तुदधिपयोधानाः पिष्टमित्यादि'।

एते च होमा अपूर्वाः। यावती च समाचारादितिकर्तव्यता सा प्राग्दर्शिता।

अष्टका ऊर्ध्वमाग्रहायण्यास्तमिस्रपक्षाणां तिस्रोऽष्टम्यः। केषांचित् "हेमन्त-शिशिरयोश्चतुर्णामपरपक्षाणामिति" वचनम्। तत्र **पितॄन**र्चयेच्छ्राद्धेन। पितृशब्दः पूर्वप्रमीत-पित्रादिवचनः। **अन्वष्टकास्ता** एव नवम्यः ॥१५०॥

हिन्दी—पर्वों (अष्टमी तथा पूर्णिमादि तिथियों) में सर्वदा सावित्रिदेवताक (सावित्री है देवता जिसका ऐसा तथा अनिष्ट निवृत्ति के लिए) शांति हवनों को करे। अग्रहण के बाद कृष्णपक्ष की तीन अष्टमी तिथियों में अष्टकाख्य तथा उसके बाद वाली नवमी तिथियों में अन्वष्टकाख्य श्राद्ध कर्म से (स्वर्गगत) पितरों का अर्चन करे ॥१५०॥

अग्निगृह से दूर मूत्रादि का त्याग—

दूरादावसथान्मूत्रं दूरात्पादावसेचनम् ।
उच्छिष्टान्ननिषेकं च दूरादेव समाचरेत् ।।१५१।।

भाष्य—पादाववसिच्येते येनोदकादिना तत्**पादावसेचनं** तद्दूरात्क्षिपेत् । अथवा पादप्रक्षालनमेव दूरात्कुर्यात् ।

निषेकः परिषेकः । तैलादिकृतस्नानोदकमपि शक्यते निषेकशब्देनाभिधातुम् । उपयुक्तशेषस्य त्याज्यस्यायं दूरतो निक्षेप उच्यते । तद्धि **निषेक**शब्देन प्रसिद्धतरम्॥१५१॥

हिन्दी—अग्निगृह अर्थात् अग्निहोत्रशाला से (नैर्ऋत्य दिशा में छोड़ा हुआ बाण जहाँ तक जाय उतनी[1]) दूर पर मूत्र (और मल का त्याग) करे, पादप्रक्षालन करे, जूठे अन्न (पत्तल आदि) को फेंके तथा वीर्य त्याग करे ॥१५१॥

शौच, दतुवन आदि पूर्वाह्ण में कर्तव्य—

मैत्रं प्रसाधनं स्नानं दन्तधावनमञ्जनम् ।
पूर्वाह्ण एव कुर्वीत देवतानां च पूजनम् ।।१५२।।

भाष्य—अर्थवादेषु पश्वङ्गसंस्तवे **मैत्रः** पायुरिति श्रूयते । तदिहाप्यभेदोपचारान्मित्रः पायुस्तत्र भवं शौचं मैत्रम् ।

प्रसाधनं केशरचनामुपलेपनादि ।

अथवा विशेषणविशेष्ये पदे 'मैत्रं प्रसाधनम्' । अकृतशकृताऽपि प्रातः पायुप्रक्षालनं कर्तव्यम् । यथा हि सुप्तस्य लालास्रावादेरवश्यं भावित्वान्मुखधावनं विहितम्, एवमेतदपि विनैव वा निमित्तेन मुखस्य जघन्ययोरङ्गयोः प्रक्षालनमवश्यं कर्तव्यम् ।

अन्ये त्वाहुमित्रकार्यं 'मैत्रं;' तत्सर्वकार्येभ्योऽन्तरङ्गेभ्योऽपि पूर्वं कर्तव्यम् । तत्राप्यशुचेः क्षणमप्यवस्थाभावात्स्वकार्यापेक्षया पूर्वत्वं द्रष्टव्यम् । तदा च पूर्वाह्णशब्दः कार्यान्तरेभ्यः पूर्वतामात्रोपलक्षणार्थः, न पुनरपराह्णप्रतिषेधार्थः ।

अथवा मित्र आदित्यस्तदुपस्थानं **मैत्रम्** ॥१५२॥

हिन्दी—मल त्याग, शरीर-संस्कार (शृङ्गार), स्नान, दतुवन, अञ्जन और देवताओं का पूजन पूर्वाह्ण में ही करे ॥१५२॥

विमर्श— यहाँ 'पूर्वाह्ण' शब्द से रात्रि के पूर्वार्द्ध का भी ग्रहण करना चाहिये । तथा प्रकृत श्लोक में कार्य के क्रम का निर्देश न मानकर पदार्थ मात्र का निर्देश मानना चाहिये, अतएव दतुवन के बाद स्नान किया जाता है, न कि स्नान के बाद दतुवन ।

---

१. तदुक्तं विष्णुपुराणे— ''नैर्ऋत्यामिषुविक्षेपमतीत्याभ्यधिकं भुवः ।'' इति ।

पर्वों में देवादि दर्शन—

दैवतान्यभिगच्छेत्तु धार्मिकांश्च द्विजोत्तमान् ।
ईश्वरं चैव रक्षार्थं गुरूनेव च पर्वसु ।।१५३।।

हिन्दी—पर्वों (अमावस्या, पूर्णिमा आदि तिथियों) में अपनी रक्षा के लिए देवप्रतिमा, धार्मिक श्रेष्ठ ब्राह्मण, राजा और गुरु (पिता-आचार्यादि गुरुजन) के दर्शन के लिए जाया करे ॥१५३॥

वृद्धजनों का अभिवादनादि—

अभिवादयेद्वृद्धांश्च दद्याच्चैवासनं स्वकम् ।
कृताञ्जलिरुपासीत गच्छतः पृष्ठतोऽन्वियात् ।।१५४।।

हिन्दी—(गृह पर आये हुए) बड़े-बूढ़े लोगों का अभिवादन करे, अपना आसन उनको (बैठने के लिए) दे, हाथ जोड़कर उनके सामने बैठे और उनके लौटने के समय (कुछ दूर तक) पीछे-पीछे जावे ॥१५४॥

श्रुति-स्मृति-प्रतिपादित स्व-धर्म का पालन—

श्रुतिस्मृत्युदितं सम्यङ्निबद्धं स्वेषु कर्मसु ।
धर्ममूलं निषेवेत सदाचारमतन्द्रितः ।।१५५।।

हिन्दी—वेदों तथा स्मृतियों में सम्यक् प्रकार से कहे हुए, अपने कर्मों से धर्म मूलक आचार का सर्वदा निरालस होकर पालन करे ॥१५५॥

आचार की प्रशंसा—

आचाराल्लभते ह्यायुराचारादीप्सिताः प्रजाः ।
आचाराद्धनमक्षय्यमाचारो हन्त्यलक्षणम् ।।१५६।।

भाष्य—न चायमेष विद्वत्तादिगुणसम्पन्नः साध्यते । प्रजाया ह्येते गुणाः प्रार्थ्यन्ते। तदुक्तम् "तया गवा किं क्रियते या न धेनुर्न गर्भिणी । कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान्न धार्मिकः ।"

अक्षय्यमपि प्रभूतं यदसद्व्यसनैरपि अक्षय्यम् ।

अलक्षणं स्कन्धोपरि तिलकादि दारिद्र्यादिदौर्भाग्यसूचकम् । तदप्याचारो हन्ति । तेन ह्यधर्म आचारपरत्वेन नश्यति ॥१५६॥

हिन्दी—(मनुष्य) आचार से (वेदोक्त दीर्घ) आयु को प्राप्त करता है, आचार से अभिलषित सन्तान (पुत्र-पौत्रादि) को प्राप्त करता है, आचार से क्षय रहित (अत्यधिक) धन को प्राप्त करता है और आचार (शरीर आदि के) अनिष्ट लक्षण को नष्ट कर देता है॥१५६॥

दुराचार की निन्दा—

दुराचारो हि पुरुषो लोके भवति निन्दितः ।
दुःखभागी च सततं व्याधितोऽल्पायुरेव च ।।१५७।।

हिन्दी—दुराचारी पुरुष संसार में निन्दित, सर्वदा दुःखभागी, रोगी और अल्पायु होता है ॥१५७॥

सदाचारी की सौ वर्ष आयु—

सर्वलक्षणहीनोऽपि यः सदाचारवान्नरः ।
श्रद्दधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति ।।१५८।।

हिन्दी—सब लक्षणों से हीन भी जो मनुष्य सदाचारी, श्रद्धालु और असूया (दूसरे के दोष के कहने) से रहित है, वह सौ वर्ष तक जीता है ॥१५८॥

पराधीन कार्य का त्याग तथा स्वाधीन कार्य की कर्तव्यता—

यद्यत्परवशं कर्म तत्तद्यत्नेन वर्जयेत् ।
यद्यदात्मवशं तु स्यात्तत्तत्सेवेत यत्नतः ।।१५९।।

भाष्य—यत्परप्रार्थनया स्वपरहितादि क्रियते **तत्परवशं** वर्ज्यते, न तु यद्वृत्ति-साध्यमार्त्विज्यादि । तद्धि स्ववशमेव । तद्विषयकमेव भृत्यादि स्वीक्रियते । च चानेन परवशमपि दीक्षितस्य निषिध्यते । स्मृत्या श्रुतिं बाधितुमन्याय्यत्वात् । उक्ते च विषये सावकाशत्वात्स्मृतेः ।

यत्त्वात्मनो वश्यं, स्वल्पया धनमात्रया परोपकारः स्वल्पोऽपि, स्वयं तत्कर्म कुर्यात् ।

नित्यकर्मासम्पत्तौ कुटुम्बोपयोगिनि धनेऽसति कर्तव्यैव याञ्चा, उपायान्तराभावे । किन्तु 'विशेषतो यक्ष्ये' 'विशेषतो दास्य' इति सत्यां कस्याञ्चिद्धनमात्रायां सन्तोषपरेण भवितव्यमित्येवमस्य तात्पर्यम् ॥१५९॥

हिन्दी—जो-जो पराधीन (धनादि से साध्य) कार्य है, उसका यत्नपूर्वक त्याग करे और जो-जो स्वाधीन (अपने शरीर आदि से साध्य) कार्य है, उसे यत्नपूर्वक करे ॥१५९॥

उक्त विषय में हेतु कथनपूर्वक सुख दुःख का लक्षण—

सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम् ।
एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः ।।१६०।।

भाष्य—याञ्चां निन्दति । **यत्परवशं तत्सर्वं दुःखम्** । तिष्ठतु तावत्परस्य गृह-द्वार्युपस्थानमनुवृत्तिरत्र चामुत्र च भ्रमणम् । यत्तु ।

"सङ्कल्प एव याञ्चायां हृदयं न प्रसह्यते ।
नूनं मायामसन्दिग्धां सृष्टिर्नासौ स्वयम्भुवः ॥"

समासेन संक्षेपेणौतद्दुःखस्य **लक्षणं** या याञ्चा । सुखं चैतद्याऽस्पृहा ॥१६०॥

हिन्दी—पराधीन सब कार्य दुःख का और स्वाधीन सब कार्य सुख का कारण है, संक्षेप से इसे सुख-दुःख का लक्षण जाने ॥१६०॥

चित्त के सन्तोषप्रद कार्य की कर्तव्यता—

यत्कर्म कुर्वतोऽस्य स्यात्परितोषोऽन्तरात्मनः ।
तत्प्रयत्नेन कुर्वीत विपरीतं तु वर्जयेत् ।।१६१।।

भाष्य—आत्मतुष्टेः प्रागुक्तायाः पुनर्वचनं स्मरणार्थम् । विषयश्च तस्या दर्शन एव ।

यत्र कर्मणि क्रियमाणे किंकथिका न भवति; तत्कर्तव्यम् । यत्र तु हृदयं न तुष्यति, तद्वर्जनीयम् ॥१६१॥

हिन्दी—जिस कार्य के करते रहने से अन्तरात्मा प्रसन्न हो, उस कार्य को प्रयत्नपूर्वक करे और उसके विरुद्ध कार्य का त्याग कर दे ॥१६१॥

आचार्यादि कि हिंसा का निषेध—

आचार्यं च प्रवक्तारं पितरं मातरं गुरुम् ।
न हिंस्याद् ब्राह्मणान् गाश्च सर्वांश्चैव तपस्विनः ।।१६२।।

भाष्य—**आचार्य्य** उपनेता । **प्रवक्ता** अध्यापको व्याख्याता । **गुरु**स्ताभ्यामन्यः पितृव्यमातुलादिः । **सर्वांश्चैव तपस्विनः** ।

प्रायश्चित्तप्रवृत्तान्पातकिनोऽपीति **सर्व**ग्रहणम् ।

अविशेषेण सर्वभूतानां तत्र तत्र हिंसा निषिद्धा । पुनर्वचनमाचार्यादीनामाततायिनामपि निषेधार्थमिति केचित् । यस्तु "गुरुं वा बालवृद्धौ वा" (८.३५०) इत्यादिरर्थवादोऽस्यैव प्रतिप्रसवः ।

उपाध्यायस्त्वाह । नायं प्रतिषेधः । पर्युदासोऽयम् । सङ्कल्पविधानार्थो "नोद्यन्तमादित्यमीक्षेत्त" इतिवत् । अतः प्रयत्नेऽतिक्रान्ते भवत्ययं सङ्कल्पप्रतिषेध इति ।

अथवा दुरुक्तभाषणं 'हिंसा' । "वाग्भिस्तैस्तैर्जघान ताम्" इति प्रयोगदर्शनात् ।

अथवा प्रतिकूलाचरणे हन्तिः प्रयुक्तः ॥१६२॥

हिन्दी—आचार्य (२।१४०), वेदादि का व्याख्यानकर्ता, पिता, माता, गुरु (२।१४२), ब्राह्मण, गौ और सब (प्रकार के) तपस्वी; इनकी हिंसा (इनके प्रतिकूल आचरण) न करे ॥१६२॥

विमर्श—गोविन्दराज का मत है कि— सामान्यतः हिंसा का निषेध करने से आततायी (श्लो० ८।२३-२५) के लिए भी इन (आचार्य आदि) की हिंसा का निषेध है, किन्तु यह अर्थ "गुरुं वा बालवृद्धौ वा" (८।३५०) वचन के विरुद्ध होने से अग्राह्य है।

नास्तिक्यादि का निषेध—

नास्तिक्यं वेदनिन्दां च देवतानां च कुत्सनम्।
द्वेषं स्तम्भं च मानं च क्रोधं तैक्ष्ण्यं च वर्जयेत्।।१६३।।

भाष्य—वेदप्रमाणकानामर्थानां मिथ्यात्वाध्यवसायो 'नास्तिक्यम्'। शब्देन प्रतिपादनं **निन्दा**। 'पुनरुक्तोवेदोऽन्योऽन्यव्याहतो नात्र सत्यमस्तीति' भावदोषेण, न पूर्वपक्षभङ्ग्या।

अग्न्यादयो 'देवता'स्तासां 'कुत्सनं' निन्दैव। यथा 'दग्धदैवेन हताः स्म' इति दैवे भवन्ति वक्तारः।

द्वेषो मात्सर्यादिहेतुकाऽप्रीतिः।

स्तम्भोऽहङ्कारादनम्रता।

मानोऽहङ्कार आत्माभिमानः 'पण्डितोऽहमाढ्योऽहमिति'। अमर्षः **क्रोधस्तैक्ष्ण्यं** पारुष्यम्। द्वेषपूर्वकः क्रोधः ॥१६३॥

हिन्दी—नास्तिकता (ईश्वर-परलोकादि को न मानना), वेदनिन्दा, देवनिन्दा, द्वेष, दम्भ, अभिमान, क्रोध और क्रूरता का त्याग करे ॥१६३॥

दूसरे को मारने आदि का निषेध—

परस्य दण्डं नोद्यच्छेत्क्रुद्धो नैनं निपातयेत्।
अन्यत्र पुत्राच्छिष्याद्वा शिष्ट्यर्थं ताडयेत्तु तौ।।१६४।।

भाष्य—येन दम्यते स 'दण्डः' करलगुडशिफारज्जुविदलादि। तं **परस्य** क्रुद्धः **सन्नोद्यछेन्नो**त्क्षिपेत्। प्रहारार्थं तिर्यगपि न निपातयेत्। **निपातनं** वेगेन तदङ्गसंयोगः।

पुत्रशिष्यावनुताडयेच्छिफावेणुदलचपेटाभिर्यथाऽष्टमे वक्ष्यति, न दण्डेन। तौ च न क्रोधेन, किं तर्हि **'शिष्ट्यर्थं'**मनुशासनार्थं, बाल्याद्यदि चापलमाचरतः। तथा "पृष्ठतस्तु शरीरस्य" (२९९) इतीषत्ताड्यौ।

शिष्यग्रहणं दासीदासस्यापि प्रदर्शनार्थम्। समानकार्यत्वात् ॥१६४॥

हिन्दी—दूसरे के ऊपर डण्डा न उठावे तथा क्रोधकर डण्डे से न मारे और पुत्र तथा शिष्य (और भार्या तथा दास आदि) को शिक्षा देने के लिए ('रज्ज्वा वेणुदलेन वा') (८।२९९) के अनुसार ताड़न करे ॥१६४॥

ब्राह्मण पर डण्डा उठाने का निषेध—

ब्राह्मणायावगुर्यैव द्विजातिर्वधकाम्यया ।
शतं वर्षाणि तामिस्त्रे नरके परिवर्तते ।।१६५।।

भाष्य—अविशेषेण सर्वविषये ताडने निषिद्धे ब्राह्मणे तत् क्रियाया दोषातिशय-दर्शनार्थं पञ्चश्लोकी ।

अवगूर्य्य उद्यम्यैव दण्डादि **वधकाम्यया** ताडनेच्छया । विनैव निपातेन । **शतं वर्षाणि नरके पच्यते** परिवर्तते तत्फलमुपभुङ्क्ते ।।१६५।।

हिन्दी—द्विजाति (भी) ब्राह्मण को मारने के लिए केवल डण्डे को उठाकर (बिना उसे मारे) ही सौ वर्ष तक तामिस्त्र आदि नरकों में घूमता रहता है ।।१६५।।

ब्राह्मण के ताड़न से निकृष्ट योनि की प्राप्ति—

ताडयित्वा तृणेनापि संरम्भान्मतिपूर्वकम् ।
एकविंशतिमाजातीः पापयोनिषु जायते ।।१६६।।

भाष्य—संरंभः क्रोधावेशः, न तु नर्मणा । बुद्धिपूर्वम् ।

एकविंशतिमाजातीः । जातिर्जन्म । आकारोऽनर्थकः, प्रलम्बत इतिवत् ।

पापानां योनय इति तिर्यग्जन्तवो दुःखबहुलाः । तिष्ठतु तावद्दण्डादिः पीडाकर-पदार्थः । तृणेनापि ताडने दीर्घकालो नरकानुभवः ।।१६६।।

हिन्दी—क्रोध से बुद्धिपूर्वक तृण से भी ब्राह्मण का ताड़न कर इक्कीस जन्म तक (ताड़नकर्ता द्विजाति भी) पाप (कुत्ते-बिल्ली आदि की) योनियों में उत्पन्न होता रहता है ।।१६६।।

ब्राह्मण के देह से रक्त गिराने पर दुःख की प्राप्ति—

अयुध्यमानस्योत्पाद्य ब्राह्मणस्यासृगङ्गतः ।
दुःखं सुमहदाप्नोति प्रेत्याप्राज्ञतया नरः ।।१६७।।

भाष्य—असृग्लोहितम् । **तदङ्गतो**ऽङ्गाद्यत्रोत्पादयति **ब्राह्मणस्य** खड्गप्रहारादिनाऽ-**युद्ध्यमानस्य, न** तु द्रोणाचार्यवत्क्षात्रेण युयुत्सोः । **सुमहद्दुःखं** नरकादि **प्रेत्य** मृतो जन्मान्तरे ।

अप्राज्ञतयेत्यनुवादः । प्राज्ञो हि शास्त्रार्थज्ञानान्न कथमप्येवं कुर्यात् ।।१६७।।

हिन्दी—शास्त्रज्ञान के कारण मनुष्य युद्ध नहीं करने वाले ब्राह्मण के शरीर से (दण्डताड़नादि द्वारा) रक्त गिराकर मरने पर बहुत भारी दुःख पाता है ।।१६७।।

शोणितं यावतः पांसून्संगृह्णाति महीतलात् ।
तावतोऽब्दानमुत्रान्यैः शोणितोत्पादकोऽद्यते ।।१६८।।

भाष्य—ईषत्प्रहारे पूर्वफलम् । अधिके तु **पांसबो** रजांसि धूल्यवयवास्तान्**यावतो** यत्परिमाणान्**गृह्णाति** संहन्ति ब्राह्मणाङ्गच्युतं भूमिपतितं लोहितम् । **तावतोऽब्दां**स्तावन्ति वर्षाण्य**मुत्र** परलोकेऽ**द्यते** श्वशृगालैर्यः **शोणितस्योत्पादकः** प्रहर्ता ।।१६८।।

हिन्दी—(दण्ड़ या खड्ग आदि शस्त्र से क्षत होने के कारण) ब्राह्मण के शरीर से निकला हुआ रक्त पृथ्वी पर से जितने धूलि (के कण— द्व्यणुक) को ग्रहण करता है, रक्त बहाने वाले उस व्यक्ति को उतने वर्षों तक दूसरे (शृगाल, कुत्ता, गीध आदि) खाते हैं— ।।१६८।।

न कदाचिद्द्विजे तस्माद्विद्वानवगुरेदपि ।
न ताडयेत्तृणेनापि न गात्रात्स्रावयेदसृक् ।।१६९।।

भाष्य—पूर्वस्य क्रियात्रयप्रतिषेधविधेरुद्यमननिपातनविषयस्योपसंहारः ।

न कदाचिदापद्यतीत्यर्थः ।।१६९।।

हिन्दी—इस कारण विद्वान् मनुष्य ब्राह्मण के ऊपर डण्डा आदि कभी न उठावे, उसका तृण से भी ताड़न न करे और न उसके शरीर से (शस्त्र-प्रहारादि द्वारा) रक्त बहावे ।।१६९।।

अधार्मिक आदि को सुख की अप्राप्ति—

अधार्मिको नरो यो हि यस्य चाप्यनृतं धनम् ।
हिंसारतिश्च यो नित्यं नेहासौ सुखमेधते ।।१७०।।

भाष्य—सामान्यतः सर्वहिंसाप्रतिषेधशेषोऽयम् ।

अधर्मः शास्त्रप्रतिषिद्धोऽगम्यागमनादिस्तं **चरत्यधार्मिकः** ।

यस्य चानृतमेव धनम् । साक्ष्ये व्यवहारनिर्णयादौ चासत्यमुक्त्वा उत्कोचधनं साधयति ।

यश्च **हिंसारति**र्हिसायां अभिरतो, वैरानुबन्धादर्थहेतोर्वा परान्हिनस्ति ।

नासौ सुखमेधते न सुखं प्राप्नोति ।

इहास्मिल्लोके ।।१७०।।

हिन्दी—जो अधार्मिक (शास्त्रविरुद्ध आचरण करने वाला) है, जिसका झूठ बोलना ही धन है (जो झूठी गवाही देकर पैसा या घूस लेता है) और परपीड़न में संलग्न है; वह मनुष्य इस लोक में सुखी होकर उन्नति नहीं करता है ।।१७०।।

अधर्म से मन को हटाना—

न सीदन्नपि धर्मेण मनोऽधर्मे निवेशयेत् ।
अधार्मिकाणां पापानामाशु पश्यन्विपर्ययम् ।।१७१।।

भाष्य—**धर्मः** शास्त्रमर्यादा । तेन वर्तमानः । **सीदन्न**प्यवसादमपि प्राप्नुव**न्नाधर्मे मनो निवेशयेत्** । यत **अधार्मिका** यद्यपि चौर्योत्कोचदम्भादिभिर्धनसमृद्धा दृश्यन्ते, तथापि तेषा**माशु विपर्य्ययो** दृश्यते धननाशादि । अतो न धर्माद्विचलेत् ॥१७१॥

सुहृद्भूत्वा दृष्टमर्थं दर्शितवान् । इदानीं शास्त्रार्थमाह ।

हिन्दी—अधार्मिक पापियों के (धन-धान्यादि समृद्धि का) शीघ्र ही विपर्यय (उलटा विनाश) देखता हुआ मनुष्य धर्म के कारण दुःखित होता हुआ भी बुद्धि को कभी भी नहीं लगावे ॥१७१॥

अधर्म से धीरे-धीरे समूल नाश—

नाधर्मश्चरितो लोके सद्यः फलति गौरिव ।
शनैरावर्त्यमानस्तु कर्तुर्मूलानि कृन्तति ।।१७२।।

भाष्य—अनियतकालत्वाद्वैदिकानां शुभाशुभफलानां कर्मणामेवमुच्यते ।

नाधर्मश्चरितोऽनुष्ठितः **सद्यः फलति** फलं ददाति ।

वेदे हि केवलं कर्मणां विहितप्रतिषिद्धानां सुखदुःखफलत्वं श्रुतम् । कालविशेषस्तु नावगमितः । वाक्यव्यापारो हि कर्तव्यतावगमपरत्वेऽपि कर्मफलसम्बन्धबोधमात्रे पर्यवस्यति, न कालविशेषमाक्षिपति फलवतां कर्मणाम् । नित्यानां तु फलतः कर्तव्यताप्रतिषिद्धपरिहारेऽपि नैव नरकादिदुःखनिवृत्तिकामस्याधिकारः, किन्तु शास्त्रप्रतिषेधसामर्थ्यात् । स तु प्रतिषेधो दुःखफलत्वं प्रतिषिद्धानुष्ठानस्य बोधयति । निपुणत एतदुच्यमानमतिग्रन्थविस्तरमाक्षिपतीत्युपरम्यते ।

गौरिव साधर्म्यवैधर्म्याभ्यामयं दृष्टान्तः । यथा गौः पृथिवी व्युप्तबीजा न तदैवानेकसस्यशालिनी भवति— किं तर्हि— परिपाकमपेक्षते— तादृशं वैदिकं कर्मेति साधर्म्यम् । वैधर्म्येणापि, यथा गौः पशुर्वाहदोहाभ्यां सद्यः फलति । नैवं धर्माधर्मौ ।

अधर्मग्रहणं धर्मस्यापि फलदानं प्रति कालानियमप्रदर्शनार्थम् ।

आवर्त्यमानः कालेनोपचीयमानः । **कर्तुः** प्रतिषिद्धानुष्ठातुः **मूलानि कृन्तति** छिनत्ति । मूलकर्तनेन सर्वेण सर्वविनाश उपलक्ष्यते । यथा मूलच्छेदाद्वृक्षादिस्थावराणामपुनर्भवस्तद्वदधर्मकारिणाम् ॥१७२॥

हिन्दी—किया हुआ अधर्म भूमि या गौ के समान तत्काल फल नहीं देता है किन्तु

धीरे-धीरे फलोन्मुख होता हुआ (वह अधर्म) कर्ता की जड़ को ही काट देता है।

विमर्श— यहाँ पर 'गौ' शब्द का अर्थ भूमि तथा गाय आदि पशु है, पृथ्वी जैसे बोये गये बीज का फल तत्काल नहीं देती। किन्तु धीरे-धीरे फलोन्मुख होती हुई समय आने पर ही देती है। यह अधर्म के साथ 'साधर्म्य' दृष्टान्त है। तथा जिस प्रकार गाय दूध आदि से या बैल आदि भार आदि ढोने से तत्काल (थोड़े समय के बाद ही) फल देते हैं (उसी प्रकार अधर्म तत्काल फल नहीं देता), यह 'वैधर्म्य' दृष्टान्त है! द्व्यर्थक 'गौ' शब्द से साधर्म्य तथा वैधर्म्य रूप यह दृष्टान्त देकर अधर्म के द्वारा तत्काल फल की अप्राप्ति कही गयी है।

अधर्मकर्ता के पुत्रपौत्रादि तक अवश्य फलप्राप्ति—

यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत्पुत्रेषु नप्तृषु।
न त्वेव तु कृतोऽधर्मः कर्तुर्भवति निष्फलः ।।१७३।।

भाष्य—"इदमयुक्तं यदन्यकृतस्य कर्मणोऽन्यगामिता फलस्योच्यते। कर्तुः फलदानि वैदिकानि कर्माणि। न वैश्वानरन्यायोऽस्ति, श्रवणाभावात्। न हि पुत्राद्यर्थताऽत्र श्रुता"।

सत्यम्। पुत्रे पीड्यमाने पीडितस्य पितुरधिकतरं दुःखं भवति। अतः कर्तुरेव दुःखम्। पुत्रस्यापि स्वकृदात्पौर्वदेहिकात्कर्मणस्तत्फलमित्यविरुद्धम्।

एवं **नप्तृष्वपि** द्रष्टव्यम्। नप्तारः पौत्राः।

कृतो धर्म इति संहितायास्तुल्यत्वाद्धर्माधर्मौ द्वावप्युपात्तौ ॥१७३॥

हिन्दी—यदि अधर्म का फल स्वयं (अधर्म करने वाले को) नहीं मिलता, तो पुत्र को मिलता है और यदि उसके पुत्र को नहीं मिलता तो पौत्रों को अवश्य मिलता है; क्योंकि किया गया अधर्म कभी निष्फल नहीं होता है ॥१७३॥

अधर्मोन्नति के बाद समूल नाश—

अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति।
ततः सपत्नान् जयति समूलस्तु विनश्यति ।।१७४।।

भाष्य—अधर्मेण प्रभुद्रोहादि **नैधते** वृद्धिं लभते। **तावत्त**स्मिन्नेव काले। ततो धनं ग्रामं वा प्राप्य। **ततो भद्राणि** बहुभृत्यगवाश्वादि सम्पत्तिलक्षणानि **पश्यत्य**नुभवति। **ततः सपत्ना**नरीन्दरिद्राञ्जयति परिभवति। तर्हि धर्मे स्थितान्कुतश्चन कुसृतिहीना लभन्ते अतस्तेषां दारिद्र्यशब्द ऐश्वर्ये परिभवः।

समूलं च कियन्तं कालमेवं भूत्वा सपुत्रज्ञातिधनबान्धवा उच्छिद्यन्ते।

तस्माद्धर्मो न हातव्यः ॥१७४॥

हिन्दी—मनुष्य अधर्म कर (दूसरे से वैर बाँधकर, झूठी गवाही आदि देकर) पहले उन्नति करता है, बाद में कल्याण (बान्धव, भृत्य, धन-धान्यादि का सुख) देखता है फिर शत्रुओं पर विजय पाता है और (कुछ समय के बाद ही) समूल (बान्धव, भृत्य और धन-धान्यादि के सहित) नष्ट हो जाता है ॥१७४॥

सत्यभाषणादि तथा शिष्यशासनादि—

सत्यधर्मार्यवृत्तेषु शौचे चैवारमेत्सदा ।
शिष्यांश्च शिष्याद्धर्मेण वाग्बाहूदरसंयतः ।।१७५।।

सत्यं यथादृष्टार्थवादिता ।

धर्मः श्रुतिविषयौ विधिप्रतिषेधौ ।

सत्यस्य ताद्रूप्येऽपि भेदेन निर्देशोऽतिशयार्थः । अनृतं पुरुषाणां स्वभावभूतम् । अतो यत्नेन पुनः पुनः प्रतिषिध्यते ।

आर्य्यवृत्तं सदाचारः । आर्याः शिष्टास्तेषां वृत्तमाचरितम् ।

तत्र आरमेत् । 'रतिः' परितोषः । एतेष्वर्थेषु परितोषोऽनेन विधीयते । अन्यानप्येव-माचारान्दृष्ट्वा मनःप्रसादं कुर्यात् ।

शिष्याश्चैव भार्यापुत्रदासच्छात्रा धर्मेणानुशासनीयाः। ''पृष्ठतः तु शरीरस्येत्यादि'' (८.२९९) धर्माः ।

वाग्बाहूदरसंयतः । सत्यसति च प्रयोजने अबहुभाषिता 'वाक्संयमः' । 'बाह्वोः संयमो' बाहुबलाश्रयणेन कस्यचिदपि अपीडनम् । 'उदरस्य संयमो'ऽनौदरिकता अबहु-भोजित्वम् । औदरिकता बहुभोजित्वं भोज्यविशेषे गर्धया परगृहे बाहुल्येन भोजनम् ।

उक्तोऽप्यर्थः पुनरुच्यते बहुकृत्वोऽपि पथ्यं वदितव्यमिति सर्वत्र पौनरुक्त्य-परिहारः ॥१७५॥

हिन्दी—सत्य, धर्म, सदाचार और पवित्रता में सर्वदा अनुराग (श्रद्धा) करे तथा वचन, बाहु और उदर (पेट) के विषय में संयत रहता हुआ शिष्यों से (शासन के योग्य स्त्री, दास, पुत्रादि तथा छात्रों का धर्म से ८।२९९) शासन (दण्डित) करे ॥१७५॥

विमर्श— सत्य, मृदु, तथा प्रिय वचन कहना एवं असत्य कटु तथा अप्रिय वचन नहीं बोलना 'वाक्संयम', ईर्ष्या क्रोधादि के वश में होकर दूसरे को अनुचित रूप से पीड़ित नहीं करना 'बाहुसंयम' और शरीर को विशेष कष्ट पहुँचाये बिना तथा दूसरे को पीड़ित किये बिना भगवदिच्छा से भोजनकाल में जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसे ही खाकर सन्तुष्ट करना 'उदर-संयम' है ।

धर्मविरुद्ध अर्थ-कामादि का त्याग—

परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ ।
धर्मं चाप्यसुखोदर्कं लोकसंक्रुष्टमेव च ।।१७६।।

भाष्य—उक्तस्त्रिवर्ग: पुरुषार्थ: । कश्चित्तुल्यतां मन्यमान:— "अर्थकामपरिहारेण यथा धर्म: सेव्यते तद्विरोधी ज्योतिष्टोमादि:— स ह्यर्थविरोधी दक्षिणादिदानेन, काम-विरोधी दीक्षितस्य ब्रह्मचर्यविधानात्— एवमर्थकामावपि धर्मपरिहारेण सेवेत । तत्र "न हिंस्याद्भूतानीति' यत्र कामो हिंसाया वैरानुबन्धाद्य: कश्चिद्वक्तुमिष्यते तत्र स विषय-प्रतिषेधाय, यत्र तु कस्यचिद्धिंसयाऽर्थकामाविष्येते तत्र नास्ति हिंसादोष इति"— प्रवर्तते तद्भ्रान्तिनिवृत्त्यर्थमिदमुच्यते । **परित्यजे**त्परिहरेत्तादृशा**र्थकामौ** यत्र धर्मविरोध:।

एवं सर्वतो धर्मस्य बलीयस्त्वमुक्त्वा कस्मिंश्चिद्विषये तस्यापि परिहर्तव्यतामाह । **धर्मं चाप्यसुखोदर्कम्** । उदर्क उत्तरकाल: सोऽसुखो यस्य । यथा सर्वस्वदाने वा ददाति धार्मिकोयं महापुण्य इति । यथा नदीतीरेष्वेकान्तेऽष्वपि प्राकृतजना बहव: पश्यन्ति तत्र स्नानं भवतीत्यर्थस्नानं धर्मार्जनसमक्षापेक्षा तु साधुवादाय । यथा च तीर्थकाकेभ्यो दानं भवति दानं धर्मो दातृत्वप्रसिद्ध्युत्पादनार्थत्वात्तेभ्यो भिद्यते । अथवा यद्गर्ह्यतया लोक: संक्रोशति । यथा गोरवध्यस्य वध:, मांसस्य भक्षणं च तद्विगर्हिततरं पश्वन्तरेभ्यो लोके । दृष्टमूलश्चायमहिस्पर्शवत्प्रतिषेध: । विहितोऽयमर्थ इत्यवैद्यतया प्राकृत-जना अजानाना अधार्मिकत्वं यष्टु: प्रख्यापयेयुस्तेषां च बहुत्वत: प्रसिद्ध्या शिष्टा अप्येवं प्रसिद्धमूलमनवगच्छन्त: परिवर्जयेयु: । तदुक्तं "धार्मिके सति राजनीति" ।

एतदुक्तं पूर्वैर्व्याख्यातमित्यनुगतम् । न हि प्रत्यक्षश्रुतिविहितस्य स्मृत्या बाधो न्याय्य: । इदं तु युक्ततरमुदाहरणम् । नियोगधर्म: स्मृत्या विहितो लोकसंक्रुष्टत्वान्न क्रियते । तथा य: कश्चिदनाथतरुणीं स्त्रियं कारुण्याद्बिभर्ति, तत्र यदि लोकसंक्रोश आशङ्क्यते— 'स्त्रीत्वेनौवास्मा एषा रोचते', स लोकसंक्रुष्टधर्म: ।।१७६।।

हिन्दी—जो अर्थ और काम धर्मविरुद्ध अर्थ (यथा— चोरी आदि के द्वारा धनसंग्रह करना, काम; यथा— दीक्षा के दिन यजमान का स्त्रीसंभोग करना आदि) है, उनका त्याग करे, भविष्य में दु:ख देने वाले धर्मकार्य (यथा— स्त्रीपुत्रपौत्रादियुक्त पुरुष का सर्वस्व का दान देना आदि) का भी त्याग करे और लोकनिन्दित धर्मकार्य (यथा— कलियुग में अष्टकादि श्राद्ध में गोवधादि या नियोग (९।५९-६१) द्वारा सन्तानोत्पादन आदि) का भी त्याग करे ।।१७६।।

हस्तचापलादि का निषेध—

न पाणिपादचपलो न नेत्रचपलोऽनृजु: ।
न स्याद्वाक्चपलश्चैव न परद्रोहकर्मधी: ।।१७७।।

भाष्य—पाणिपादाभ्यां चपलः । 'तृतीयेति' (पा० सू० २ । १ । ३०) योग-विभागात्समासः । चापलं च हस्तेनानुपयुज्यमानस्यापि वस्तुनो ग्रहणापसारणे ।

परस्त्रीप्रेक्षणचित्रसंदर्शनादि **नेत्रचापलम्** ।

परद्रोहार्थं कर्मबुद्धिश्च न कर्तव्या ॥१७७॥

हिन्दी—हस्तचपल (बिना पूछे या कहे किसी की कोई वंस्तु लेना या चुराना), पादचपल (निष्प्रयोजन इधर-उधर घूमते रहना), नेत्रचपल (परस्त्री आदि को बुरी दृष्टि से देखना), कुटिल, वाक्चपल (किसी की निन्दा या व्यर्थ बकवास करना) और दूसरों के साथ द्रोह या हिंसा का विचार रखने वाला न बने ॥१७७॥

शास्त्रों के विविध विकल्पों में कर्तव्य—

येनास्य पितरो याता तेन याताः पितामहाः ।
तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न रिष्यति ।।१७८।।

भाष्य—यो धर्मः पित्रादिभिरनुष्ठितो, यैश्च सह प्रीतिर्भाविता, यै सह कन्याविवाहादिः कृतः, यैव च शाखा अधीता, स एव पन्था आश्रयणीयः । तथा कुर्वन्न **रिष्यति** न बाध्यते लोके न निन्द्यते ।

अन्ये त्वविदुषः पुरुषधर्मेष्वहिंसादिषु प्रत्युपायोऽयं, राजपटह इव म्लेच्छादीनाम् । अग्निहोत्रादयस्तु स्वप्रत्ययापेक्षा एव ।

अत्र चोदयन्ति । ''यदि निर्मूलः पित्रादिभिरनुष्ठितोऽर्थः कथं तस्य धर्मत्वम्? अथास्ति मूलं, तत् पुत्रस्यापि भविष्यति । किं पित्रादिग्रहणेन''?

तदेतत्परिहृतमविदुषां मूलमजानानामुपदेशोऽयमिति ।

अन्ये तु ''यत्र निपुणतोऽपि निरूप्यमाणे संदेहो न निवर्तते, उभयथा वाक्यार्थ प्रतिपत्तिः, तत्र पित्राद्याचरितः पन्था आश्रयणीय'' इत्याहुः ।

एतदपि चिन्त्यम् । न हि नित्यसंदिग्धं नाम प्रमाणमस्ति । अवश्यं ह्येकार्थनिष्ठेन वाक्येन भवितव्यम् ।

विकल्पितेषु पदार्थेषु पित्राद्याचरितं कर्मानुचरणीयम् । यतोऽन्य आचरितवन्तः ।

सतां मार्गमिति । यदि वा पितृपितामहादिभिः । कैश्चित्कथंचिदधर्म आचरितपूर्वः स न आश्रयणीय इति सतां मार्गमित्याह ॥१७८॥

हिन्दी—(अनेक प्रकार के शास्त्रीय विकल्पों या अर्थों के कारण संदेह उपस्थित होने पर मनुष्य) जिस मार्ग से इसके पिता और पितामह (बाप-दादा) चले हैं, (उन अनेक विकल्प धर्म कार्यों में से जिस धर्म कार्य को किये हैं), उसी सज्जनों के मार्ग से चले,

ऐसा करने से मनुष्य अधर्म से हिंसित (पीड़ित) नहीं होता है (उस कार्य के धर्मानुकूल होने से वह मनुष्य दुःखित नहीं होता है) ॥१७८॥

ऋत्विज आदि से बकवाद का निषेध—

ऋत्विक्पुरोहिताचार्यैर्मातुलातिथिसंश्रितैः ।
बालवृद्धातुरैर्वैद्यैर्ज्ञातिसम्बन्धिबान्धवैः ॥१७९॥

भाष्य—न समाचरेदित्येकैकेन सम्बध्यते ।

संश्रिता आश्रयागता उपजीविनः ।

वैद्या विद्वांसो, भिषजो वा ।

ज्ञातयः पितृपक्षाः ।

सम्बन्धिनो वैवाह्याः ।

बान्धवा मातृपक्षा मातृष्वस्रीयप्रभृतयः ॥१७९॥

हिन्दी—ऋत्विक् (२।१४३), पुरोहित, आचार्य (२।१४०), मामा, अतिथि, आश्रित (भृत्यादि), बालक, वृद्ध, रोगी, वैद्य, जातिवाला, सम्बन्धी (जमाता, साला आदि), बान्धव (मातृपक्ष वाले) ॥१७९॥

मातापितृभ्यां जामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया ।
दुहित्रा दासवर्गेण विवादं न समाचरेत् ॥१८०॥

भाष्य—जामयो भगिन्यः सुवासिन्यश्च ।

विवादो विरोधः प्रतिकूलाचरणं वाक्कलहश्च ।

एतैर्न कुर्यात् ॥१८०॥

हिन्दी—माता, पिता, जामि, (बहन, पुत्रवधू आदि कुलस्त्री), भाई, पुत्र, स्त्री, पुत्री, दास-समूह से विवाद (वाक्कलह, बकवाद आदि) न करे ॥१८०॥

उक्त कार्य की प्रशंसा—

एतैर्विवादान्सन्त्यज्य सर्वपापैः प्रमुच्यते ।
एतैर्जितैश्च जयति सर्वांल्लोकानिमान्गृही ॥१८१॥

भाष्य—एतैर्विवादैः क्रियमाणैर्यः पापयोगो भवति, अकर्तुस्तेन न सम्बन्धः । **सर्वपापैः प्रमुच्यत** इत्युच्यते ।

एतैश्च जितैरुपेक्षितैः **सर्वांल्लोकाञ्जयति** स्वीकरोतीत्यर्थवादः ॥१८१॥

हिन्दी—इन (४।१७९-१८०) के साथ विवाद करना छोड़कर मनुष्य सब (अज्ञात) पापों से छूट जाता है और इन (विवादों) को जीतकर (इन विवादों को वश

में करके अर्थात् इनके साथ विवाद करना छोड़कर) गृहस्थ इन (४।१८२-१८४) सब लोकों को प्राप्त करता है ॥१८१॥

आचार्यो ब्रह्मलोकेशः प्राजापत्ये पिता प्रभुः ।
अतिथिस्त्विन्द्रलोकेशो देवलोकस्य चर्त्विजः ।।१८२।।

भाष्य—आचार्यो ब्रह्मलोकस्येशः प्रभुस्तस्मिन्परितुष्टे ब्रह्मलोकः प्राप्यते । अतो गुणतो **ब्रह्मलोकेश** इत्युच्यते ।

प्राजापत्ये लोके **पिता प्रभुः** ॥१८२॥

हिन्दी—आचार्य ब्रह्मलोक का, पिता प्रजापतिलोक का, अतिथि इन्द्रलोक का, ऋत्विज् देवलोक का ॥१८२॥

जामयोऽप्सरसां लोके वैश्वदेवस्य बान्धवाः ।
सम्बन्धिनो ह्यपां लोके पृथिव्यां मातृमातुलौ ।।१८३।।

हिन्दी—जामि (बहन या पुत्रवधू आदि कुलस्त्री) अप्सरालोक का, बान्धव (मातृपक्ष वाले) वैश्वदेवलोक का, संबन्धी वरुणलोक का और माता तथा मामा भूलोक का ।

आकाशेशास्तु विज्ञेया बालवृद्धकृशातुराः ।
भ्राता ज्येष्ठः समः पित्रा भार्या पुत्रः स्वका तनुः ।।१८४।।

भाष्य—भार्या पुत्रः स्वकीया **तनुरा**त्मीयमेव शरीरम् ॥१८४॥

हिन्दी—बालक, वृद्ध, दुर्बल और रोगी आकाशलोक के स्वामी हैं (अतएव इन आचार्य आदि (४।१८२ से यहाँ तक वर्णित लोगों) के साथ वाक्कलह (बकवाद) नहीं करने पर वे लोग सन्तुष्ट होकर अपने-अपने लोकों (ब्रह्मलोक आदि) को देते हैं । बड़ा भाई पिता के समान है तथा स्त्री और पुत्र तो अपने शरीर ही हैं (अतः इनके साथ विवाद करना सर्वथा निन्द्य है) ॥१८४॥

छाया स्वो दासवर्गश्च दुहिता कृपणं परम् ।
तस्मादेतैरधिक्षिप्तः सहेतासंज्वरः सदा ।।१८५।।

भाष्य—यो भृत्यवर्गः स आत्मीयाच्छाया । यथा छाया नित्यानुगता न क्रोधविषय, एवं भृत्यवर्गोऽपि ॥

दुहिता कृपणमनुकम्प्या दयनीया ।

एतैः पूर्वोक्तै**रधिक्षिप्तः** पुरुषवचनैराकृष्टः कोपितः **सहेत** क्षमेत ।

असज्वरोऽविद्यमानज्वरः । ज्वराभावेन च चित्तस्यासंक्षोभो लक्ष्यते । ज्वरितस्य हि चित्तसंक्षोभो भवति तद्वत्क्रुद्धस्य ।

अथवा पाठान्तरं 'असंज्वरः'। संतापः संज्वरः (अमरकोश १ । १ । ६०)। स नञा प्रतिषिध्यते ॥१८५॥

हिन्दी—दासंसमूह अपनी छाया है, कन्या (पुत्री) अत्यन्त कृपापात्र है (अतः ये भी विवाद के योग्य नहीं हैं)। इस कारण इनसे तिरस्कृत होकर भी सन्ताप रहित होकर सर्वदा सहन करे, (किन्तु विवाद न करे) ॥१८५॥

दान लेने से ब्रह्मतेज का क्षय—

प्रतिग्रहसमर्थोऽपि प्रसङ्गं तत्र वर्जयेत् ।
प्रतिग्रहेण ह्यस्याशु ब्राह्मं तेजः प्रशाम्यति ।।१८६।।

भाष्य—परस्माददृष्टप्रयुक्ताद्यल्लभ्यते स **प्रतिग्रहः**। तत्र **समर्थः** शक्तोऽपि प्रसङ्गं पुनः प्रवृत्तिं **वर्जयेत्**। श्रुताध्ययनशीलसंपत्तिर्द्रव्यविधिज्ञता च 'सामर्थ्यम्' तस्मादविद्वान्न विभीयादित्यत्रोक्तमप्येतदुत्तरार्थं पुनरनूद्यते ॥१८६॥ तद्दर्शयति।

हिन्दी—(विद्यातप आदि के कारण) दान लेने में समर्थ होता हुआ भी (यथाशक्य) उसके प्रसङ्ग का त्याग करे (परिवारादि के पालन चलते रहने पर भी बार-बार लोभवश दान न लेवे); क्योंकि इस (दान लेने वाले) का ब्रह्म तेज दान लेने से शीघ्र शान्त हो जाता है (दान लेने से ब्राह्मण तेजोहीन हो जाता है) ॥१८६॥

विधि को न जानने वाले दान लेने का निषेध—

न द्रव्याणामविज्ञाय विधिं धर्म्यं प्रतिग्रहे ।
प्राज्ञः प्रतिग्रहं कुर्यादवसीदन्नपि क्षुधा ।।१८७।।

भाष्य—अविज्ञाय कामोपभोगाद्यर्थं न प्रतिग्रहः कर्तव्यः। एतदुक्तं भवति। आत्मनः कुटुम्बस्थित्यै नित्यकर्मसम्पत्त्यै च प्रतिग्रहः कर्तव्यो नान्यथा।

अवसीदन्नपि क्षुधा। अप्रतिगृह्णन्यद्यप्यवसादं गच्छति। 'अवसादः' शरीरस्यानभिवृद्धिः।

अथवा 'द्रव्याणां विधिं धर्म्यं प्रतिग्रह' इत्येवं सम्बन्धः क्रियते।

कोऽसौ धर्म्यो विधिः।

धर्म्यं प्रयोजनं विज्ञाय प्रतिग्रहमन्त्रद्रव्याणां च देवताः— "अग्नये हिरण्यं रुद्राय गाम्"इत्यादिः ॥१८७॥

हिन्दी—द्रव्यों के दान लेने में उनकी धर्मयुक्त विधि (ग्राह्य देवता, प्रतिग्रहमन्त्र आदि) को बिना जाने भूख से पीड़ित होता हुआ भी बुद्धिमान् ब्राह्मण दान को न ले (फिर आपत्ति से हीन रहने पर तो कहना ही क्या? अर्थात् तब तो कदापि दान न ले) ॥१८७॥

मूर्ख को स्वर्णादि-दान लेने का निषेध—

हिरण्यं भूमिमश्वं गामन्नं वासस्तिलान्घृतम् ।
प्रतिगृह्णन्नविद्वांस्तु भस्मीभवति दारुवत् ।।१८८।।

भाष्य—अविदुषो द्रव्यविशेषं प्रति प्रतिग्रहे दोषातिशयमाह । **भस्मीभवति दारुवत्**। यथा दार्वग्निना दग्धं भस्मीभवति तथा यो ब्राह्मणो विद्यासम्पन्नो न भवति स एतानि हिरण्यादीनि द्रव्याणि प्रतिगृह्णन्भस्मीभवति ॥१८८॥

हिन्दी—सुवर्ण, भूमि, घोड़ा, गौ, अन्न, वस्त्र, तिल और घी का दान लेता हुआ मूर्ख ब्राह्मण (अग्नि से) काष्ठ के समान भस्म हो जाता है । (अत: सुवर्ण आदि का दान तो मूर्ख कभी न ले) ॥१८८॥

हिरण्यमायुरन्नं च भूर्गौश्चाप्योषतस्तनुम् ।
अश्वश्चक्षुस्त्वचं वासो घृतं तेजस्तिलाः प्रजाः ।।१८९।।

भाष्य—**भूगौश्च तनुं** शरीरम् **ओषतो** दहतः ।

हिरण्यमायुर्विभक्तिपरिणामः ओषतीतिकर्तव्यः ।

एवं **अश्वश्चक्षु**रित्यादिषु क्रियापदानुषङ्गः कर्तव्यः ॥१८९॥

हिन्दी—दान लेने वाले मूर्ख की सुवर्ण और अन्न आयु को, भूमि और गौ शरीर को, घोड़ा नेत्र को, वस्त्र त्वचा (चमड़े) को, घी तेल को और तिल संतानों को भस्म कर देते हैं। (मूर्ख द्वारा दान में लिये हुए ये सुवर्ण आदि उस दान लेने वाले मूर्ख की आयु आदि को भस्म अर्थात् नष्ट कर देते हैं) ॥१८९॥

उक्त विषय में दृष्टान्त—

अतपास्त्वनधीयानः प्रतिग्रहरुचिर्द्विजः ।
अम्भस्यश्मपल्वेनेव सह तेनैव मज्जति ।।१९०।।

भाष्य—यस्य तपो नास्त्यनधीयानो न चाधीते। अध्ययनेन प्रकृता विद्वत्ता लक्ष्यते। समुदिते चैते विद्यातपसी प्रतिग्रहाधिकारनिमित्तम्। उभयगुणभ्रष्टः प्रतिग्रहे चाभिलाषी **स तेन सह मज्जत्य**धोगच्छति ।

केन सह?

अन्यस्यानिर्देशाद्दातुश्च सन्निधानात्तेन दात्रा सहेति गम्यते । प्रतिग्रहीतारं पल्वमिवात्मोत्तारणायाश्रयते । यस्त्वीदृशोऽपात्रभूतः स दातारमात्मानमुभावप्यधो नयति । **यथाऽम्भस्यश्मपल्वः** अश्ममयः पल्वः अश्मप्लवः पारं तरति येन स प्लवो नावादिः । तत्र यथाऽश्मन्यारूढो नदीतरणार्थमम्भसि मज्जत्यश्मप्लवेन सह गम्यते । दाता हि ब्राह्मणाय

ददानश्च तादृशो ब्राह्मण उभावपि नरकं गच्छत: ॥१९०॥

हिन्दी—तप और विद्या से हीन जो ब्राह्मण दान लेना चाहता है, वह उस (दान लेने या दान लेने की इच्छामात्र) के साथ उस प्रकार नरक में डूबता है, जिस प्रकार पत्थर की नाव (पर चढ़ने वाला मनुष्य उस) के साथ पानी में डूब जाता है ॥१९०॥

विमर्श— जिस प्रकार पत्थर की नाव पर चढ़कर पानी में जाने वाले का नाश अवश्यम्भावी है उसी प्रकार सुवर्ण आदि का दान लेने वाले तप एवं विद्या से हीन व्यक्ति का नाश अवश्यम्भावी है।

तस्मादविद्वान्बिभियाद्यस्मात्तत्प्रतिग्रहात् ।
स्वल्पकेनाप्यविद्वान्हि पङ्के गौरिव सीदति ।।१९१।।

भाष्य—अतो नरकभयाद**विद्वान्मूर्ख:** प्रतिग्रहात् **बिभियात्** त्रस्येत् न प्रतिगृह्णीयादिति यावत्। तिष्ठतु तावद्धिरण्यादीनि द्रव्याणि, **स्वल्पकेनापि** त्रपुसीसादिना असारेण स्वल्पया मात्रया प्रतिगृहीतेनाविद्वान्पङ्के कर्दमे **गौरिव सीदति** ॥१९१॥

हिन्दी—इस प्रकार मूर्ख ब्राह्मण जिस किसी (सुवर्ण भूमि आदि से न्यून सीसा, पीतल आदि) वस्तु का भी दान लेने से डरे (न लेवे); क्योंकि थोड़े दान के लेने से मूर्ख ब्राह्मण कीचड़ में (फँसी) गौ के समान दु:खित होता है ॥१९१॥

बैडालव्रतिक आदि को दान देने का निषेध—

न वार्यपि प्रयच्छेत्तु बैडालव्रतिके द्विजे ।
न बकव्रतिके पापे नावेदविदि धर्मवित् ।।१९२।।

भाष्य—प्रतिग्रहीतुर्धर्मं उक्त:। इदानीं दातुरुच्यते।

अपिशब्दात्सर्वं देयं निवार्यते। यत्र **वारि** न कस्मैचिद्वार्यते तदपि नैभ्यो दातव्यं कुतोऽन्यद्द्रव्यं दीयते। अतिशयोक्त्या द्रव्यान्तरदाननिषेधोऽयम्। वारिणस्तु सर्वार्थत्वादनिषेध:।

"ननु च 'बैडालव्रतिकान्वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत्' इत्युक्तमेव"।

सत्यम्। तत्रार्चा निषिद्धा, इह तु दानम्। तच्च धनस्य नान्यस्य। एवं द्वि:प्रतिषेधोऽर्थवान्भवति। तथा चोत्तरत्र वक्ष्यति "विधिनाऽप्यर्जितं धनमिति" (श्लो० १९३)। अत: पाषण्ड्यादिभ्य: सावज्ञमन्नदानं न निषिध्यते।

अत्र कश्चिदाह। "यद्यवेदविदीति श्रुतं तथाऽप्यनधीयान इत्यपि द्रष्टव्यम्। तथाहि केवलवेदाध्यायिभ्यो दानमुक्तम्। न च दाम्भिकेभ्य: साम्यं युक्तम्"।

स इदं प्रष्टव्य:। क्व पुनर्वेदाध्यायिमात्राय विद्यारहिताय दानमुक्तम्।

''श्रोत्रियायैव देयानीति'' चेत् ।

न त्वर्हत्तमायेत्यप्राप्तिकत्वादत्र विद्यया विना । वाक्यान्तराणि च ''विदुषे दक्षिणे-त्यादीन्येकप्रकरणगतानि'' सन्त्येव । अतस्तत्पर्यालोचनयोभयविशेषणचेष्टया देयमिति गम्यते । अतः श्रुतार्थपरित्यागे न किंचित्कारणं पश्यामः ।

यत् तु साम्यमयुक्तमिति । वचनगम्येऽर्थे का नामायुक्तता ।

बिडालव्रतेन चरति **बैडालव्रतिकः** । बकानां व्रतं तदस्यास्तीति **बकव्रतिकः** ।

अधिकरणविवक्षायां 'बैडालव्रतिके' । सम्प्रदानविवक्षायां चतुर्थी युक्ता ॥१९२॥

हिन्दी—धर्मज्ञ गृहाश्रमी बैडालव्रतिक (४।१९५ तथा क्षे० ४।८), बकव्रतिक (४।१९६) और वेद को नहीं जानने वाले ब्राह्मण के लिये पानी भी न दे ॥१९२॥

विमर्श— बलिकर्म में कौवे आदि तक के लिये जो वस्तु दी जाती है, वह वस्तु भी बैडालव्रतिक आदि के लिये धर्मतत्त्व को जानने वाला दाता दानबुद्धि से न देवे, ऐसा इस श्लोक का आशय है, केवल जलदान मात्र का निषेध नहीं है। ''पाखण्डिनो विकर्मस्थान्'' (४।३०) के अनुसार अतिथि मानकर जो बैडालव्रतिक आदि ब्राह्मण के लिये भी अन्न आदि देना ही चाहिये, किन्तु सत्कारपूर्वक धन नहीं देना चाहिये । अतएव अग्रिम 'विधिनाऽप्यर्जितं धनम्' (४।१९३) वचन भी विरोध से रहित हो जाता है ।

त्रिष्वप्येतेषु दत्तं हि विधिनाऽप्यर्जितं धनम् ।
दातुर्भवत्यनर्थाय परत्रादातुरेव च ।।१९३।।

भाष्य—धनग्रहणादन्नदानं न निषिध्यत इत्युक्तं भवति ।

विधिनाऽप्यर्जितं सत्प्रतिग्रहक्रयादिना शास्त्राभ्यनुज्ञातेन प्रकारेण । **दातुरादातुश्च** तादृशं दानं **परत्रोभयोरनर्थाय** ॥१९३॥

हिन्दी—इन तीनों (बैडालव्रतिक, बकव्रतिक, और वेदज्ञानहीन) के लिये दिया गया विधिपूर्वक भी उपार्जित धन दानकर्ता तथा दानग्रहीता के लिये परलोक में अनर्थ (नरक प्राप्ति) के लिये होता है ॥१९३॥

उक्त विषय में दृष्टान्त—

यथा प्लवेनौपलेन निमज्जत्युदके तरन् ।
तथा निमज्जतोऽधस्तादज्ञौ दातृप्रतीच्छकौ ।।१९४।।

भाष्य—औपल आश्मनः । जलसंतरणाय नावादिः प्लवस्तेन यस्तरति तरितुं प्रवर्तते सोऽधस्ताज्जलस्य **मज्जत्य**न्तर्धीयते । एव**मज्ञौ दातृप्रतीच्छकौ** । प्रतीच्छकः प्रतीच्छां करोतीति णिचं कृत्वा **ण्वुल्**कर्तव्यः । प्रतीप्सक इति पाठान्तरम् । तत्र सन्नन्ता-दाप्नोतेर्ण्वुल् । अर्थस्तूभयोरेक एव ॥१९४॥

हिन्दी—जिस प्रकार पानी में पत्थर की नाव से तैरता हुआ व्यक्ति उस (नाव) के साथ ही डूब जाता है, उसी प्रकार मूर्ख दान लेने वाला तथा दानकर्ता दोनों (नरक में) डूबते हैं ॥१९४॥

बैडालव्रतिका लक्षण—

धर्मध्वजी सदालुब्धश्छाद्मिको लोकदम्भकः ।
बैडालव्रतिको ज्ञेयो हिंस्रः सर्वाभिसन्धकः ।।१९५।।

भाष्य—उपचारेणैतो शब्दौ प्रयुज्येते । अनेकस्मिंश्चोपचारहेतौ स एव सम्भवति यन्निमित्तं प्रयोगः तदवधारणप्रतिषेधविषयप्रक्लृप्त्यर्थम् ।

धर्मो ध्वजमिव । व्याघ्रादेराकृतिगणत्वात्समासः । कदाचित्कर्मधारयः सर्वधनाद्यर्थ इति । ततः सोऽस्यास्तीति मत्वर्थीयः । यः ख्यात्यर्थमेव धर्मं करोति न शास्त्रपरतया स एवमुच्यते । यस्तत्रैव धर्मं करोति यत्र जनाः पश्यन्ति स्वपुरुषैश्च ख्यापयति— 'धार्मिकत्वप्रसिद्ध्या प्रतिग्रहादि लप्स्ये' इति ।

लुब्धो मत्सरी कृपणश्च ।

लोकं दभ्नोति वञ्चयति **लोकदम्भकः** ।

छद्मना चरति **छाद्मिकः** । 'छद्म' व्याजः । प्रकाशं धार्मिको रहसि निक्षिप्तमपहरत्यप्रकाश्यं प्रकाशयति । 'धार्मिकोऽयमेतस्य यत्समक्षं कथितं तन्नान्यत्र यातीति' केनचिद्विश्वस्य कथितं दृश्यते यावद्यत एव गोप्यं तस्यैवाभिमुखे कथितमिति परद्रोहः ।

सर्वेषां चाभिसंधाताऽऽक्षेपकः परगुणान्न सहते ।

ईदृशो बैडालव्रतिको ज्ञेयः ।

अभिसन्धकः अभिसंधत्त इति । "आतश्चोपसर्गे" (पा० सू० ३ । १ । १३६) इति कः । ततः स्वार्थे कः । सर्वेषामभिसंधक इति षष्ठीसमासः ।

केचिदत्र श्लोकं पठन्ति ॥१९५॥

हिन्दी—धर्मध्वजी (अपनी प्रसिद्धि के लिये धर्मरूपी ध्वजा को फहराने वाला) लोभी कपटी, संसार को ठगने वाला (किसी के धरोहर वापस नहीं करने वाला आदि), हिंसक और दूसरों के गुण को सहन नहीं करने से उनकी निन्दा करने वाला को 'बिडालव्रतिक' कहा गया है ॥१९५॥

विमर्श— जिस प्रकार चूहों को पकड़ने आदि के लिये बहुत शान्त एवं ध्यानस्थ-सी रहती हुई बिल्ली अवसर पाते ही उन्हें पकड़कर खा जाती है, उसी प्रकार यह 'बैडालव्रतिक' भी दूसरों को धोखा देकर अपना काम बनाने के लिए धर्म का स्वाङ्ग रचता है, परन्तु वस्तुतः धर्मात्मा नहीं होता ।

[''यस्य धर्मध्वजो नित्यं सुरध्वज इवोच्छ्रितः ।
प्रच्छन्नानि न पापानि बैडालं नाम तद्व्रतमिति'' ।।८।।]

भाष्य—एष एवार्थः संक्षेपेण कथ्यते । एकैकगुणसम्बन्धे बैडालव्रतिको ज्ञेयः । अस्मादेव श्लोकादेवमनुमीयते । 'प्रच्छन्नानि च पापानीति' विशेषाश्रवणात् सर्वेषां चैषां पापत्वादुभयथाऽऽचार्येण शिष्याः प्रतिपादिताः ।

केचिदिमं श्लोकमध्यापिताः केचित्पूर्वम् । उभयं च प्रमाणम् । तेन यद्यपि—'अङ्गदी कुण्डली पीनस्कन्धः पृथुवक्षा देवदत्त' इति समुदितानां लक्षणत्वं प्रतीयते—तथापीह प्रत्येकमेतानि लक्षणानि ॥८॥

[**हिन्दी**—जिसकी धर्मरूपी ध्वजा देवध्वजा के समान ऊँची रहती है और जिसके छिपे बहुत पाप रहते हैं; वह 'बैडालव्रत' है ॥८॥]

बकव्रतिक का लक्षण—

अधोदृष्टिर्नैष्कृतिकः स्वार्थसाधनतत्परः ।
शठो मिथ्याविनीतश्च बकव्रतचरो द्विजः ।।१९६।।

भाष्य—**बकव्रत**लक्षणमधोनिरीक्षणम् । अथवा नीचदृष्टिः । 'नीचो' दीनः । सर्वदैव व्यापारयति कथंचित्कुतश्चन लभतेऽधमादपि गृह्णाति ।

निष्कृतिर्निष्ठुरता— तया चरति तत्प्रधानो **नैष्कृतिको**ऽसभ्यग्भाषी ।

अलीकविनीतः श्रयति प्रश्रयं नम्रतां कार्ये तु व्याघातकः । बिडालोऽलीकनिद्रां करोत्यामिषं लिघृक्षन् । एवं सोपधो धर्मचरणो बैडालव्रतिक उक्तः ।

तथैव **बकव्रतचरो**ऽपि । बका कि मत्स्यान् गृह्णन्तो जलचरेष्ववज्ञां दर्शयन्ति—अथ च मत्स्यग्रहणबुद्धय एव । 'व्रतेन' शोलितं कर्मोच्यते ।

प्रदर्शितं पदानामपौनरुक्त्यम् । अथापि स्याल्लक्षणत्वाददोषः । अविज्ञातं हि लक्षणं भवति । पौनःपुन्याभिधानेन सुग्रहोऽर्थो भवति ।

"कः पुनः बैडालव्रतिकबकव्रतिकयोर्भेदः"?

उच्यते । अयं स्वार्थसाधनपरो नान्यस्य कार्ये विहन्ति । पूर्वस्तु मात्सर्यात्स्वार्थसिद्धावसत्यामपि परस्य नाशयति ॥१९६॥

हिन्दी—(अपनी साधुता की प्रसिद्धि के लिए सर्वदा) नीचे देखने वाला, निष्ठुरता का व्यवहार करने वाला, अपने मतलब को सिद्ध करने में तत्पर, शठ, कपट युक्त (झूठा) विनय वाला द्विज 'बकव्रतचर' (बकव्रतिक) कहा गया है ॥१९६॥

विमर्श— जिस प्रकार मछलियों को पकड़ने के लिए ध्यानस्थ मुनि के समान

नीचे की ओर देखता हुआ अपने मतलब (मछलियों को पकड़कर खाना) में तत्पर बगुला झूठा विनीत के समान दीखता है, उसी प्रकार इस 'बकव्रतिक' को समझना चाहिए। इसी प्रकार के मनुष्य को लोग "बगुला भगत" कहते हैं।

बकव्रतिक तथा बैडालव्रतिक को नरकप्राप्ति—

ये बकव्रतिनो विप्रा ये च मार्जारलिङ्गिनः ।
ते पतन्त्यन्धतामिस्रे तेन पापेन कर्मणा ।।१९७।।

भाष्य—स्वशब्दैश्च व्याख्यातः श्लोकः ॥१९७॥

हिन्दी—जो ब्राह्मण बकव्रतिक (४।१९६) तथा बैडालव्रतिक (४।१९५) हैं, वे उस पाप कर्म से 'अन्धतामिस्र' नाम के नरक में गिरते हैं ॥१९७॥

प्रायश्चित्त में वञ्चना का निषेध—

न धर्मस्यापदेशेन पापं कृत्वा व्रतं चरेत् ।
व्रतेन पापं प्रच्छाद्य कुर्वन् स्त्रीशूद्रदम्भनम् ।।१९८।।

भाष्य—**पापं कृत्वा व्रतं** प्रायश्चित्तं न कुर्यात्। धर्मस्यापदेशेन धर्ममपदिश्य लोके ख्यापयति धर्मार्थमहं व्रतं करोमि न मे प्रायश्चित्तनिमित्तमस्तीति परमार्थतस्तु प्राय-श्चित्तार्थमेव करोति। एवं न कर्तव्यम्। **पापं प्रच्छाद्या**पह्नुत्य तेन व्रतेन **स्त्रीशूद्रदम्भनं** न कुर्यात्। प्रकटं प्रायश्चित्तं कर्तव्यमन्यत्र रहस्यात् ॥१९८॥

हिन्दी—धर्म से पाप को छिपाकर (मेरा पाप चान्द्रायण, सन्तापन आदि व्रतरूप प्रायश्चित्तों से छूट जायेगा ऐसा समझकर) स्त्रियों तथा शूद्रों (धर्म के अनभिज्ञों) के सामने पाखण्ड करता हुआ मनुष्य धर्म के बहाने से (मैं धर्म के लिये इन चान्द्रायणादि व्रतों को कर रहा हूँ, यह प्रायश्चित्त नहीं है, इस प्रकार के बहाने से) पाप को न करे ॥१९८॥

कपट से व्रताचरण की निन्दा—

प्रेत्येह चेदृशा विप्रा गर्ह्यन्ते ब्रह्मवादिभिः ।
छद्मना चरितं यच्च व्रतं रक्षांसि गच्छति ।।१९९।।

भाष्य—इह पदार्थस्वाभाव्येनान्योद्देशेनापि कृतं यत्फलं ततो भवत्येव। तथाहि गुरुनियोगे प्रवृत्तो धर्मोद्देशेन गुरुवचनं करोमीति न कामहेतोः, अर्थस्वाभाव्यात्तु कामं प्रतिजनयति।

एवं कश्चिन्मन्यते— "व्रतानि पापापनोदार्थानि। तानि अन्योद्देशेनापि क्रियमाणानि न स्वभावं जहति। एवमेतन्मम प्रायश्चित्तमुभयार्थं भविष्यति। लोके तपस्वीति ख्यातो भविष्यामि पापं चापनोत्स्यते"।

तस्यैवं बुद्धिमतो निवृत्त्यर्थमिदमारभ्यते ।

तदेतदव्रतं **छद्मना चरित**मनुष्ठितं **रक्षांसि गच्छति** निष्फलं भवति न पापम-पनुदतीत्यर्थः न केवलं कार्याकरणं भवति याव**दीदृशो विप्रा** व्रतचारिणो **गर्ह्यन्ते** निन्द्यन्ते **ब्रह्मवादिभिः** वेदप्रमाणज्ञैः शिष्टैः ॥१९९॥

हिन्दी—ब्रह्मवादी लोग ऐसे (धर्म के बहाने प्रायश्चित्त चान्द्रायणादि व्रत करने वाले) ब्राह्मणों की इस लोक में और परलोक में भी निन्दा करते हैं तथा कपट से किया गया जो व्रत है, वह राक्षसों को प्राप्त होता है ॥१९९॥

कपट से व्रति-चिह्न धारण करने की निन्दा—

अलिङ्गी लिङ्गिवेषेण यो वृत्तिमुपजीवति ।
स लिङ्गिनां हरत्येनस्तिर्यग्योनौ च जायते ।।२००।।

भाष्य—प्रत्याश्रमं लिङ्गधारणम् । यथा ब्रह्मचारिणो मेखलादिधारणं गृहस्थस्य वैणवदण्डकुण्डलकमण्डल्वादि वानप्रस्थस्य चर्मचीरजटादि परिव्राजकस्य कषायवसन-दण्डादि । एतेन वेषेणानाश्रमी यो भिक्षाहेतोर्लोके चरति **वृत्तिमुपजीवति स लिङ्गिनामेनः पापं हरति** आनृण्यं तर्पयति । **तिर्यग्योनौ** तिरश्चां श्वशृगालादीनां योनौ **जायते** ।

न चात्रैतदाशङ्कनीयं "लिङ्गिनां यत्पापं तत्तेऽभ्योऽपसृत्य तस्मिन्संचरतीत्यसंभाव्यम् ।"

अकर्तव्यता परलिङ्गधारणस्य प्रतीयते । अश्रुतेऽपि प्रतिषेधे निन्दार्थवादादेव तदवगतिः ॥२००॥

हिन्दी—ब्रह्मचारी या संन्यासी आदि नहीं होता हुआ भी जो उनके चिह्न (दण्ड कमण्डलु-कषायवस्त्रादि) को धारण कर वृत्ति (उन चिह्नों से लोगों में विश्वास पैदाकर उनसे भिक्षादि लेता हुआ अपनी जीविका) चलाता है, वह ब्रह्मचारी, संन्यासी आदि लिङ्गधारियों के पाप को लेता है तथा (मर कर) तिर्यग्योनि में उत्पन्न होता है ॥२००॥

दूसरों के बनवाये हुए जलाशयों में स्नान करने में दोष—

परकीयनिपानेषु न स्नायाद्धि कदाचन ।
निपानकर्त्तुः स्नात्वा तु दुष्कृतांशेन लिप्यते ।।२०१।।

भाष्य—निपिबंत्यस्मिन्नतो वेति **निपानं** जलाशयः । सच वापीकूपतडागादिः । तस्मिन् परकीये परेण यदात्मार्थं कृतं सर्वार्थं नोत्सृष्टं तत्र न कदाचित्**स्नायात्** ।

नित्यं चण्डालादिस्पर्शने च नैमित्तिकं धर्मस्वेदापनोदार्थं च सर्वं स्नानं प्रतिषिध्यते ।

अत्र व्यतिक्रमे दोषमाह । निपानस्य यः कर्ता तस्य यत्किंचिद्दुष्कृतं तस्य केनचि-दंशेन भागेन लिप्यते सम्बध्यते ।

निन्दार्थवादोऽयं प्रतिषेधशेषः ॥२०१॥

हिन्दी—दूसरों के बनवाये हुए जलाशय (पोखरा, बावड़ी, कूआँ आदि) में कभी स्नान न करे। और स्नान कर उक्त जलाशय बनवाने वाले के पाप के (चौथाई) भाग से (स्नान करने वाला मनुष्य) युक्त होता है ॥२०१॥

विमर्श—प्राकृतिक बावड़ी आदि के मिलने पर यह 'निषेधवचन है, प्राकृतिक बावड़ी आदि के न मिलने पर तथा जलाशयकर्ता के द्वारा सर्वसाधारण जनके लिये जलाशय में स्नानादि के लिये त्याग न करने पर उस जलाशय में से स्नान के पहले पाँच मृत्पिण्ड को निकालकर स्नान करना चाहिये, यदि जलाशय के निर्माणकर्ता ने सर्वसाधारण के लिये स्नानादि की छूट दे दी हो तब बिना पाँच मृत्पिण्ड निकाले भी स्नान करने में दोष नहीं है।

[सप्तोद्धृत्य ततः पिण्डान्कामं स्नायाच्च पञ्चधा।
उदपानात्स्वयं ग्राहाद् बहिः स्नात्वा न दुष्यति ।।९।।]

[**हिन्दी**—दूसरे के बनवाये जलाशयों से पाँच या सात मृत्पिण्ड निकालकर स्नानी करे या जलाशय से पानी निकालकर बाहर स्नान करने वाला दोषभागी नही होता है ॥९॥]

दूसरों की सवारी, शय्या आदि के उपभोग का निषेध—

यानशय्यासनान्यस्य कूपोद्यानगृहाणि च।
अदत्तान्युपयुञ्जान एनसः स्यात्तुरीयभाक् ।।२०२।।

भाष्य—यानादीनि परकीयान्यदत्तान्यु**पयुञ्जान एनस**स्तदीयस्य **तुरीयभाक्** चतुर्थं भागं प्राप्नुयात्।

अत्र कश्चिदाह— "अदत्तानीतिवचनात्सर्वार्थतयाऽप्युपकल्पितानि नोपयोज्यानि।"

तदयुक्तम्। परकीयाधिकारात्। न च तानि परकीयानि। त्यक्तं हि तत्सम्यक् तुरीयग्रहणमविवक्षित्तमिति प्रागेव व्याख्यातम् ॥२०२॥

हिन्दी—(दूसरों के) सवारी (गाड़ी, रथ और घोड़ा आदि), शय्या (चारपाई, पलंग और चौकी आदि) आसन, कूँआ, उद्यान (बगीचा, फुलवाड़ी आदि) और घर को बिना दिये हुये उपभोग करने वाला (उनके— सवारी आदि के स्वामी के) चतुर्थांश पाप का भागी होता है ॥२०२॥

नदी आदि में स्नानादि का विधान—

नदीषु देवखातेषु तडागेषु सरःसु च।
स्नानं समाचरेन्नित्यं गर्तं प्रस्रवणेषु च ।।२०३।।

भाष्य—सर्वा नद्यो देवखाताः । अतस्तासामुभयथाऽसंभवाद्देवखातग्रहणवाच्यत्वेन तल्लिङ्गं पठितव्यम् । तडागादीनि हि देवखातानि मनुष्यखातान्यपि सन्ति । न च देवैः खन्यन्ते । केवलं महत्त्वमस्मर्यमाणकर्तृकत्वेन लक्ष्यते ॥२०३॥

हिन्दी—नदियों (साक्षात् या सहायक नदियों के द्वारा समुद्रगामिनी नदियों) में देवखात (देव-सम्बन्ध से प्रसिद्ध) तडागों में, सरों (तालों या दहों) में गर्तों में और झरनों में सदा स्नान करे ॥२०३॥

विमर्श— इस श्लोक की व्याख्या में मन्वर्थमुक्तावलीकार ने 'देवखातेषु' शब्द को 'तडागेषु' का विशेषण माना है, किन्तु 'स्नायान्नदीदेवखातह्रदप्रश्रवणेषु च ॥' (या०स्मृ० १।१५९) की व्याख्या में मिताक्षराकार ने 'देवखात' शब्द की स्वतंत्र रूप से जलाशयवाचक मानकर 'देवनिर्मित पुष्करादि' तथा वीरमित्रोदयकार मित्र मिश्र ने "देव-सम्बन्धि भाव से प्रसिद्ध देवह्रदादि या सूर्यादिसमीपस्थ खात" अर्थ किया है।[१] गर्त— जिनकी गति ३२००० हाथ = १$^{१९/११}$ मील से कम हो, उन्हें 'गर्त कहते हैं।[२]

यम-सेवन की प्रधानता—

यमान्सेवेत सततं न नित्यं नियमान्बुधः ।
यमान्पतत्यकुर्वाणो नियमान्केवलान् भजन् ।।२०४।।

भाष्य—प्रतिषेधरूपा **यमा** "ब्राह्मणो न हन्तव्यः" "सुरा न पेया" इत्यादयः । अनुष्ठेयरूपा **नियमाः** "वेदमेव जपेन्नित्यं" इत्यादयः ॥

न नित्यं नियमान् । नानेन नियमानामसेवोच्यते, किंतु यमानां नियमेभ्यो नित्य (तर) त्वम् ।

तथा चाह । **यमान्पतत्यकुर्वाणः** । ब्रह्महत्यादिर्यमलोपे सति । पतितत्वात्सन्ध्योपासनादिभिर्नाधिक्रियते । न तु तथा नियमलोपे । तथा च शिष्टस्मरणम् ।

---

१. 'प्रकृतश्लोकस्य व्याख्यां देवखातेष्विति तडागविशेषणम्' इति म०मु० ।

"स्नायान्नदी—" (या०स्मृ० १।१५९) इत्यस्य व्याख्या मिताक्षराकारः— "नद्यादिषु कथन्तर्हि स्नायादित्याह— स्नायान्नदीति । साक्षात्परम्परया वा समुद्रगाः स्रवन्त्यो नद्यः, देवखातं देवनिर्मितं पुष्करादि, उदकप्रवाहाभिघातकृतसजलो महानिम्नप्रदेशो ह्रदः, पर्वताद्युच्चप्रदेशात्प्रसूतमुदकं प्रस्रवणम् इति । तथैव मित्रमिश्रश्च— "देवसम्बन्धितया प्रसिद्धं देवह्रदादि सूर्यादिसमोपस्थखातं वा" इति ।

२. तदुक्तं छन्दोगपरिशिष्टे—

"धनुःसहस्राण्यष्टौ च गतिर्यासां न विद्यते ।
न ता नदीशब्दवहा गर्तास्ताः परिकीर्तिताः ॥" इति (म०मु०) ।

"पतति नियमवान्यमेष्वसक्तो न तु यमवान्नियमालसोऽवसीदेत्" ।

"न नियमानसमीक्ष्य बुद्ध्या यमबहुलेष्वतिसंदधीत बुद्धिम्" ॥ इति ।

येषामपि पारिभाषिका यमनियमाः—

"अहिंसा सत्यवचनं ब्रह्मचर्यमकल्कता । अस्तेयमपि पञ्चैते यमाश्चैव व्रतानि च"

अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचमाचरलाघवम् । अप्रमादश्च नियमाः पञ्चैवोपव्रतानि च"—

तेषामपि गुरुलाघवमनेन श्लोकेन प्रतिपाद्यते ।

अतो नानेन यमानां सेवोच्यते, नापि नियमानामसेवा । उभयेषां तैः शास्त्रैर्विहितत्वात् ॥२०४॥

पूर्वेण श्लोकेन व्रताधिकारी विच्छिन्नः । इदानीं प्रतिषेधप्रकरणमारभ्यते ।

हिन्दी—विद्वान् यमों का सर्वदा सेवन करे, नियमों का नित्य सेवन न करे । यमों के सेवन को नहीं करता हुआ केवल नियमों का ही सेवन करने वाला पतित (भ्रष्ट-नीच) होता है ॥२०४॥

विमर्श— याज्ञवल्क्य के मतानुसार "ब्रह्मचर्य, दया, क्षमा, ध्यान, सत्य, अकुटिलता, अहिंसा, अचौर्य, मधुरता और इन्द्रिय-दमन"— ये १० 'यम' तथा 'स्नान, मौन, उपवास, यज्ञ, स्वाध्याय, इन्द्रिय-निग्रह, गुरुसेवा, पवित्रता, अक्रोध और अप्रमाद' ये १० नियम हैं ।[१]

मेधातिथि तथा गोविन्दराज ने हिंसादि का त्याग 'यम' और वेदाभ्यास (मनु ४।१४७) 'नियम' है, ऐसी व्याख्या इस श्लोक की की है । किसी-किसी आचार्य के मत से 'अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अकुटिलता और अचौर्य' ये ५ "यम" तथा अक्रोध, गुरुसेवा, पवित्रता, स्वल्पाहार और सर्वदा 'प्रमादशून्यता' ये ५ 'नियम' हैं[२] एवं भगवत्पतञ्जलि के मत से 'अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह' ये ५ 'यम'

---

१. तदुक्तम्— "ब्रह्मचर्यं दया क्षान्तिर्दानं सत्यमकल्कता ।
अहिंसाऽस्तेयमाधुर्ये दमश्चेति 'यमाः' स्मृताः" ॥
स्नानं मौनोपवासेज्यास्याध्यायोपस्थनिग्रहाः ।
'नियमा' गुरुशुश्रूषा शौचाक्रोधप्रमादतः ॥ (या०स्मृ० ३।३१२-३१३) ।

२. तदुक्तम्— "अहिंसा सत्यवचनं ब्रह्मचर्यमकल्कता ।
अस्तेयमिति पञ्चैते 'यमा' वै परिकीर्तिताः ॥
अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचमाहारलाघवम् ।
अप्रमादश्च सततं पञ्चैते नियमाः स्मृताः ॥" इति । (म०मु०)

तथा 'पवित्रता, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान' ये ५ 'नियम' हैं[१]।

संक्षेप नें 'परस्त्री-गमन न करे, मदिरा न पिये' इत्यादि निषेध परक वचन प्रतिपादित कर्म 'यम' तथा नित्य सन्ध्योपासन करे, वेद का स्वाध्याय सर्वदा करे इत्यादि विधिपरक वचन-प्रतिपादित कर्म 'नियम' है। प्रकृत श्लोक के द्वितीय पाद ('न नित्यं नियमान् बुद्धः') से नियमों का निषेध नहीं किया गया है, अपितु 'नियमों' की अपेक्षा 'यमों' की नित्यता कही गयी है। 'यम' सेवन के अभाव में ब्राह्मणादि के पतित होने से 'नियम' सेवन का उसे अधिकार ही नहीं रह जाता, किन्तु 'नियम' सेवन के अभाव में ऐसी बात नहीं है, ऐसा 'नेनेशास्त्री' का अभिमत है।

[आनृशंस्यं क्षमा सत्यमस्पृहा दममस्पृहा।
ध्यानं प्रसादो माधुर्यमार्जवं च यमा दश ।।१०।।]

[**हिन्दी**—अक्रूरता, क्षमा, सत्य, अहिंसा, इन्द्रिय-दमन, अस्पृहा, ध्यान, प्रसन्नता मधुरता और सरलता— ये 'यम' हैं ।।१०।।]

[अहिंसा सत्यवचनं ब्रह्मचर्यमकल्कता।
अस्तेयमिति पञ्चैके यमाश्चोपव्रतानि च ।।११।।]

[**हिन्दी**—अहिंसा, सत्यभाषण, ब्रह्मचर्य, अकुटिलता, अचौर्य— ये ५ उपव्रत तथा 'यम' हैं ।।११।।]

नियम के लक्षण—

[शौचमिज्या तपो दानं स्वाध्यायोपस्थनिग्रहौ।
व्रतोपवासौ गानं च स्नानं च नियमा दश ।।१२।।]

[**हिन्दी**—पवित्रता, यज्ञ, तपस्या, दान, स्वाध्याय, ब्रह्मचर्य, व्रत, उपवास, मौन और स्नान— ये १० 'नियम' हैं ।।१२।।]

[अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचमाहारलाघवम्।
अप्रमादश्च नियमाः पञ्चैवोपव्रतानि च ।।१३।।]

[**हिन्दी**—अक्रोध, गुरुसेवा, पवित्रता, लघुभोजन और अप्रमाद ये ५ उपव्रत तथा 'नियम' हैं ।।१३।।]

अश्रोत्रियादि के द्वारा कराये गये यज्ञ में भोजन निषेध—

नाश्रोत्रियतते यज्ञे ग्रामयाजिकृते तथा।
स्त्रिया क्लीबेन च हुते भुञ्जीत ब्राह्मणः क्वचित् ।।२०५।।

---

१. ''तत्राहिंसासत्यास्त्येयब्रह्मचर्यापरिग्रहा 'यमाः'। शौचसन्तोषतपस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि 'नियमाः'।'' इति (यो० सू० २।३१-३२)

भाष्य—तत्र भोजनमेव तावदर्थित्वाद्यत्रकुत्रचित्प्राप्तं निषिध्यते।

अश्रोत्रियोऽनधीयानस्तेन **तते** प्रारब्धे यज्ञ ऋत्विग्भिर्वाऽश्रोत्रियैस्तते न भुञ्जीत ब्राह्मण:।

ग्रामयाजी ग्रामयाजकस्तेन यत्र हूयते, यत्र च स्त्री होमं करोति।

छान्दोग्ये हि स्त्रीणां गृह्यस्मृतिकारैरग्निहोत्रहोम उक्तोऽतस्तं पश्यन्प्रतिषेधति। अथवा यत्र यज्ञे स्त्री प्रधानं भर्ता दारिद्रयादिदोषैरुपहत: स्त्री च सौदायिकेन धनेन ज्ञातिबलेन च दर्पिता तत्रायं प्रतिषेध:।

क्लीबो नपुंसकम् ॥२०५॥

हिन्दी—बिना वेदज्ञाता के द्वारा बहुतों को यज्ञ कराने वाला (वेदज्ञाता) के द्वारा कराये गये यज्ञ में और स्त्री तथा नपुंसक जिसमें हवन कर्ता हों; ऐसे यज्ञ में ब्राह्मण कभी भी भोजन न करे ॥२०५॥

अश्लीलमेतत्साधूनां यत्र जुह्वत्यमी हवि:।
प्रतीपमेतद्देवानां तस्मात्तत् परिवर्जयेत्॥२०६॥

भाष्य—पूर्वस्य प्रतिषेधविधेरर्थवादोऽयम्।

अश्लीलमश्लाध्यं **साधूनां** शिष्टानाम्। **यत्र** ह्येते **हविर्जुह्वति** यज्ञं कुर्वन्ति। **देवानां प्रतीपं** प्रतिकूलम्। **तस्मादी**दृशे गमनं **परिवर्जयेत्** ॥२०६॥

हिन्दी—जिस यज्ञ में ये लोग (स्त्री, नपुंसक, बहुयाजक आदि) हवन करते हैं; वह यज्ञ-कर्म सज्जनों की श्री का नाशक और देवताओं के प्रतिकूल है। अत: उसे छोड़ देना चाहिये ॥२०६॥

अभक्ष्य अन्न—

मत्तक्रुद्धातुराणां च न भुञ्जीत कदाचन।
केशकीटावपन्नं च पदा स्पृष्टं च कामत:॥२०७॥

भाष्य—यावन्मदादियोग एतेषां तावदभोज्यता।

अन्ये बाहुल्यं मन्यन्ते। बाहुल्येन य: क्षीबो भवति मद्यशौण्डस्तदन्नं न भोक्तव्यम्।

एवं क्रोधप्रधानस्य भृशंकोपनस्य च प्रायेण **चातुरस्य** रोगामयाव्यादे:।

केशकीटैरवपन्नं संसर्गेण दूषितम्। कीटाश्च केचिन्मृता दूषयन्ति न जीवन्तो यथा मक्षिका गृहगोधाश्च। अन्ये तु जीवन्त एव। कीटग्रहणं क्षुद्रजन्तूनां कृमिपतङ्गानामपि प्रदर्शनार्थम्। केशग्रहणं नखरोम्णां दूषिकादीनां मलानां, समाचारात्।

पादेन बुद्धिपूर्वं कामकारेण स्पृष्टम्। प्रमादतस्तु न दोष: ॥२०७॥

हिन्दी—मतवाले, क्रुद्ध (क्रोधयुक्त) और रोगी के अन्न को, एवं केश या कीट (कीड़े) से दूषित अन्न को तथा इच्छापूर्वक पैर से छुए गये अन्न को कभी न खावे ॥२०७॥

भ्रूणघ्नावेक्षितं चैव संस्पृष्टं चाप्युदक्यया ।
पतत्रिणाऽवलीढं च शुना संस्पृष्टमेव च ।।२०८।।

भाष्य—**भ्रूणहा** ब्रह्मघ्नस्तेनावे**क्षितं** निपुणतो दृष्टम् । प्रदर्शनं चैतदन्येषामपि पातकिनाम् । पातकिभिः अवेक्षितस्य निषेधः । तैः स्पृष्टस्य तु प्रतिषेधः स्नानविधानादेव सिद्धः ।

उदक्या रजस्वला तया **स्पृष्टस्य** प्रतिषेधो, नावेक्षितस्य ।

"ननु च तत्स्पर्शिनोऽपि यावत्स्नानं वक्ष्यति— अतस्तेनैवाशुचित्वे सिद्धे कुतस्तत्स्पृष्टस्य भोजनप्राप्तिः?"

उच्यते । प्रक्षाल्य तदन्नं भोज्यम् । अथवा भ्रूणहग्रहणं प्रदर्शनार्थमित्युक्तं— तत्र कश्चिन्मन्येत दिवाकीर्तिश्लोकपठितानां प्रदर्शनार्थमिति । तथा चोदक्यावेक्षितस्यापि प्रतिषेधः स्यात् ।

एतेन **शुना संस्पृष्टं** व्याख्यातम् ।

अत उक्तं पतितानामेवान्येषां प्रदर्शनार्थम् । तदत्र युक्तः पतितसूतिकेत्यादीनाम् । उदक्याग्रहणं सूतिकाया निदर्शनार्थम् ।

पत्रत्रिणा । पतत्रो पक्षी स च क्रव्यादो गृध्रवायसादिः समाचारारान्न तु हंसादिः ॥२०८॥

हिन्दी—गर्भहत्या (गोहत्या, ब्रह्महत्या भी) करने वाले से देखे हुए, रजस्वला स्त्री से छुए (स्पर्श किए) गये, पक्षी (कौवा आदि) से आस्वादित और कुत्ते से छुए गये (अन्न को न खावे) ॥२०८॥

गवा चान्नमुपाघ्रातं घुष्टान्नं च विशेषतः ।
गणान्नं गणिकान्नं च विदुषा च जुगुप्सितम् ।।२०९।।

भाष्य—**घुष्टान्नं** यदुद्धुष्य दीयतेऽनामन्त्रिताय कस्मैचिदर्थिने मठसत्रभक्तादिविशेषानुद्देशेन । यद्वाऽन्यस्मै प्रतिश्रुत्यान्यस्मै दीयते ।

प्रतिपत्तिज्ञाने ह्ययं धातुः पठ्यते । तदभावे बाधितं स्मरन्ति यज्ञविवाहादिष्वनामन्त्रितभोजनम् ।

अयं च **गणः** संघातस्तस्माद्भ्रातृणां त्वविभक्तानां न गणव्यपदेशः । "भ्रातृणाम-

विभक्तानामेको धर्म: प्रवर्तते'' (९ । २१५) इति वचनादेकश्च धर्मस्तेषामातिथ्यादि-क्रियैवेति नवमे दर्शितम्— ''ज्येष्ठ एव तु गृह्णीयात्पित्र्यं धनमशेषत:'' (९ । १०५) इति । तस्य च ग्रहणमवश्यकर्तव्येष्वधिकार इति दर्शयति । साधारणस्यापि अन्यस्या-तन्मध्यगतस्य प्रतिषेध: ।

गणिका वेश्या ।

जुगुप्सितं निन्दितम् । **विदुषा** वेदार्थविदा । भक्ष्यमपि बिसखल्यादि ॥२०९॥

हिन्दी—गौ के सूँघे हुए और विशेष रूप से किसी के लिए ('अमुक के लिये यह अन्न है इत्यादि रूप से घोषित अन्न को, समूह) (शठब्राह्मण-समूह) के अन्न को, वेश्या के अन्न को और विद्वान् से निन्दित अन्न को (न खावे) ॥२०९॥

स्तेनगायनयोश्चान्नं तक्ष्णो वार्धुषिकस्य च ।
दीक्षितस्य कदर्यस्य बद्धस्य निगडस्य च ।।२१०।।

भाष्य—**गायनो** यो गीतेन जीवति । अन्यस्य त्वपरान्तकादिगानं विहितमेव (याज्ञवल्क्य ३।११३) ।

कदर्य: कृपण: ।

बद्धनिगडयोर्विशेष:— एको वाङ्मात्रेणावरुद्ध: अपरो रज्ज्वायसनिगडैर्यन्त्रित: ।

'विशदस्य चे'त्यन्ये पठन्ति । कष्टं च विशदमाचक्षते ॥२१०॥

हिन्दी—चोर, गायक (मल्लिक, गन्धर्व आदि), बढ़ई, व्याजखोर, यज्ञ में दीक्षित (अग्निसोमीय के पहले), कृपण और निगड (कथकड़ी आदि) से बँधे हुए—इनके (अन्न को न खावे) ॥२१०॥

विमर्श— गोविन्दराज का मत है कि निगड (लोहे की जंजीर) से बँधे हुए या बिना लोहे के भी बँधे हुए के भी अन्न को नहीं खावे ।

अभिशस्तस्य षण्ढस्य पुंश्चल्या दाम्भिकस्य च ।
शुक्तं पर्युषितं चैव शूद्रस्योच्छिष्टमेव च ।।२११।।

भाष्य—**पुंश्चली** यस्य कस्यचिन्मैथुनसम्बन्धेन घटते ।

''ननु च गणिकान्नं प्रतिषिद्धमेव ।''

नैतदेवम् । अन्या गणिकाऽन्या पुंश्चली । गणिका वेश्यावेशेन जीवति । पुंश्चली त्विन्द्रियचपला ।

दाम्भिको बैडालव्रतकादि: सोपधो धर्मचरण: ।

प्रायश्चित्तविशेषार्थं **शूद्रोच्छिष्टं** प्रतिषिध्यते । सर्वस्यैवोच्छिष्टभोजनप्रतिषेधात् ।

अन्ये तु **शूद्रोच्छिष्टं** स्थालीस्थं भोज्यान्नं शूद्रभुक्तशिष्टमुच्छिष्टमुच्यत इत्याहुः।

पाठान्तरं तु "उच्छिष्टमगुरोस्तथेति"।

उच्छिष्टमुच्यते यत्परस्य स्पर्शनादशुद्धं भुक्तोज्झितं च।

आत्मीये ह्यभुक्तोऽज्झित एकग्रासाशनमेव स्यात्। न चैष शिष्टानां समाचारो यत्सकृदन्नं दत्तं भुक्त्वा पुनराचम्य पात्रान्तरे गृहीतं भुज्यते।

तथा नाद्यादन्नम्। 'तथा'अन्तरेऽभ्युत्थानादिक्रियान्तरस्य प्रतिषेधः। अत आतृप्तेः प्रागाचमनात् पश्चात्स्पर्शे न दोषः।

सहभोजनं तु सत्यपि परस्य स्पर्शे पदार्थान्तरत्वान्नोच्छिष्टभोजनम्। अत्र पित्रा पुत्रादिभिः शिष्टं सह भुज्यते। तथा चापस्तम्बादयो देशग्रहणात्प्रसङ्गेन "अनुपनीतेन सह भोजनं" निन्दन्ति, नोपनीतेन।

अस्मिंस्तु पक्षे विजातीयैः सह भोजनप्रतिषेधः। व्यवधानान्तरमाश्रयणीयम्। भुक्तोज्झितं तु धात्वर्थयोगादुच्छिष्टमन्यदीयमपि ॥२११॥

हिन्दी—लोक में महापातक (११।५४-५८) आदि दोषों से लाञ्छित, नपुंसक, व्यभिचारिणी और दम्भी के अन्न को तथा शुक्त और बासी अन्न को एवं शूद्र के तथा किसी के भी जूठे अन्न को न खावे ॥२११॥

विमर्श— दम्भी कपटपूर्वक (लोगों को दिखाने के लिये) धर्माचरण करने वाला यथा— बैडालव्रतिक (४।१९५), बकव्रतिक (४।१९६) आदि। शुक्त— पात्र या किसी संसर्ग से खट्टा हुआ दही आदि मधुर वस्तु, पर्युषित (बासी)— जैसे बनाये एक रात बीच चुकी हो नही खावे।

चिकित्सकस्य मृगयोः क्रूरस्योच्छिष्टभोजिनः।
उग्रान्नं सूतिकान्नं च पर्याचान्तमनिर्दशम्॥२१२॥

भाष्य—स्मृत्यन्तरे विशेषः श्रूयते "शल्या नर्तकजीविनः" **मृगयुर्**मृगव्याधः। आखेटकार्थं मांसविक्रयार्थं वा यो मृगान्हन्ति।

क्रूर अनृजुप्रकृतिः दुष्प्रसादः।

उच्छिष्टभोजी निषिद्धोच्छिष्टभोजी।

उग्रो जातिविशेषः। राजेत्येतस्य वेदे प्रयोगो दृश्यते। "उग्रो मध्यमशीरि वेति"। (ऋग्वेद १०। ९७। १२)। न च तस्यान्यः प्रतिषेधोऽस्ति दोषप्रदर्शनप्रकारेण च न श्रूयते। "राजान्नं तेज आदत्ते" इत्यर्थवादाच्च प्रतिषेधः।

सूतिकान्नं सूतिकामुद्दिश्य यत्कृतं तत्कुलीनैरपि तदभोज्यम्।

तदनाद्य**मनिर्दशं** दशाहानि यावत् । तेन यद्यपि क्षत्रियादीनां दशाहादूर्ध्वमाशौचं तथापि दशाहानि न भोज्यम् ।

पाठान्तरं सूतकान्नमिति । सूतकशब्देन च तद्वन्तः पुरुषा लक्ष्यन्ते । येषां कुले सूतकं ते दशाहं न भोज्यान्ना इति । यस्मिन्पक्षे सर्वेषां दशाहं सूतकाशौचं तत्रायं प्रतिषेधः । यदा तु मातापित्रोः सूतकं मातुर्वेति पक्षस्तदा यावदाशौचं न भोज्यम् ।

अनिर्दशग्रहणमाशौचनिवृत्त्युपलक्षणार्थम् । तेन क्षत्रियादीनां यस्य यावदाशौचकालः स तावत्कालमभोज्यान्नः ।

''सूतिकान्नमनिर्दशमिति'' पठितव्ये वृत्तानुरोधात्पर्याचान्तपदेन व्यवधानम् ।

अन्यैस्तु स्वतन्त्रमनिर्दशग्रहणं व्याख्यातम् । सूतकशब्देन आशौचकालोऽनुद्योत्यते ।

अनिर्दशं गवादीनां पयः ।

पर्याचान्तं शौचाचमनव्यपेतमर्धभुक्ते केनचित्कारणेन यथाचामति तदा पुनर्भुक्तोज्झितं नाशितव्यम् ॥२१२॥

हिन्दी—वैद्य, शिकारी या व्याधा, क्रूर, जूठा खाने वाला, उग्र स्वभाव वाला; इनके अन्न को एवं सूतिका के उद्देश्य से पकाये हुए अन्न को, पर्याचान्त अन्न को और सूतक के अन्न को न खावे ॥२१२॥

विमर्श— वैद्य— जो वैद्य जीविका के लिये चिकित्सा करता है, उसके अन्न को खाने का इस वचन से निषेध है, किन्तु इसके विपरीत परोपकार की भावना से जो चिकित्सा करता हो उस वैद्य के अन्न को खाने में दोष नहीं? मृगयु— जो वधिक या शिकारी मांस बेचने के लिए प्राणिवध करता हो । पर्याचान्तान्न— एक पंक्ति में, अनेक लोगों के भोजन करते रहने पर बीच में ही यदि कोई आचमन करने (मुख धोने) लगे, वह अन्न 'पर्याचान्त' है । अनिर्दश— जिस सूतक (मरण शौच) को दश दिन नहीं बीते हों, उसके अन्न को नहीं खावे ।

अनर्चितं वृथामांसमवीरायाश्च योषितः ।
द्विषदन्नं नगर्यन्नं पतितान्नमवक्षुतम् ।।२१३।।

भाष्य—अर्चार्हस्य यदवज्ञया दीयते त**दनर्चितम्** । न तु सुहृदादेः ।

वृथामांसं देवाद्यर्चनशिष्टं यन्न भवत्यात्मार्थं यत्साधितम् ।

अवीरा स्त्री यस्या न भर्ता नापि पुत्रः ।

द्विषच्छत्रुः ।

नगरी नगरस्वाम्यराजाऽपि ।

अवक्षुतमुपरि यस्मिन्क्षवथुः कृतः ॥२१३॥

हिन्दी—बिना सत्कारपूर्वक दिया गया अन्न, देवतादि के उद्देश्य के बिना बधा हुआ मांस; पतिपुत्रहीन स्त्री, शत्रु, नागरिक (नगरपति) और पतित— इनका अन्न तथा जिसके ऊपर छींक दिया गया हो; वह अन्न नहीं खावे ॥२१३॥

पिशुनानृतिनोश्चान्नं क्रतुविक्रयकस्य च ।
शैलूषतुन्नवायान्नं कृतघ्नस्यान्नमेव च ।।२१४।।

भाष्य—पिशुनो यो विश्रब्धमर्थं कथितं भिनत्ति परच्छिद्रवादी वा परोक्षम् ।

अनृती कृतकौटसाक्ष्यः । **क्रतुविक्रयकः** क्रतुर्यज्ञस्तं कृत्वा विक्रीणीते क्रतुफलं मदीयं तवास्त्विति मूल्येन ददाति । यद्यपि परमार्थतः क्रतोर्विक्रयो नास्ति तथापि यस्यैवंविधा यात्राऽन्यविप्रलम्भेन वा प्रवृत्तिस्तस्य प्रतिषेधः ।

शैलूषो नटः । भार्यापण्य इत्यपरे ।

तुन्नवायः सौचिकः ।

कृतघ्नः कृतमुपकारं यो नाशयति प्रत्युतोपकर्तुरपकारे वर्तते न च शक्तः सन्प्रत्युपकारेऽपि ॥२१४॥

हिन्दी—चुगलखोर, असत्यभाषी, यज्ञ बेचने वाला (अपने यज्ञ का फल दूसरे को देकर उसके बदले में मूल्य लेने वाला), नट (बहुरूपिया), दर्जी और कृतघ्न; इनके अन्न को न खावे ॥२१४॥

कर्मारस्य निषादस्य रङ्गावतरकस्य च ।
सुवर्णकर्तुर्वेणस्य शस्त्रविक्रयिणस्तथा ।।२१५।।

भाष्य—कर्मारोऽयस्करः ।

निषादो दशमे वक्ष्यते ।

रङ्गावतरको नटगायनकेभ्योऽन्यो मल्लादिः । अथवा प्रतिरङ्गमुपतिष्ठते कुतूहली ।

वेणुः वादित्रजीवितः ।

शस्त्रविक्रयी कृतस्य खड्गादेरकृतस्य वाऽयसो विक्रेता ॥२१५॥

हिन्दी—लोहार, मल्लाह, रङ्गसाज, सोनार, बँसफोर (बांस के बर्तन बनारक जीविका करने वाला) और शस्त्र को बेचने वाला; इनके अन्न को न खावे ॥२१५॥

श्ववतां शौण्डिकानां च चैलनिर्णेजकस्य च ।
रजकस्य नृशंसस्य यस्य चोपपतिर्गृहे ।।२१६।।

भाष्य—आखेटकाद्यर्थं ये शुनो बिभ्रति ते **श्ववन्तः** । **शौण्डिका** मद्यव्यसनिनस्तत्पण्यजीविनो वा । **चैलं** वस्त्रं तन्निर्नेनक्ति प्रक्षालयति । कारुकनामधेयमेतत् ।

रजको वाससां नीलादिरागकारकः ।

नृशंसो नृन्मनुष्याञ्छंसति स्तौति यो लोके बन्दीति प्रसिद्धः । अथवा निर्दयो **नृशंसः** ।

उपपतिर्जारो भार्याया गृहे जारो यस्य वर्तते ॥२१६॥

हिन्दी—शिकार के लिये कुत्ते को पालने वाला; मद्य बेचने वाला, धोबी, रङ्गरेज, नृशंस (निर्दय) और जिसके घर में उपपति (स्त्री का जार बिना जानकारी के) हो वह, इनके अन्न को न खावे ॥२१६॥

मृष्यन्ति ये चोपपतिं स्त्रीजितानां च सर्वशः ।
अनिर्दशं च प्रेतान्नमतुष्टिकरमेव च ।।२१७।।

भाष्य—पूर्वोऽविदितभार्याजारः । अयं तु विदित्वा क्षमते न भार्याया निग्रहं करोति । नापि तस्य अविदुषोऽन्यत्र गृहाज्जारिणो भोज्यान्नं नैव ।

स्त्रीजिताः । येषां भार्यैव गृहे कर्त्री हर्त्री च स्वयं परिजनस्य च नेशस्तेन सर्वत्र तद्वशवर्तिनः ।

प्रेतान्नं मरणाशौचे तत्कुलीना अभोज्यान्नाः । **अनिर्दश**ग्रहणं कालोपलक्षणार्थम् ।

यदाऽनिर्दशग्रहणं पूर्वत्र स्वतन्त्रमाशौचसम्बन्धिनामविशेषेणान्नं प्रतिषेधति तदिह प्रेतान्नकृतं यस्याप्याशौचं नास्ति सुहृद्बान्धवादेः । कारुण्याच्चतुर्थीश्राद्धादिप्रवृत्तस्य यदन्नं तत्र भोज्यम् । "दशाहिकं नावमिकं चतुर्थीश्राद्धमष्टमी" इत्यादिरामायणे वर्णितमन्यैरपि गृह्यकारैः । **अतुष्टिकरं** यस्मिन्भुज्यमाने चित्ततुष्टिर्न भवेत् ॥२१७॥

हिन्दी—जानकारी में जो घर में उपपति (स्त्री का जार) के रहने को सहन करता है, जो सब बातों में स्त्री के वश में है; इन दोनों के अन्न को तथा बिना दस दिन बीते सूतक के अन्न को और अतुष्टिकारक अन्न को न खावे ॥२१७॥

राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम् ।
आयुः सुवर्णकारान्नं यशश्चर्मावकर्तिनः ।।२१८।।

भाष्य—अथेदानीमतिक्रमफलं दर्शयति ।

राजान्नभोजिनस्तेजोनाशः । एवं सर्वत्र द्रष्टव्यम् ।

सुवर्णकारादयः शब्दाः शिल्पिविशेषजीविनां वाचकाः । ये सुवर्णं जीविकार्थं घटयन्ति **सुवर्णकारा** उच्यन्ते । एवं रजकादिष्वपि द्रष्टव्यम् । चर्मावकृन्तति छिन्दति **चर्मावकर्तिनः** । तेन कर्मणा ये जीवन्ति तेषामेषा रूढिः ।

इह येषां पूर्वत्र प्रतिषेधो नास्ति केवलं दोषः श्रूयते तेषां तत एव प्रतिषेधोऽनुमेयः ॥२१८॥

हिन्दी—राजा का अन्न (खाने वाले के) तेज को, शूद्र का अन्न ब्रह्मवर्चस (ब्रह्मतेज) को, सोनार का अन्न आयु को और चमार का अन्न यश को ले लेता है (अतः इनके अन्न को नहीं खाना चाहिये) ॥२१८॥

कारुकान्नं प्रजां हन्ति बलं निर्णेजकस्य च ।
गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति ।।२१९।।

भाष्य—**कारुकाः** सूपकारादयः नातिगर्हितकर्माणः । एष एतेषां शिल्पिभ्यो भेदः । प्रजाया विधातोऽनुत्पत्तिः ॥२१९॥

हिन्दी—बढ़ई (या शिल्पी) का अन्न संतान को तथा रँगरेज (कपड़ा रंगने वाला) का अन्न बल को नष्ट करता है और गण (सामूहिक) तथा वेश्या का अन्न (पुण्य आदि से प्राप्त होने वाले स्वर्ग आदि) लोकों से भ्रष्ट करता है ॥२१९॥

पूयं चिकित्सकस्यान्नं पुंश्चल्यास्त्वन्नमिन्द्रियम् ।
विष्ठा वार्धुषिकस्यान्नं शस्त्रविक्रयिणो मलम् ।।२२०।।

भाष्य—**पूय**तुल्यं **चिकित्सकस्यान्नं** भोजनम् ।
इन्द्रियं शुक्रम् ।
विष्ठा मलमेकमेव ॥२२०॥

हिन्दी—वैद्य (४।२१२ का विमर्श देखिये) का अन्न पीव, व्यभिचारिणी का अन्न शुक्र (वीर्य), सूदखोर (सूद से ही जीविका करने वाला) का अन्न विष्ठा तथा शास्त्र बेचने वाले का अन्न मल (कफ, कान का खोंट नाक का पोटा आदि) के समान है ॥२२०॥

य एतेऽन्ये त्वभोज्यान्नाः क्रमशः परिकीर्तिताः ।
तेषां त्वगस्थिरोमाणि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ।।२२१।।

भाष्य—प्रतिपदनिर्दिष्टेभ्यो येन्येऽप्यभोज्यान्ना अस्मिन्प्रकरणे पठितास्तेषां यदन्नं **तत्त्वगस्थिरोमादि** । यस्तदीयायास्त्वचो भुक्ताया दोषः स एवान्नस्यापि ॥२२१॥

हिन्दी—प्रत्येक नामकथनपूर्वक इन अभोज्यान्नों (जिनका अन्न अभोज्य है ४।२१८-२२०) के अतिरिक्त जो अभोज्यान्न (४।२०५-२१७) क्रमशः कहे गये हैं, उनके अन्न को विद्वान् लोग उन (अभोज्यान्नों) को चमड़ा, हड्डी और रोम कहते हैं (उनका अन्न खाने को उनके चमड़ा, हड्डी और रोम (बाल) खाने के समान कहते हैं) ॥२२१॥

चारों वर्णों के अन्नों का स्वरूप—

[अमृतं ब्राह्मणस्यान्नं क्षत्रियान्नं पयः स्मृतम् ।
वैश्यान्नमन्नमित्याहुः शूद्रस्य रुधिरं स्मृतम् ।।१४।।]

[**हिन्दी**—ब्राह्मण का अन्न अमृतरूप, क्षत्रिय का अन्न दूध रूप, वैश्य का अन्न अन्नरूप तथा शूद्र का अन्न रुधिर-रूप है। (अतः शूद्र का अन्न अभोज्य है) ॥१४॥]

अभोज्य अन्न खाने पर प्रायश्चित्त—

भुक्त्वाऽतोऽन्यतमस्यान्नममत्या क्षपणं त्र्यहम्।
मत्या भुक्त्वाऽऽचरेत्कृच्छ्रं रेतोविण्मूत्रमेव च ।।२२२।।

भाष्य—त्र्यहं क्षपणमभोजनम्। **अमत्या**ऽबुद्धिपूर्वम्।

बुद्धिपूर्वे तु **कृच्छ्रं चरेत्**।

तच्च कृच्छ्रं स्मृत्यन्तरैकवाक्यत्वात्तप्तकृच्छ्रम्। तत्र रेतोविण्मूत्रप्राशने तप्तकृच्छ्रमाम्नातम्। 'अमत्या पाने पयोघृतमुदकं वायुः प्रतित्र्यहं तप्तातिकृच्छ्रः। ततोऽस्य संस्कार इति'।

अप्रकरणे च प्रायश्चित्तवचनं दोषातिशयदर्शनार्थम्।

अन्यतमस्येति षष्ठीनिर्देशात्परिग्रहणदुष्ट एवेदं प्रायश्चित्तं मन्यन्ते न कालस्वभावसंसर्गदुष्टे। शुक्तपर्युषितादौ चतुर्विधं ह्यभोज्यम्। कालदुष्टं शुक्तपर्युषितादि। संसर्गदुष्टं मद्यानुगतादि। स्वभावदुष्टं लशुनादि। परिग्रहदुष्टं प्रकृताभोज्यान्नानां यत्॥

अत्रोच्यते। सत्यम्। चतुर्विधमभोज्यं भवति। षष्ठीनिर्देशोऽप्यस्ति। किंतु यदि शुक्तादेर्नेदं प्रायश्चित्तं स्यात्तदिह प्रकरणे तेषामुपादानमनर्थकमेवापद्येत। पञ्चमे हि तयोः प्रतिषेधो नास्ति। तस्मादिह प्रायश्चित्तार्थमेवैवमादीनामुपादानम्।

तत्र तर्हि किमर्थम्?

तत्रैव वक्ष्यामः। यदपि 'गर्हिता नाद्ययोर्जग्धिः' (११।५६) 'अभोज्यानां तु भुक्त्वाऽन्नमिति' (११।१५२) च तत्सर्वमेकादशे विभागतो निर्णेष्यते ॥२२२॥

हिन्दी—इन (४।२०५-२२०) में से किसी एक के अन्न को अज्ञानपूर्वक खाकर तीन दिन उपवास करे तथा ज्ञानपूर्वक शुक्र, मल और मूत्र के समान इन अन्नों को खाकर कृच्छ्रव्रत (११।२११) करे ॥२२२॥

विमर्श— यहाँ पर 'किसी एक का' (अन्यतमस्य) शब्द कहने से मत्तादिसम्बन्धी दूषित अन्न के ही भोजन करने पर यह प्रायश्चित्त है, कीट या केश आदि के संसर्ग से दूषित, समय से दूषित वासी आदि और निमित्त से दूषित घुन आदि लगे हुए अन्न को खाने से उक्त प्रायश्चित्त (तीन दिन उपवास या कृच्छ्रव्रत) करना नहीं है। एक प्रकरण में स्नातकता बतलाने के लिए कहा है, ग्यारहवें अध्याय में प्रायश्चित्त को कहेंगे। अतएव मेधातिथि अप्रकरण में प्रायश्चित्त को कहने के कारण कीटादि के संसर्ग से दूषित अन्न

तथा समय के अतिक्रमण से दूषित बासी आदि अन्न के खाने पर भी यही प्रायश्चित्त (अज्ञानपूर्वक खाने से तीन दिन उपवास तथा ज्ञानपूर्वक खाने से कृच्छ्रव्रत) जो कहा है, वह ठीक नहीं है। अप्रकरण में इस प्रायश्चित्त का कथन लाघव के लिये है।

शूद्र से पक्वान्न लेने का निषेध—

नाद्याच्छूद्रस्य पक्वान्नं विद्वानश्राद्धिनो द्विजः ।
आददीताममेवास्मादवृत्तावेकरात्रिकम् ।।२२३।।

भाष्य—अविशेषेण शूद्रान्नं प्रतिषिद्धं तस्येदानीं विशिष्टविषयतोच्यते **अश्राद्धिनः**।

"क्व पुनः शूद्रान्नं प्रतिषिद्धम्"।

"शूद्रस्योच्छिष्टमेव च" (४। २११) इत्यत्र।

ननु च तत्र शूद्रस्योच्छिष्टं प्रतिषिद्धं नान्यदन्नम्।

नेति ब्रूमः। एवं तत्र सम्बन्धः। 'शूद्रस्यान्नं नाद्यादुच्छिष्टमन्यस्यापि'। यत्तु प्राग्व्याख्यातं तत्पूर्वेषां दर्शनमित्यस्माभिरपि संवर्णितम्।

अश्राद्धिनः। श्राद्धशब्देन पाकयज्ञादिक्रिया शूद्रस्य विहिता लक्ष्यते। ततस्तत्क्रियाननुष्ठायिनः।

सच्छुद्रादन्यस्य यत्पक्वमन्नं तन्नाद्यात्।

अश्रद्धिन इति वा पाठः। अश्रद्धावानित्यर्थः। तथा चोत्तरश्लोके श्रद्धायाः प्राधान्यमेवाह "वदान्यस्येति"।

आमं शुष्कं धान्यं तण्डुलादि।

तथैकरात्रिकमेकस्मिन्नहनि पर्याप्तं न बहु ॥२२३॥

हिन्दी—विद्वान् ब्राह्मण श्राद्ध आदि पञ्चमहायज्ञ न करने वाले (क्योंकि शूद्र के लिये इन कर्मों को करने की शास्त्राज्ञा नहीं है) शूद्र के पक्वान्न को न खावे, किन्तु खाने के लिए दूसरा अन्न नहीं रहने पर शूद्र से एक रात भोजन करने योग्य कच्चे अन्न को लेवे (पक्वान्न तो कदापि न लेवे) ॥२२३॥

चन्द्र-सूर्य ग्रहण में भोजन का निषेध—

[चन्द्रसूर्यग्रहे नाद्यादद्यात्स्नात्वा तु मुक्तयोः ।
अमुक्तयोरगतयोरद्याच्चैव परेऽहनि ।।१५।।]

[**हिन्दी**—चन्द्रमा या सूर्य के ग्रहण में भोजन न करे तथा उनके मुक्त (मोक्ष) हो जाने पर स्नान करने पर ही भोजन करे। बिना मोक्ष हुए यदि वे अस्त हो जावें तो दूसरे दिन भोजन करे ॥१५॥

विमर्श—वृद्धगर्ग का मत है कि सूर्यग्रहण आरम्भ होने से चार प्रहर (१२ घण्टे) तथा चन्द्रग्रहण आरम्भ होने से तीन प्रहर (९ घण्टे) पहले भोजन न करे; किन्तु बालक, वृद्ध और रोगी के लिये यह निषेध नहीं है। किसी-किसी आचार्य के मत से पुत्र वाले गृहस्थ (गृहाश्रमी) के लिये भी निषेध नहीं है। इस प्रकार विधवा, यति तथा वैष्णवादि विरक्त मात्र के लिए चन्द्र या सूर्य के उपराग— (ग्रहण)— काल में क्रमशः तीन और चार प्रहर पूर्व से भोजन करने का निषेध है। विशेष अन्य धर्म-शास्त्रों में देखना चाहिए।]

कृपण श्रोत्रिय तथा सूदखोर के अन्न की समानता—

श्रोत्रियस्य कदर्यस्य वदान्यस्य च वार्धुषेः ।
मीमांसित्वोभयं देवाः सममन्नमकल्पयन् ।।२२४।।

भाष्य—यो ब्राह्मणः सर्वगुणोपेतः। श्रोत्रियग्रहणस्य प्रदर्शनार्थत्वात्। **श्रोत्रियो** विद्वान्विहितधर्मानुष्ठानपरः। किन्तु **कदर्यः** कृपणो मित्रं ज्ञातिमतिथिमर्थिनं नाभिनन्दति न कस्मै किंचिदपि दातुमीहते। इतरो **वार्धुषि**र्दुष्टकर्मा वृद्धिजीवी। अथ **वदान्य** उदारः श्रद्दधानो गृहागतेषु परितुष्यति श्रद्धया भोजनादिना पूजयति।

तयोरन्नं **देवाः समं** तुल्य**मकल्पयन्**व्यवस्थापितवन्तः।

यदि नामैको गुणवान्साधुचरणस्तथापि कदर्यतयोपहतः। उक्तं हि "लोभः सर्वगुणानिव" इति। इतरो यदि नाम श्रद्दधानः तथापि कर्मदोषादप्रशस्तः। एवं **मीमांसित्वा** विचार्य देवैर्व्यवस्था कृता तुल्यमेतदिति ॥२२४॥

हिन्दी—कृपण श्रोत्रिय तथा बहुत दानी-सूदखोर के अन्न के गुण-दोष का विचारकर देवताओं ने दोनों का अन्न बराबर कहा है ॥२२४॥

तान् प्रजापतिराहैत्या मा कृद्वं विषमं समम् ।
श्रद्धापूतं वदान्यस्य हतमश्रद्धयेतरत् ।।२२५।।

भाष्य—देवान्**प्रजापति**रागत्याचष्ट **मा कृद्वमेवं विषमं** समीकरणमन्याय्यम्।

कः पुनरनयोरधिक इति देवा ऊचुः।

पुनः प्रजापतिराह। **वदान्यस्य** श्रद्धावतो **यदन्नं** तत्पूतं पवित्रं श्रद्धया वार्धुषेः। इतरद्यदन्नं श्रोत्रियस्य तत्कर्मणोपहतमप्रशस्तम्।

देवप्रजापतिसंवादोऽर्थवादः। अश्रद्दधानस्य गुणवतोऽपि न भोक्तव्यमादरेण शूद्रस्यापि भोक्तव्यम् ॥२२५॥

हिन्दी—उन (देवताओं) के पास ब्रह्माजी आकर बोले कि विषम (अन्न) को समान मत करो (कृपया श्रोत्रिय तथा बहुत दानी सुदखोर के अन्न को बराबर मत कहो); किन्तु दानशील सूदखोर का अन्न श्रद्धा से पवित्र है तथा अन्य (कृपण अर्थात् श्रद्धाहीन श्रोत्रिय का

अन्न) अश्रद्धा से दूषित है। (अत: श्रद्धा से ही अन्नादि का दान करना श्रेष्ठ है)॥२२५॥

श्रद्धा से किये गये इष्ट तथा पूर्त का अक्षयफल—

श्रद्धयेष्टं च पूर्तं च नित्यं कुर्यादतन्द्रितः ।
श्रद्धाकृते ह्यक्षये ते भवतः स्वागतैर्धनैः ।।२२६।।

भाष्य—इष्टमन्तर्वेदि यत्क्रियते यज्ञादि कर्म। **पूर्तं** ततोऽन्यत्र सम्मानाद्यदृष्टार्थम्। ते श्रद्धया कर्तव्ये।

तथा **स्वागतैश्चधनैः** शोभनेनागच्छन्ति यानि धनानि श्रुतशौर्यतपः कन्यादिना।

एव**मक्षये**ऽक्षयफले भवतः। यानि तु न स्वागतानि नाक्षयफलानि न पुनर्निष्फलानि। तथाहि तैरपि स्वाम्यमुत्पद्यते। तेन च यागादयः कर्तव्याः। न च यागदानादिप्रकरणे कुसीदादिप्रतिषेधः श्रुतो येन तदङ्गं स्यात्। तस्माद्यावन्तः स्वर्गोत्पत्तिहेतवः तैरर्जितेन धनेन यागादयः कर्तव्याः। फलस्य तु प्रकर्षापकर्षौ भवतः ॥२२६॥

के पुनस्ते प्रशस्तधनोपायाः।

अत उच्यते।

श्रुतशौर्यतपः कन्यायाज्यशिष्यान्वयागतम्।
धनं सप्तविधं शुद्धं उभयोऽप्यस्य तद्विधः ॥

तत्र 'श्रुततपसी' प्रतिग्रहनिमित्तम्। एकोऽपि प्रतिग्रहो निमित्तभेदाद्भेदेनोक्तः। प्रतिग्राह्यगुणा अपि सामर्थ्यात्तत्र द्रष्टव्याः। यदि नात्यन्तदुष्टो दाता भवति तदा तस्मादागतं शुद्धं भवति। याज्यशिष्यशब्दाभ्यां याजनाध्यापने गृह्येते। 'अन्वयागतं' पितृपैतामहादि। कन्यादानकाले श्वशुरगृहाल्लब्धम्। शौर्येण क्षत्रियस्य। कन्यान्वयौ सर्वसाधारणौ।

कुसीदकृषिवाणिज्यशिल्पसेवानुवृत्तितः ।
कृतोपकारादाप्तं च शबलं समुदाहृतम् ॥

'सेवां' प्रेष्यकरत्वं यथेच्छविनियोज्यता। 'अनुवृत्तिः' प्रियतानुकूला। तत्र कुसीद-कृषिवाणिज्यान्यवैश्यस्य, वैश्यस्य प्रशस्तान्येव। 'सेवा' द्विजातिशुश्रूषा शूद्रस्य प्रशस्तैव। अन्या तु तस्य निन्दिता। 'शवल'ग्रहणेनाचिरस्थायिता फलस्योच्यते। यावज्जीवं तत्फलं भवति ॥

पार्श्विकद्यूतचौर्यार्तिप्रातिरूपकसाहसैः ।
व्याजेनोपार्जितं यच्च तत्कृष्णं समुदाहृतम् ॥

'पार्श्विकः' पार्श्वस्थः उत्कोचादिना धनमर्जयति। ज्ञात्वा धनागमं कस्यचिदहं ते दापयामि मह्यं त्वया किंचिद्दातव्यमिति यो गृह्णाति स पार्श्विकः। न कर्ता कारयिता तटस्थो न त्वज्ञतया गृह्णाति। यथा च गृहीत्वाऽधमर्णाय प्रतिभूत्वेनावतिष्ठते। 'प्रति-

रूपको' दाम्भिकः । कुसुम्भाद्युपहितकुङ्कुमादिविक्रयो 'व्याजः' । 'आर्तिः' परपीडा । प्रच्छन्नहरणं 'चौर्य्यम्' प्रसभं 'साहसम्' ।

ननु चौर्यसाहसाभ्यां स्वाम्यमेव नास्ति तन्निमित्तेष्वपठितत्वात् । "स्वामी रिक्थक्रय-संविभागपरिग्रहाधिगमेष्विति"— तथा "विद्याशिल्पं भृतिमेवे" त्यादि— तथा "सप्त वित्तागमा धर्म्या" इति च । अथास्मादेव वचनात्स्वाम्यकारणत्वमनयोरिति । कथं तर्हि बलाद्भुक्तं न जीर्यतीति ।

केचित्तावदाहुः । नैवायं पाठोऽस्ति । "द्यूतचौर्यार्त्तीति" अपि तु 'वैर्यार्त्तीति' । वैरिणः सकाशाद्यद्गृह्यते सन्धानकाले यद्येतावद्ददासि तदा त्वया सन्धिं करोमि शक्ति-विहीनतया ददाति । साहसमपि न प्रसह्य हरणं किं तर्हि यत्प्राणसंदेहेनार्ज्यते पोतयात्रतया रहसि राजप्रतिषिद्धप्रतिक्रयेण च ।

अन्ये तु मन्यन्ते । नैव बलादपहरणेन स्वाम्यं भोगेन वा जरणं विरुध्यते यतो बलं प्रथममपहारकाले त्वसत्यपि बल उपेक्षया भोगस्तत्र स्वाम्यम् । यत्र त्वारम्भात्प्रभृति सर्वकालिको बलोपभोगस्तत्र जीर्यतीति कथ्यते । तस्मादुभयमविरुद्धम् ।

इदं युक्तं यच्चौर्यसाहसाभ्यां स्वत्वानुत्पत्तिः, पाठविभागकृतत्वात् अन्यैश्च स्मृति-कारैः स्वत्वहेतुष्वपरिगणनात् ॥२२६॥

हिन्दी—आलस्य छोड़कर श्रद्धा से इष्ट (मण्डप के भीतर यज्ञादि कार्य) तथा पूर्त (बावली, कूप, तालाब, प्याऊ आदि) को सदैव करना (बनवाना) चाहिए । न्यायोपार्जित धन से श्रद्धा के साथ किये गये वे दोनों (इष्ट तथा पूर्त) अक्षय (अक्षय मोक्षरूप फल देने वाले) होते हैं ॥२२६॥

श्रद्धा से दान करने का फल—

दानधर्मं निषेवेत नित्यमैष्टिकपौर्तिकम् ।
परितुष्टेन भावेन पात्रमासाद्य शक्तितः ।।२२७।।

भाष्य—दानधर्मश्च तडागादिः । समाहारद्वन्द्वः । अथवा दानं च तद्धर्मश्चासाविति । धर्मग्रहणेन प्रीत्यादिना नियमभावमाह । भावेन तुष्टेन प्रसन्नेन चित्तेन पात्रमासाद्य व्रतादि-दानं च । एवं **पौर्तिकं** बहिर्वेदिकम् ॥२२७॥

हिन्दी—सर्वदा सन्तुष्ट होकर इष्ट तथा पूर्त कर्म करे और याचित (किसी के द्वारा याचना किया गया) मनुष्य यथाशक्ति सत्पात्र को प्राप्तकर दानधर्म अवश्य करे ॥२२७॥

संचयशील सत्पात्र के लिये दान का निषेध—

[पात्रभूतो हि यो विप्रः प्रतिगृह्य प्रतिग्रहम् ।
असत्सु विनियुञ्जीत यस्मै देयं न किञ्चन ।।१६।।]

[**हिन्दी**—जो ब्राह्मण दान का पात्र होकर के भी स्वयं प्रतिग्रह (दान) को लेकर पुनः उसे कुपात्र को दे देता है, ऐसे ब्राह्मण को कुछ भी दान रूप में नहीं देना चाहिये ॥१६॥]

[सञ्चयं कुरुते यस्तु प्रतिगृह्य समन्ततः ।
धर्मार्थं नोपयुङ्क्ते च न तं तस्करमर्चयेत् ।।१७।।]

[**हिन्दी**—जो ब्राह्मण चारों ओर से (सब जगह से) दान लेकर केवल उसका संचयमात्र करता है किन्तु उसको किसी धर्मकार्य में नहीं लगाता है। उसे 'तस्कर' समझ कर दानादि द्वारा सत्कार नहीं करना चाहिए ॥१७॥]

यत्किञ्चिदपि दातव्यं याचितेनानसूयता ।
उत्पत्स्यते हि तत्पात्रं यत्तारयति सर्वतः ।।२२८।।

भाष्य—**यत्किञ्चित्**स्वल्पमपि **याचितेना**भ्यर्थितेन दातव्यम्। पात्रापात्रसंदेहे असति निश्चये किञ्चिद्दातव्यं नाति बहु। वचनाच्च संदेहे न दातव्यम्।

उत्पत्स्यते कदाचित्पात्रमसौ भविष्यति— किंभूतम्— यत्पात्रं **तारयति** रक्षति **सर्वतो** नरकपातहेतोः सर्वस्मादेनसः।

यदुक्तं "वेदतत्त्वार्थविदुषे ब्राह्मणायेति" तत्रायं संदेहाश्रय ईषद्द्रव्यविषयोऽपवादः ॥२२८॥

हिन्दी—याचना करने पर मनुष्य को असूयारहित होकर कुछ भी (यथाशक्ति) दान करना चाहिए; क्योंकि (इस प्रकार सर्वदा दान करने वाले) दाता के पास कभी वह पात्र आ जायेगा, जो सब (नरक के कारणों) से छुड़ा देगा ॥२२८॥

जल आदि के दान करने का पृथक्-पृथक् फल—

वारिदस्तृप्तिमाप्नोति सुखमक्षयमन्नदः ।
तिलप्रदः प्रजामिष्टां दीपदश्चक्षुरुत्तमम् ।।२२९।।

भाष्य—**तृप्तिः** क्षुत्पिपासाभ्यामपीडनम्। तच्चाढ्यस्यारोगस्य च भवति। तेन बहुधनत्वमरोगता च फलमुक्तं भवति।

अक्षयं सुखम्। अविशेषितत्वादन्नोपकरणं सुखं प्रतीयते। अक्षयं यावज्जीविकमित्यर्थः। **अन्नदः** सक्त्वोदनादि सिद्धमन्नमामं च तण्डुलादि।

दीपस्य दानं चतुष्पथे ब्राह्मणसभायां वा ॥२२९॥

हिन्दी—जलदान करने वाला तृप्ति को, अन्नदान करने वाला अक्षय्य (क्षीण नहीं हो सकने योग्य) सुख को, तिलदान करने वाला अभिलषित सन्तान को और दीपदान

करने वाला उत्तम (रोगादिरहित) नेत्र को पाता है ॥२२९॥

भूमिदो भूमिमाप्नोति दीर्घमायुर्हिरण्यदः ।
गृहदोऽग्र्याणि वेश्मानि रूप्यदो रूपमुत्तमम् ।।२३०।।

भाष्य—भूमेराधिपत्यं प्राप्नोति ।

हिरण्यं सुवर्णम् ।

रूप्यद उत्तमं रूपं लभते ॥२३०॥

हिन्दी—भूमिदान करने वाला भूमि (भूस्वामित्व) को, सुवर्ण (सोना) दान करने वाला पूर्यायु को, गृहदान करने वाला उत्तम गृहों को और चाँदी दान करने वाला उत्तम रूप को (पाता है) ॥२३०॥

वासोदश्चन्द्रसालोक्यमश्विसालोक्यमश्वदः ।
अनडुहः श्रियं पुष्टां गोदो व्रध्नस्य विष्टपम् ।।२३१।।

भाष्य—चन्द्र इव लोक्यते सर्वस्य प्रियदर्शनो भवति । इतिहासदर्शने चन्द्रलोको नाम स्वर्गस्थानविशेषस्तमाप्नोति ।

अश्विनामश्ववतां **सालोक्यं** बह्वश्वतां प्राप्नोति । दर्शने पुनरश्विनोर्लोकमाप्नोति ।

अनड्वान्पुङ्गवः शकटवहनसमर्थस्तं ददतः **पुष्टा** महती **श्री**र्गोजाविधनधान्यादिसम्पद्भवति ।

ब्रध्न आदित्यस्तस्य **विष्टपं** स्थानमाप्नोति । महातेजाः सर्वस्योपरि भवति । स्वर्गो वा ब्रध्नविष्टपम् ।

स्मृत्यन्तरेऽनसो विशेषाश्रयः फलविशेषः श्रूयते ॥

"हेमशृङ्गी रूप्यखुरा सुशीला वस्त्रसंवृता ।
सकांस्यपात्रा दातव्या क्षीरिणी गौः सदक्षिणा ॥"

सुदक्षिणेति पाठेऽन्यदपि सुवर्णादि तत्र दातव्यम् । शोभनार्थे वा सुशब्दः पठितव्यः सा गौः शोभना दक्षिणादानम् । कांस्योपदोहेति पाठान्तरम् । कांस्यं नाम परिमाणविशेषः । तत्रोपदुह्यते बहुक्षीरेत्यर्थः । "मुक्तालाङ्गलभूषितां भूमिं तु **रूपसंच्छन्नां** कृत्वा" इत्यादिस्मृत्यन्तरदृष्टो विधिः फलविशेषार्थिनाऽऽश्रयणीयः । तथा—

"कपिला चेत्तारयति भूय आ सप्तमात्कुलात् ।
सवत्सा रोमतुल्यानि युगान्युभयतोमुखी ॥"

वत्सवत्याः कपिलाया दान एतत्फलम् । उभयतोमुखी दीयमाना रोमतुल्यानि वर्षसहस्राणि स्वर्गं प्रापयति तारयती पापान्मोचयति ।

भारते सर्वफलं गोदानमुक्तम्। (अनु० १०६-१०९। २३५ (३१-५०); आश्व १०२'१)। वार्यादीन्यपि स्वर्गफलानि श्रूयन्ते।

"भूमिपश्वन्नवस्त्राम्भस्तिलसर्पिष्प्रतिश्रयान्।
नैवेशिकमथ स्वर्णं दत्वा स्वर्गे महीयते॥"

'नैवेशिकं' वेश्म ॥२३१॥

हिन्दी—वस्त्रदान करने वाला चन्द्रमा के सालोक्य (चन्द्रलोक में निवास) को, घोड़े का दान करने वाला बहुत (दृढ़-स्थिर) धन को, गाय का दान करने वाला सूर्यलोक को (पाता है) ॥२३१॥

यानशय्याप्रदो भार्यामैश्वर्यमभयप्रदः।
धान्यदः शाश्वतं सौख्यं ब्रह्मदो ब्रह्मसार्ष्टिताम्॥२३२॥

भाष्य—**ऐश्वर्य्य**मीश्वरत्वं प्रभुत्वम्।

सुखित्वं **सौख्यम्**।

धान्यानि व्रीहिमाषमुद्गादीनि। तिलानां फलान्तरमुक्तम्।

ब्रह्म वेदः तद्ददाति योऽध्यापयति व्याख्याति च।

ब्रह्मसार्ष्टिता। अर्षणमृष्टिः। समा ऋष्टिर्यस्य असौ सार्ष्टिः। छान्दसत्वात्समानस्य सभावः। ऋषि गतौ। अर्षणं वा सार्ष्टिः। तद्भावः। सार्ष्टिता। उभयथाऽपि ब्राह्मणः समानगतित्वमेतत्तुल्यत्वमित्युक्तं भवति॥२३२॥

हिन्दी—रथ आदि सवारी तथा शय्या का दान करने वाला स्त्री को, अभयदान करने वाला (या किसी की हिंसा नहीं करने वाला) ऐश्वर्य को, धान्य (जौ, धान, चावल, गेहूँ, चना आदि) का दान करने वाला चिरस्थायी सुख को और वेद दान (वेद का अध्यापन या व्याख्यान) करने वाला ब्रह्मा की समानता को (पाता है) ॥२३२॥

सर्वेषामेव दानानां ब्रह्मदानं विशिष्यते।
वार्यन्नगोमहीवासस्तिलकाञ्चनसर्पिषाम्॥२३३॥

भाष्य—पूर्वस्य विधेरर्थवादः।

दीयन्त इति दानानि देयद्रव्याणि। दानक्रियैव वा दानम्। **ब्रह्मदानं** वेदाध्ययन-व्याख्याने।

वार्यादीनां सर्वदानोत्तमत्वाद्ग्रहणम्॥२३३॥

